सूर्योदय : 6:43
सूर्यास्त : 5:57
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-249 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 18 फरवरी 2024
07 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू, जेपी नड्डा ने किया प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन

# हर सीट पर कमल हमारा उम्मीदवार : मोदी

## 370 सीट जीतकर श्यामा प्रसाद जी को श्रद्धांजलि देंगे भाजपा कार्यकर्ता: प्रधानमंत्री

**मिशन 2024**

- भाजपा अधिवेशन में मोदी है तो मुमकिन है के नारे
- राजस्थान-छत्तीसगढ़ जीता, बंगाल भी जीतेंगे
- विपक्ष करेगा तू-तू, मैं-मैं की राजनीति



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक शनिवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में शुरू हुई। इसका उद्देश्य आगामी 2024 लोकसभा चुनावों के लिए एक मजबूत राजनीतिक अभियान की रूपरेखा तैयार करना है। बैठक में देश भर से आए लगभग 11,500 भाजपा प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत मंडपम में प्रदर्शनी का भी दौरा किया। पीएम ने राष्ट्रीय पधाधिकारी बैठक में कहा कि बीजेपी की ओर से पीएम उम्मीदवार कमल का फूल होगा। 370 सीट जीत कर श्यामा प्रसाद जी को भाजपा कार्यकर्ता श्रद्धांजलि देंगे। मोदी ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हर बूथ से 370 अतिरिक्त वोट हासिल करने का प्रयास होना चाहिए। लोकसभा चुनाव में पार्टी का उम्मीदवार भाजपा का चुनाव चिह्न 'कमल' है, उन्होंने सदस्यों से इसकी जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। भाजपा की 370 लोकसभा सीटों पर जीत श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाने के लिए लड़ाई लड़ी। अब कुल वोटर का 50 फीसद पाने की तैयारी है। विपक्षी दलों को लगातार भ्रष्टाचार और परिवारवाद पर घेरने वाले पीएम मोदी की रणनीति में यह भी है कि आमजन तक सुशासन का संदेश पहुंचाया जाए।

> “ पीएम ने कहा कि बीजेपी को 370 और एनडीए को 400 (सीटें) मिलेंगी, जहां 370 सिर्फ एक संख्या नहीं बल्कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को हमारी ओर से श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि हमारा अभियान विकास और गरीबों के कल्याण और देश को दुनिया में गौरवान्वित करने पर केंद्रित होगा, हमें इन बातों को लोगों तक ले जाना है। प्रधानमंत्री ने बैठक में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवारों को लेकर कहा कि उम्मीदवार भाजपा का चुनाव चिह्न 'कमल' का फूल होगा।

# इसरो ने श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया मौसम उपग्रह

**19.13** मिनट में पृथ्वी से 37000 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचा



**बेंगलुरु।** इसरो ने शनिवार की शाम 5.35 बजे एक मौसम उपग्रह इनसैट-3डीएस को लॉन्च किया। इसे जीएसएलवी एफ14 रॉकेट की मदद से लॉन्च किया गया है। इसरो ने बताया कि अभी तक सभी चीजें तय योजना के तहत सही तरीके से हो रही हैं। इस उपग्रह के काम करने के बाद मौसम संबंधी सटीक जानकारी मिल सकेगी। साथ ही प्राकृतिक आपदाओं की भी समय पूर्व सूचना मिलेगी, जिससे बचाव और राहत कार्यों में मदद मिलेगी।

मौसम उपग्रह के प्रक्षेपण पर अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख सोमनाथ ने कहा कि यह यान निसार के अगले मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। हम अगले मिशन के लिए आत्मविश्वास हासिल करने के लिए रॉकेट तैयार कर रहे हैं। इसलिए, यह मिशन इतना महत्वपूर्ण है कि भारत में नासा से निसार की पूरी टीम में भरोसा पैदा होगा। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही कीमती उपग्रह है और उनके द्वारा बनाए गए सबसे महंगे उपग्रहों में से भी एक है। जीएसएलवी एफ 14 इनसैट -3 डीएस मिशन डायरेक्टर ने क्या कहा मिशन निदेशक (डायरेक्टर) टॉमी जोसेफ ने कहा, एक शरारती लड़का अब परिक्व, आज्ञाकारी और अनुशासित लड़का बन गया है। पीएमएलवी की तरह जीएसएलवी भी इसरो के लिए एक मजबूत यान बन गया है। मैं इस अवसर पर इसरो के सभी सदस्यों को बधाई देता हूं और उन्हें सलाम करता हूं।

**सफलता**

- 10 साल मौसम की जानकारी देगा

# ज्ञानपीठ पुरस्कार 2023 का हुआ ऐलान

**तोहफा**

- गुलज़ार और जगद्गुरु रामभद्राचार्य को किया जाएगा सम्मानित



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध उर्दू गीतकार और कवि गुलज़ार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 2023 ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

दोनों शख्सियतें अपने-अपने क्षेत्र में मशहूर हैं। गुलज़ार को वर्तमान समय के बेहतरीन उर्दू कवियों में से एक माना जाता है, जिन्हें हिंदी सिनेमा में उनके काम के लिए सराहना मिली है। इससे पहले उन्हें 2002 में उर्दू के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार और 2004 में पद्म भूषण सहित अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, उन्हें हिंदी सिनेमा में विभिन्न कार्यों के लिए पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले हैं। चित्रकूट में स्थित, तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख, रामभद्राचार्य एक प्रमुख हिंदू आध्यात्मिक गुरु, शिक्षक और 100 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं। जन्म से अंधे होने के बावजूद जगद्गुरु रामभद्राचार्य संस्कृत भाषा और वेद-पुराणों के प्रकांड विद्वान हैं। वर्ष 2023 के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार दो भाषाओं के प्रसिद्ध लेखकों, संस्कृत साहित्य के जगद्गुरु रामभद्राचार्य और प्रसिद्ध उर्दू साहित्यकार श्री गुलज़ार को देने का निर्णय लिया गया है।

### चार साल बाद मध्य प्रदेश में फिर महा पलटी की पटकथा तैयार

# भाजपा में शामिल हो सकते हैं कमलनाथ

**राजनीति**

- सिंधिया के बाद कमल के हो सकते हैं नाथ
- कमल ने गांधी परिवार की तीन पढ़ियों के साथ समन्वय बिठाकर किया काम



**इंदौर।** मध्य प्रदेश की सियासत में करीब चार साल बाद एक बार फिर महा पलटी की पटकथा लगभग तैयार दिख रही है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अपने बेटे के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। अगर, ऐसा हुआ तो लोकसभा चुनाव से यह कांग्रेस के लिए बहुत बड़ा झटका होगा।

ऐसा ही एक झटका 11 मार्च 2020 को ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस को दिया था, जब वे 22 विधायकों के साथ कांग्रेस को अलविदा कहकर भाजपा में शामिल हो गए। इससे कांग्रेस की सरकार गिर गई थी और भाजपा एक बार फिर सत्ता में आ गई थी। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इससे साफ है कि अगर कमलनाथ भाजपा में शामिल होते हैं तो लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के लिए यह बहुत बड़ा झटका होगा। दरअसल, कमलनाथ छिंदवाड़ा का दौरा निरस्त कर अचानक दिल्ली पहुंच गए हैं। उनके साथ सांसद बेटे नकुलनाथ भी हैं। इससे उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज हो गईं। हालांकि, इसे लेकर चर्चा कई दिन से चल रही थी। दिल्ली में भाजपा में जाने के सवाल पर कमलनाथ ने मीडिया से कहा कि जब कोई बात होगी, तब बताऊंगा। जो चल रहा है उससे एक्साइटेड नहीं हूं।

**सोनिया का साथ कभी नहीं छोड़ेंगे कमलनाथ**



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों को खारिज कर दिया है। उन्होंने दावा किया कमलनाथ जी से मेरी बात हुई है। वह कहीं नहीं जा रहे हैं। भाजपा में जाने की बातें मनगढ़ंत है और मीडिया की बनाई हुई है। कमलनाथ कभी भी सोनिया गांधी का साथ छोड़कर नहीं जा सकते। जो डर रहे हैं या बिक रहे हैं, वह भाजपा में जा रहे हैं।

# अरविंद केजरीवाल ने जीता विश्वास मत

**चुनौती**

- 2029 तक देश को बीजेपी से मुक्त कर देगी आप
- देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है आप



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा में विश्वास मत जीता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए वोट मांगने की चुनौती दी। केजरीवाल ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी, आम आदमी पार्टी, भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती है और यही कारण है कि उस पर हर तरफ से हमले हो रहे हैं। उन्होंने विधानसभा में कहा कि अगर बीजेपी अपने भविष्य को लेकर डरी हुई है तो सिर्फ आम आदमी पार्टी की वजह से। इसलिए वे आम आदमी पार्टी को तोड़ना चाहते हैं। इसके साथ ही केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि अगर बीजेपी 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं हारी तो आम आदमी पार्टी निश्चित तौर पर 2029 तक देश को बीजेपी से मुक्त कर देगी। उन्होंने कहा कि आप का गठन महज 12 साल पहले हुआ था। देश में लगभग 1,350 पार्टियाँ हैं।

# आंदोलन में देनी पड़ेगी कुर्बानी, हम छाती पर गोली खाने से नहीं हटेंगे पीछे : टिकैत

**मांग**

- 21 को यूपी, हरियाणा, उत्तराखंड और दिल्ली के जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन का एलान



**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर किसान आंदोलन के समर्थन में आहूत भाकियू की पंचायत में 21 फरवरी को यूपी, हरियाणा, उत्तराखंड और दिल्ली के जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन का एलान किया गया। इसके अलावा 26 और 27 फरवरी को किसान हरिद्वार से गाजीपुर तक अपने-अपने क्षेत्र में हाईवे पर दिल्ली की ओर ट्रैक्टर खड़े कर विरोध जताएंगे।

हाईवे वनवे कराकर वाहनों का आवागमन भी जारी रहेगा। किसान भवन पर भाकियू की मासिक पंचायत में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड और दिल्ली के पदाधिकारी शामिल हुए। भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि हाईवे पर ट्रैक्टर खड़े करने का प्रस्ताव पंचायत के बाद संयुक्त किसान मोर्चा को भेजा जाएगा। मोर्चा की सहमति से अंतिम फैसला होगा। सरकार के पास अभी भी समय है। हम सरकार से टकराव नहीं चाहते। किसानों से एकजुटता का आह्वान करते हुए कहा कि हम पंजाब और हरियाणा के साथ हैं, लेकिन उन्होंने थोड़ी जल्दी कर दी है। दिल्ली को एक साथ घेरना था। भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि पूंजीपतियों के गैंग ने भाजपा पर कब्जा कर लिया है। संयुक्त को तोड़ने का काम सरकार ने किया। पंजाब में तीन मोर्चे बना दिए गए। लेकिन सब किसान एक हैं। किसान विरोधी टीवी चैनल और डिबेट देखना बंद कर दो। भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि किसानों की जहां मर्जी है, वहीं वोट दें। हम किसी को नहीं रोकेंगे। राजनीति से हमारा कोई मतलब नहीं है। भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी या भारत रत्न लाल कृष्ण आडवाणी होते तो किसानों की बात मान लेतें। वो गांव से चुनकर दिल्ली गए थे।

# मुख्यमंत्री ने जीबीसी-4 की तैयारियों का लिया जायजा

## अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश, स्टील शिपिंग कंटेनर्स बेस्ड जर्मन हैंगर में होगा आयोजन

**जायजा**

- 19-21 फरवरी के बीच ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का है आयोजन
- 34 लाख रोजगार के अवसरों का होगा सृजन



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 (जीबीसी-4) को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों संग जीबीसी-4 को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीएम योगी ने खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य वीआईपी मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली साथ ही उन्होंने मुख्य हाल और वहां बने मंच का निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 10 से 12 फरवरी के मध्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ था। उसके करीब एक वर्ष बाद 19-21 फरवरी के बीच ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पीएम मोदी समेत तमाम वीआईपी शामिल होंगे साथ ही कार्यक्रम में दुनिया भर के 3000 से अधिक प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिसमें जाने माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल, इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत और उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नए इनोवेशन के जरिए एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की ओर तेजी से कदम बढ़ाते उत्तर प्रदेश की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को दर्शाया जा रहा है। इसके तहत स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर बनाए जा रहे हैं। 70 मीटर लंबा तथा 20 मीटर ऊंचा बन रहे इस इवेंट को 56 कंटेनरों को एक के ऊपर एक रखकर बने स्ट्रक्चर के टेंट में परिवर्तित करते हुए मेन पैवेलियन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत डिफेंस के तमाम इक्विप्मेंट्स के 3डी रेप्लिका मॉडल्स को दर्शाया जाएगा। पिछले वर्ष फरवरी माह में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 भव्य आयोजन हुआ था। इस आयोजन के मात्र एक वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश को धरातल पर उतारने जा रही है। इससे 34 लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध होने के साथ ही 14,000 से अधिक परियोजनाएं मूर्त रुप लेंगी।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी



**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 28 फरवरी तक बढ़ा दी है। अदालत ने कहा कि वो इस मुद्दे पर पहले फैसला करेगी कि क्या क्यूरेटिव याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित रहते निचली अदालत जमानत याचिका पर सुनवाई कर सकती है। अदालत इस पर 21 फरवरी को फैसला सुना सकती है। इस दौरान सिसोदिया भी अदालत में पेश हुए। सुनवाई के दौरान ईडी ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट में जब तक क्यूरेटिव पिटीशन लंबित है, तब तक इस अदालत को नियमित जमानत पर सुनवाई नहीं करनी चाहिए।

**दर्शन** लाइजिनिंग अफसरों ने उद्योगपतियों से संवाद किया

# अयोध्या जाएंगे अंबानी, अडानी और कुमार मंगलम बिरला सहित कई उद्योगपति

**आस्था**

- 21 को निवेशकों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अयोध्या ले जाया जाएगा



**मुंबई।** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल होने लखनऊ आने वाले देश के उद्योगपति अयोध्या में रामलला के दर्शन भी करेंगे। 21 फरवरी को निवेशकों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अयोध्या ले जाया जाएगा।

इस दौरान सभी रामलला के दरबार में माथा टेकेंगे। कई उद्योगपति अयोध्या में निवेश भी कर रहे हैं, जो संभावित जमीन का निरीक्षण भी कर सकते हैं। जिला प्रशासन की टीम उद्योगपतियों को लखनऊ से अयोध्या आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है। लाइजिनिंग अफसरों ने उद्योगपतियों से संवाद किया है। निवेशकों ने अयोध्या जाने की इच्छा जताई है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने पहुंचे अतिथियों को जिस तरीके से अयोध्या ले जाया गया था, उसी तरह से निवेशकों के लिए भी व्यवस्था की गई है। पीएसओ, ड्राइवर, सरकारी वाहन और एक-एक लाइजिनिंग अफसर निवेशकों के साथ रहेंगे, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। अयोध्या रोड पर ट्रैफिक बेहतर रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेकरन, रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी, अडानी ग्रुप के चेयरमैन व एमडी गौतम अडानी, आदित्य बिरला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिरला, आईटीसी के चेयरमैन व एमडी सुजीव पूरी, भारती इंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल, महिंद्रा एंड महिंद्रा के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन आनंद जी महिंद्रा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल होंगे।

### वायनाड निकले राहुल गांधी

**वायनाड।** हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत की खबर के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी न्याय यात्रा से ब्रेक लेकर अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड रवाना हो गए हैं। कांग्रेस की ओर से बताया गया है कि राहुल गांधी रविवार की दोपहर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिर शुरू करेंगे। गांधी का वायनाड दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब एक दिन पहले शुक्रवार सुबह एक जंगली हाथी के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए एक व्यक्ति की कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई थी।वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित वन विभाग का एक इको-टूरिज्म गाइड था और यहां कुरुवा द्वीप पर तैनात था, जो एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, वायनाड में राहुल गांधी की मौजूदगी की तत्काल जरूरत है। वे आज शाम 5 बजे वाराणसी से रवाना हुए। भारत जोड़ो न्याय यात्रा कल 18 फरवरी को प्रयागराज में दोपहर 3 बजे फिर से शुरू होगी।

# जवानों को मिलेगा ट्रॉली वाला मॉडर्न सूटकेस

**राहत**

- केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में लोहे के संदूक को बाय-बाय



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीएपीएफ के तहत आने वाले असम राइफल, बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एनएसजी और एसएसबी के जवानों को अब लोहे के संदूक से निजात मिलेगी। इन जवानों को अब पांच साल की वारंटी वाला मॉडर्न सूटकेस विद् ट्रॉली, मुहैया कराया जाएगा।

खास बात है कि जवानों को लोहे के ट्रंक के बदले जो स्मार्ट सूटकेस मिलेगा, उसे कई तरह के परीक्षणों से गुजरना होगा। हालांकि अर्धसैनिक बलों के लिए इस सूटकेस को खरीदने का प्रपोजल लंबे समय से चल रहा था। इस दिशा में कई तरह के टेस्ट, जैसे सरफेस हार्डनेस टेस्ट, हैंडल जर्क टेस्ट और स्टेंडिंग पुल हैंडल जर्क टेस्ट आदि हो चुके हैं। अब बहुत जल्द सीएपीएफ जवान, स्मार्ट सूटकेस संग नजर आएंगे। इस ट्रॉली सूटकेस पर पांच साल की वारंटी मिलेगी। सभी बल, अपनी आवश्यकता के अनुसार इसकी खरीद कर सकते हैं। हालांकि खरीदने से पहले सूटकेस को कई तरह के मुश्किल परीक्षणों से गुजरना पड़ेगा। देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल, सीआरपीएफ सहित सभी दूसरे बलों के जवानों यह स्मार्ट सूटकेस मुहैया कराया जाएगा।

# सख्त पहरे में हुई यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा परीक्षा केंद्रों पर जैमर के साथ कड़े इंतजाम



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 35 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को दो सत्रों में सख्त पहरे में यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा संपन्न हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर के साथ कड़े इंतजाम रहे। परीक्षा के प्रथम दिन प्रथम सत्र में 14856 एवं द्वितीय सत्र में 14825 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी, एडीएम समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणसील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों (डॉन बॉस्को स्कूल, अब्दुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, गोमती इंटर कॉलेज) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। वही एडीएम संजय कुमार सिंह ने दोनों पलियो की परीक्षा में भ्रमणसील रहकर परीक्षा केंद्रों डॉन बॉस्को स्कूल, आर्यकन्या इंटर कालेज, पीके कॉलेज, वाईडी कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया। बताते चले कि जनपद के 35 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 16848 के सापेक्ष पहली पाली में 14856 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1992 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 14825 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 2023 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। 18 फरवरी को भी उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 35 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को दो सत्रों में परीक्षा आयोजित होगी।

## हजारों परीक्षार्थी सड़कों पर निकले तो लग गया भीषण जाम, घण्टों जाम में फंसे रहे लोग

**लखीमपुर खीरी।** परीक्षा छूटते ही पुलिस की तैयारियां ध्वस्त हो गई। जब हजारों परीक्षार्थी सड़कों पर निकले तो भीषण जाम लग गया। लोग घण्टों जाम में फंसे रहे। फिर पुलिस के ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने में पसीने छूट गए। पुलिस परीक्षा की पहली पारी में करीब 6 हजार परीक्षार्थियों को पहुंचना था। वह धीरे धीरे दिए गए समय पर अपने सेंटर तक पहुंच गए। सुबह कही जाम भी नहीं लगा। परीक्षा में पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स लगाया गया था। ट्रैफिक पुलिस ने भी अपना मोर्चा संभाल रखा था। पुलिस ने पहले से तैयारियां कर रखी थी। जिससे जाम न लगे। लेकिन जब दोपहर में पेपर छूटा और परीक्षार्थी बाहर निकले तो हालात बेकाबू हो गए। देखते ही देखते सड़कों पर जाम लग गया। सबसे ज्यादा असर लखीमपुर रेलवे स्टेशन के सामने, ओवरब्रिज के नीचे, संकटा देवी रोड, मेन रोड पर दिखा। लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया। जो जाम में फंसा उसे घण्टों जूझना पड़ा। लोग जाम से बचने के लिए मोहल्लों की गलियों में घुस गए। जिससे वहां भी दिक्कतें आई। पुलिस भी तुरंत हरकत में आई। लेकिन व्यवस्था बनाने में उसको काफी समय लग गया। करीब डेढ़ घण्टे बाद शहर जाम के झाम से आजाद हो सका। परीक्षार्थियों को भी शहर के बाहर निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यही हाल शाम को भी रहा। परीक्षा शुरू होने से पहले कहीं कोई दिक्कत नहीं थी। सभी परीक्षार्थी आसानी से अपने सेंटर पर पहुंच गए। लेकिन शाम को जब फिर पेपर छुटा तो जाम के हालात पैदा हो गए। शहर के ज्यादातर चौराहे जाम हो गए। सबसे ज्यादा समस्या श्री कृष्णा रेलवे क्रॉसिंग पर रही। यहां लोगों को लंबे समय के लिए जाम में फंसकर खड़ा रहना पड़ा। यहां जाम को पहले से लगी थी। इसी दौरान ट्रेन आ गई और कुछ समय के लिए क्रॉसिंग बंद हो गई। क्रॉसिंग के दोनों तरफ लंबी-लंबी लाइन लग गई। लोग जाम से बचने के लिए इधर- उधर भागने लगे। इस समस्या और विकराल हो गई। यहां पुलिस को जाम छुड़वाने में घण्टों मशक्कत करनी पड़ी। तब कहीं जाकर हालात काबू में आए और ट्रैफिक व्यवस्था ठीक से बहाल हो सकी।

## शारदा नगर पुल से ही शुरु किया गया तार बांधने का काम

**सहारनपुर।** पुलों पर चाइनीज़ मांझे से होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए आज से शहर के पुलों पर तार बांधने का काम नगर निगम द्वारा शुरु कर दिया गया है। तार बांधने का काम शहर के पांचों पुलों पर किया जायेगा। नगरायुक्त संजय चौहान ने पतंगबाजी के दौरान चाइनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए गत दिवस शहर के सभी पुलों पर साइड में लोहे की इनलेरन या रॉड लगाकर उस पर तार बांधने के निर्देश दिए थे ताकि मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। नगरायुक्त का कहना था कि चायनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाएं अधिकांशतः पुलों पर ही होती है, चूंकि पुलों की ऊंचाई भवनों की छतों के लगभग बराबर होती है, इसलिए पुलों पर ज्यादा हादसे होने की संभावना रहती है। नगरायुक्त के आदेशों के अनुपालन में आज से शहर के पुलों पर तार बांधने का काम शारदा नगर पुल से ही शुरु किया गया है। वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में उड़ायी जा रही पतंगों के कारण शारदानगर पुल पर ही कई हादसे हुए हैं।

## एक अदद अवैध तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना मितौली पुलिस द्वारा अभियुक्त गोरे बाबू उर्फ शाहिद पुत्र मेंहदी हसन निवासी ताजपुर मजरा दरी नगरा थाना मितौली खीरी को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। जिस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 53/2024 धारा 3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## किसानों को अच्छी उपज प्राप्त करने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**लखीमपुर खीरी।** मैगलगंज रीजन के प्रगतिशील किसान सरदार बलजीत सिंह के बरैया फार्म पर 420 प्रदर्शन प्लाट पर जोन मैगलगंज, औरंगाबाद, फत्तेपुर व मितौली के किसानों को अच्छी उपज प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। किसानों ने 6 हेक्टेयर के प्लाट को घूम घूम कर देखा। उत्साह से लबरेज किसानों ने बहुत गंभीरता से इस प्रजाति को बारीकी से जाना और बुवाई करने का संकल्प लिया। पूरे दिन में लगभग 400 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।

## बहुत जल्दी शहर में बदलाव होगाः नगरायुक्त

### शहर की समस्याओं पर नगरायुक्त ने की व्यापारियों से वार्ता



**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने शहर के लोगों को भरोसा दिलाया है कि बहुत जल्दी शहर में बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि वे अपना एक-एक मिनट शहर की तरक्की के लिए लगायेंगे। उन्होंने शहर के लोगों से सकारात्मक सोच के साथ सहयोग की अपील की। नगरायुक्त आज नगर निगम में सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष विवेक मनोचा के नेतृत्व में आये व्यापारियों से वार्ता कर रहे थे। व्यापारियों द्वारा विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान दिलाये जाने पर नगरायुक्त संजय चौहान ने कहा कि उन्होंने सहारनपुर का भ्रमण किया है और अभी तक जो सामने आया है उसके आधार पर कहा जा सकता है कि कुछ चीजें अभी बहुत पीछे है, और यहां बहुत कुछ किये जाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी की जो परियोजनाएं चल रही है, उन्हें अब बदला नहीं जा सकता, चूंकि जून 2024 तक उन्हें समाप्त करने का लक्ष्य है। हमारा प्रयास है कि तयशुदा समय के साथ इन परियोजनाओं का कार्य पूरा कर समाप्त कराया जाए। नगरायुक्त ने कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत एक हजार करोड़ रुपया इस शहर में लगाया जा रहा है, निश्चय ही उसके सकारात्मक परिणाम सामने आयेंगे और जल्दी ही शहर आपको बदला हुआ नजर आयेगा। नगरायुक्त ने कहा कि विकास की प्रक्रिया में अतिक्रमण हटाना और खुदाई, ये दो स्थितियां थोड़ा कष्टदायी होती है, लेकिन वक्त के साथ यदि हम शहर में नया विकास नहीं करेंगे तो पीछे छूट जायेंगे। उन्होंने कहा, शहर विकास की ओर जाए यह उनका दायित्व है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि स्मार्ट रोड बनने के बाद उस मार्ग की सम्पत्ति के दामों में कई गुणा इजाफा हो जाता है अतः विकास की प्रक्रिया से गुजरते हुए थोड़ा परेशानी स्वाभाविक है। उनका प्रयास होगा कि शहर के लोगों को अधिक परेशानी न उठानी पड़े और तकलीफको कम किया जाए। इससे पूर्व व्यापारियों ने नगरायुक्त को बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अमित गगनेजा ने बाजोरिया रोड की ऊपरी परत कम से कम आधा फुट उतरवाकर सड़क निर्माण कराने पर जोर दिया।

## सूखे व गीले कचरे के निष्पादन को चलाया अभियान



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन चक्र एवं सूखे तथा गीले कचरे के निष्पादन को चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत विकास खंड देवबंद की ग्राम पंचायतो व राजस्व ग्राम पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाया गया।

जनपद के विकासखंड देवबंद मे खंड विकास अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजना अंतर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, संस्था विंग वेलफेयर एंड इलस्ट्रेशन ऑफ ग्रामीण नीडी सोसाइटी लखनऊ,उत्तर प्रदेश द्वारा ओडीएफकी स्थिति बनाए रखने एवं ओडीएफप्लस ग्राम घोषित करने, स्थाई पर्यावरणीय स्वच्छता, सैनिटाइजेशन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन चक्र एवं सुख तथा गीले कचरे को अलग-अलग कूड़ेदान में निपटान से संबंधित सामुदायिक व्यवहार परिवर्तन हेतु प्रचार प्रसार, नुक्कड़ स्वच्छता मेले, आईईसी मटेरियल वितरण तथा स्वच्छता समिति की बैठक गतिविधियों का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत व राजस्व ग्राम पंचायत पर किया जाएगा। इस दौरान जिला कार्यक्रम समन्वयक अहमद सलीम खान, सह जिला कार्यक्रम समन्वयक आजाद खान, अनुराग ओझा, अरशद खान, अभिमन्यु कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## बालिका बाल गृह में लगी आग पर काबू पाया

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की मुस्तैदी की चलते आज बालिका बाल गृह पर लगी आग पर काबू पाया गया। इस दौरान 26 बालिकाओ को सकुशल बाहर निकाला गया। जिसमें कोई जनहानि नही हुयी। बालिका बाल गृह में लगी अचानक आग की सूचना श्रीमती पूजा सैनी, अधीक्षिका बाल ग्रह (बालिका) पुष्पांजली बिहार जनता रोड ने दूरभाष पर थाना जनकपुरी के प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गौतम दी। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गौतम ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया तथा फायर ब्रिगेड को फोन पर अवगत कराया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने तत्काल घटना का संज्ञान लेकर आग पर काबू पाये जाने हेतु आदेश-निर्देश किये। आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गौतम मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे तथा फायर ब्रिगेड की सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## डीएम एवं एसएसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का लिया जायजा

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** जनपद में यूपी पुलिस अभ्यर्थियों की परीक्षा शुरू हो चुकी है। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। डीएम डॉ.दिनेश चन्द्र एवं एसएसपी डॉ.विपिन ताडा भी सुबह से ही लगातार विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं और आवश्यक दिशा निर्देश देते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर एवं एग्जाम रूम में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। जिससे कि नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराई जा सकें।

जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों का आने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया। सभी अभ्यर्थी समय से पहले ही अपने अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में एंट्री मिली। प्रशासन एवं पुलिस की व्यवस्थाओं के बीच प्रथम पाली की परीक्षा अपने निश्चित समय पर शांतिपूर्ण तरीके से शुरू होने के साथ ही सम्पन्न हुई।

डीएम एवं एसएसपी गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कॉलेज, एसडी इण्टर कॉलेज एवं केआर हाई स्कूल पर परीक्षा के दौरान जायजा लेने पंहुचे। उन्होने परीक्षार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सफल होने की शुभकामनाएं दी। डॉ.दिनेश चन्द्र ने बताया कि जनपद में पुलिस भर्ती के लिए बनाए गये 47 केन्द्रों पर प्रथम पाली की परीक्षा सकुशल, नकलविहीन एवं शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हुई। उन्होने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई है। परीक्षा पर नजर रखने के लिए 06 जोनल, 16 सेक्टर एवं 47 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। अभ्यर्थियों के आवागमन के लिए अतिरिक्त बसों की भी व्यवस्था की गयी है।

जनपद में यूपी पुलिस की भर्ती परीक्षा दो दिन और चार पालियां में संपन्न कराई जाएगी। जिसमें 90 हजार से अधिक संख्या में अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं। यदि इस दौरान परीक्षा केंद्र के आसपास कोई भी कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधि करता नजर आता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## नवजात शिशु का शव मिलने से गांव में मचा हड़कंप

**खीरों (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के गांव बड़ा भगत खेड़ा मजरे सेमरी में शुक्रवार की शाम गांव के बाहर स्थित तालाब में उतराता हुआ एक नवजात शिशु का शव मिला । शुक्रवार की शाम शौच के लिए गए ग्रामीणों ने कपड़े में लिपटे तालाब में उतारते नवजात शिशु के शव को देखा । नवजात शिशु के शव की खबर गांव में पहुंचने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और तलब के पास काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए ।ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया । सूचना पर पहुंची खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । तालाब में मिले शव को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं । कुछ ग्रामीणों का कहना है कि यह किसी की नाजायज संतान है । अपने पाप को छिपाने के लिए पैदा होते ही शिशु को तालाब में फेंक दिया गया है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि एक नवजात शिशु का शव तालाब के किनारे मिला है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न




*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** रायबरेली में बनाये गए 33 परीक्षा केंद्र पर 62 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी देंगे परीक्षा। प्रत्येक पाली में 15408 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा। इसी क्रम में संताव ब्लॉक के अटौरा में स्थित सकल नारायण पब्लिक स्कूल एवं सर्वोदय इंटर कॉलेज केलौली में आज सुबह 9 बजे से पुलिस भर्ती के लिखित परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई जिसमें 47 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे इस पूरी परीक्षा को पारदर्शी तरीके से कराने के लिए शासन प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद रहा।सर्वोदय इंटर कॉलेज केलौली स्कूल में 768 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी जिसमें प्रथम पाली में 384 में 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे वह दूसरी पाली में 384 परीक्षार्थियों में 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे वही सकल नारायण स्कूल में प्रथम पाली में 504 परीक्षार्थी में 13 अनुपस्थित रहे वहीं दूसरी पाली में 504 में 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे इस पूरी परीक्षा को नकल विहीन एवं पारदर्शी तरीके से कराने के लिए सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराई गई परीक्षा पूरी परीक्षा में किस प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए स्टेट मजिस्ट्रेट एवं सभी शासन प्रशासन के लोगों का भरपूर सहयोग रहा।

## बोलेरो सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** परिवार के साथ सीएचसी आ रही बोलेरो अनियंत्रित होकर पलटने से बोलेरो सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों को मदद से घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने दो की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते चले कि बेलवा निवासी संजय की पुत्री सौम्या की तबियत अचानक बिगड़ गई। जिससे परिवार के लोग जगन्नाथ(62) पुत्र राम नारायण,संजू यादव पत्नी अमरनाथ,पूनम(35) पत्नी संजय व दयावती(59) पत्नी जगन्नाथ के साथ बोलेरो कार से महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आ रहे थे। तभी कूबना के पास बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसमे बैठे पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए,राहगीरों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जगन्नाथ व पूनम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन 19 फरवरी को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का होगा सजीव प्रसारण

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** राज्य सरकार द्वारा गत् वर्ष माह-फरवरी, 2023 में उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का सफल आयोजन किया गया था। जिसमें 27000 से अधिक निवेश प्रस्ताव/एम0ओ0यू0 प्राप्त हुए, जिसमें 38.78 लाख करोड़ से अधिक का निवेश तथा 1.12 करोड़ रोजगार निहित हैं। इन प्रस्तावों/एम0ओ0यूज को धरातल पर लाने की कार्यवाही विभागों द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में 19 फरवरी 2024 को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी/4.0 का लखनऊ में मा0 प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में 14000 से अधिक एम0ओ0यू0 जिसमें रुपये 10.00 लाख करोड़ का निवेश शामिल है तथा 33.50 लाख रोजगार निहित है, उन्हें शामिल किया गया है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जानकारी देते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार 19 फरवरी 2024 को जनपद मुख्यालय के सेंट पीटर्स स्कूल के पास स्थित अलंकर्ता रिजॉर्ट छजलापुर पर ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जनपद के मंत्री, सांसदगण तथा विधायकगण के लिए कहा कि जनपद में 19 फरवरी, 2024 को जनपद स्तरीय निवेश कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इस कार्यक्रम में जनपद के समस्त सांसदगण एवं विधायकगण, प्रतिष्ठित



एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों को तथा जनता को आमंत्रित किया जाए। इस कार्यक्रम में प्राप्त एम0ओ0यूज में जनपद के लिए जो रुपये 10.00 करोड़ के निवेश लागत से कम के प्रस्ताव हैं तथा ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हैं, उन्हें शामिल किया जाए। लखनऊ में हो रहे आयोजन का सीधा प्रसारण भी देखा जा सकेगा। जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर निवेशकों एवं उद्यमियों का ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी/4.0 के आयोजन में सहभागिता सुनिश्चित करने उद्यमियों/निवेशों/उद्योगपतियों/औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा निवेश से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आमंत्रित कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी/4.0 के उद्घाटन एवं समापन समारोह के सजीव प्रसारण की व्यवस्था सूचना विभाग द्वारा सुनिश्चित की जायेगी तथा जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में इस प्रसारण के प्रदर्शन की व्यवस्था करा ली जाए।

## सलाटर हाउस चलाने की मांग

**सहारनपुर।** कमेला कालोनी स्थित पशुवधशाला को शुरू कराये जाने की मांग को लेकर आज पार्षद के नेतृत्व में कमेला कर्मचारियों ने नगरायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। आज एआईएमआईएम के पार्षद कमेला कर्मचारियों के साथ नगर निगम पहुंचे और नगरायुक्त संजय चौहान से भेंट की। उन्होंने नगरायुक्त को सौंपे ज्ञापन में बताया कि कमेला कॉलोनी स्थित सलाटर हाउस ना चलने से बहुत से लोग बेरोजगार घूम रहे हैं और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था की इसके चलने से जहां एक ओर नगर निगम को सरकारी राजस्व का फायदा होता है, तो वहीं दूसरी ओर वहा लोगों को मीट की कमी महसूस नहीं होगी और सही दाम पर उपलब्ध हो जायेगा। उन्होंने नगरायुक्त से शीघ्र की सलाटर हाउस को चलाने की मांग की। जिस पर नगरायुक्त ने सभी का आश्वासन देते हुए कहा कि समास्या का शीघ्र ही समाधान करने पर विचार किया जायेगा।

# निशुल्क दिव्यांग सहायता उपकरण वितरण समारोह का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**गौरा चौकी गोंडा।** विधानसभा गौरा के अंतर्गत विकासखंड बभनजोत मुख्यालय गौरा चौकी में निशुल्क दिव्यांग सहायता उपकरण आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत जीवन सहायता उपकरण वितरण किया गया द्य समारोह में वरिष्ठ नागरिकों का निशुल्क उपकरण वितरण किया गया द्य कार्यक्रम में 150 लोगों को निशुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण किया गया द्य यह सभी उपकरण भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को द्वारा वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ करके अपने हाथों से दिव्यांग सहायता उपकरण वितरित किया द्य उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है सभी वर्गों तथा हर क्षेत्र में साहसी कार्य किया है कोई दिव्यांग बिना उपकरण के नहीं रहेगा यह सरकार की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर सोहरथ वर्मा मंडल अध्यक्ष बभनजोत,विक्रम वर्मा, आई.टी.सेल.भाजपा ,सुरेंद्र सिंह कनिष्ठ प्रबंधक एलिम्को, अमरनाथ एलिम्को, अमरनाथ पांडेय प्रधान, महबूब हसन,मधुप सिंह, राजेन्द्र वर्मा, हुकुम सिंह, एडियो पंचायत बभनजोत, एवं भारी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

## मृतक की तीन माह की गर्भवती पत्नी से बात कर भेजी आर्थिक मदद, (200000/- की मदद)



*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** युवा सपा नेता सूरज सिंह ने बताया कि विधानसभा गोंडा सदर के खिराभा ग्रामसभा के कस्तूरी भाई के भतीजे नकछेद आयु 30 वर्ष की एक्सीडेंट से मृत्यु हो गई थी जो कि पार्टी के बूथ के एजेंट भी रहते थे, उनकी पत्नी तीन माह गर्भ से भी हैं...इसकी सूचना जब राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी गयी तो उनके परिवार को ?100000 की आर्थिक मदद की और साथ ही साथ फोन पर वार्ता कर संवेदना प्रकट की।

सूरज सिंह ने माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष को यह भी अवगत कराया कि स्वर्गीय रामनारायण यादव पूर्व प्रधान प्रभारी जिला कार्यालय समाजवादी पार्टी ने पार्टी की सेवा पिछले 30 वर्षो से की है कुछ दिन पहले उनका स्वर्गवास हो गया था उस समय भी राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने उनके परिजन का हाल-चाल जाना और साथ ही साथ ?100000 रू की मदद भी की थी, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ?100000 की मदद कर परिवार को भरोसा दिलाया कि पूरी पार्टी उनके साथ है। सूरज सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अति संवेदनशील व्यक्ति हैं मैंने जनपद में किसी भी घटना की सूचना दी है तो उन्होंने मदद करने का काम किया है।वही युवा सपा नेता सूरज कोरी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के काम सराहनीय है सूरज भैया जनपद मे पार्टी का जनाधार लगातार बढा रहे हैं।

# धर्म जिसकी तरफ रहता है उसी के तरफ जय पराजय निश्चित रूप से रहती है

*अवधनामा संवाददाता*

**करनैलगंज (गोंडा)।** पहाड़पुर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महा यज्ञ सप्ताह शुक्रवार की शाम तृतीय दिवस पर कथा व्यास पंडित वीरेंद्र गोपाल जी महराज ने अपनी प्रसंग में विदुरजी के चरित्र का वर्णन में कहा कि धर्म जिसकी तरफ रहता है उसी के तरफ जय पराजय निश्चित रूप से रहती है और विदुर जी मैटर मनी से कहते हैं की सबसे अभाज्य हम यदुवंशी ही हैं कि इतने दिन हम प्रभु के साथ रहे लेकिन हम लोग उनको पहचान नहीं पाए लेकिन प्रभु की परम धाम धाम जाने के बाद आज विदुर जी भगवान के एक-एक अंगों को याद कर रहे हैं एक दिन प्रभु हमारे घर आए और विद्नानी ने उन्हें केले का छिलका खिलाया प्रभु ने उन्हें प्रेम से पाया और आज विदुर जी भगवान के एक-एक अंगों की याद करके भाव विभोर हो रहे हैं सृष्टि के क्रम का वर्णन



कर कुमारो का जन्म एवं भगवान रुद्र का अवतार एवं जय विजय का बैकुंठ से पाटन कैलाश हिना कश्यप के रूप में जन्म एवं उनके उत्पाद भगवान 12 के द्वारा राज का उद्धार माता देव होती का कम ऋषि के साथ विवाह एवं भगवान कपिल देव का जन्म माता देव होती होती को शांति योग का उपदेश करना आज इस कथा का वर्णन व्यास जी के द्वारा किया गया इस अवसर पर अनिल श्रीवास्तव प्रधान राम तीरथ मौर्य ज्वाला प्रसाद मिश्र डॉक्टर दिनेश गोस्वामी राकेश बेस विकास मोर अमन शुक्ला शुभम सोनी रवि श्रीवास्तव आशीष सोनी सेल शुक्ला अजय श्रीवास्तव शिवम गुप्ता रामानुज शुक्ला सहित तमाम भक्तगण शामिल रहे।

## डीएम एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण



**उरई जालौन अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने संयुक्त रूप से जिला कारागार में विभिन्न बैरकों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं एवं सुविधाओ के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाए। उन्होंने बंदियों मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा। कारागार परिसर में साफ सफाई मिलने पर संतोष व्यक्त किया और निर्देशित किया कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ सफाई होने चाहिए। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि कारागार परिसर में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक एवं गैरकानूनी सामान न पहुंचे इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाए। इस दौरान उन्होंने जेल अधीक्षक को सरकार द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सारी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अन्दर किसी भी दशा मे मोबाइल का प्रवेश न होने पाये इस हेतु रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाकर चेक किया जाये, इसके अतिरिक्त महिला बन्दी गृह मे दी जा रही सुविधाओ की जानकारी ली।

## सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ सम्पन्न

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा के तत्वावधान में राधा कृष्ण मन्दिर में हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ किया गया। हनुमानजी महाराज का पूजन पुजारी जी द्वारा किया गया। पूजन के उपरांत सामूहिक हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ किया गया। सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ में नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद मिश्रा राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष वाचस्पति मिश्रा राष्ट्रीय महामंत्री त्रिलोकी नाथ गुप्ता प्रदेशमंत्री इन्द्रजीत सिंह गुर्जर निक्कू प्रदेशमंत्री के सी पाटकार नगर अध्यक्ष शशिकांत वर्मा अतुल द्विवेदी सुशील कुमार बाजपेई रविशंकर पाटकार राहुल यादव सन्तोष सोनी राजेन्द्र त्रिवेदी अमन मिश्रा उमा मारवाह रीता साहनी सहित संगठन के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।



## श्री बाराही देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

**जालौन अवधनामा संवाददाता।** श्री बाराही देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी मेले का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष तथा सभासदों द्वारा विधिवत् मां बाराही देवी की पूजा अर्चना कर तथा मजार पर चादर चढाकर किया गया। नगर के ऐतिहासिक तथा प्राचीन श्री बाराही देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी का विधिवत शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा मित्तल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल तथा 25 वार्ड के सदस्यों ने मां बाराही देवी की पूजा अर्चना की, तदुपरांत मेला परिसर में स्थित मजार पर जाकर चादर चढ़ाई।

## फुलवरिया बायपास चौराहे का 08 लाख की लागत से होगा सौंदर्यीकरण



**अवधनामा संवाददाता**

**बलरामपुर।** डीएम श्री अरविंद सिंह की पहल पर फुलवरिया बायपास चौराहे का सीएसआर फंड से 08 लाख रुपए की लागत से सौंदरीकरण एवं चौड़ीकरण होगा।

डीएम श्री सिंह द्वारा चौराहे का निरीक्षण करते हुए दोनो ओर हाईटमास्ट लाइट लगाए जाने का निर्देश दिया। चौराहे पर भरी ट्रकों के आवागमन का भार ज्यादा होने के कारण चौराहे का और चौड़ीकरण किए जाने जाने एवं सड़क के दोनो तीव्र मोड़ को सही किए जाने का निर्देश दिया। फुलवरिया बायपास चौराहे का चौड़ीकरण से यातायात व्यवस्था और सुगम एवं सुदृण होगी तथा दुर्घटना आदि की संभावना भी कम होगी। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड, प्रबंधक चीनी मिल राजीव अग्रवाल उपस्थित रहें।

## प्राकृत से वर्तमान भाषाओं में जैन संस्कृति का उद्भव मिलता है



**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर 2550 वाँ मोक्षकल्याणक वर्ष के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग उ.प्र.) , बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं भारतीय हिन्दी परिषद , प्रयागराज के तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परम्परा में जैन साहित्य का अवदान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ शनिवार को पर्यावरण विद्यापीठ सभागार, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय रायबरेली रोड लखनऊ में हुआ। दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि वाराणसी के राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रो. फूलचन्द्र प्रेमी ने कहा कि संयम साधक श्रमण परम्परा के साधुओं ने प्राचीन भारतीय भाषाओं प्राकृत, पाली, संस्कृत, में किया ।उन्होंने बताया कि तमिल भाषा में सर्वाधिक प्राचीन जैन ग्रन्थ श्रवणबेलगोला तीर्थ पर विराजमान है। प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने बीज वक्तव्य में बताया कि जैन धर्म का पद्म चरिऊ ( पद्म पुराण) जो भगवान श्रीराम के चरित्र का वर्णन। उन्होने कहा कि चरित्र, नीति, रीति, बारामासा, फाग, चरचरी, रास, काव्य आदि 31 विधाओं को जैन दर्शन ने अपने प्राचीन ग्रन्थों में समाहित किया है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

**अवधनामा संवाददाता**



**उरई जालौन।** जनपद में सुबह 10:00 बजे से यूपी पुलिस अभ्यर्थियों की परीक्षा शुरू हो चुकी है। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक ईरज राजा भी सुबह से ही लगातार विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके अलावा सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर एवं एग्जाम रूम में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। जिससे कि नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराई जा सके।

जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों का आने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया। सभी अभ्यर्थी समय से पहले ही अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में एंट्री मिली। प्रशासन एवं पुलिस की व्यवस्थाओं के बीच प्रथम पाली की परीक्षा अपने निश्चित समय पर शांतिपूर्ण तरीके से शुरू होने के साथ ही सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने एस0आर0 पब्लिक स्कूल, मॉर्निंग स्टार इंटर कॉलेज, रामजीलाल पाण्डेय इंटर कॉलेज में परीक्षा के दौरान निरीक्षण कर जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पुलिस भर्ती के लिए बनाए गये 14 केन्द्रों पर प्रथम पाली की परीक्षा सकुशल, नकलविहीन एवं शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हुई। उन्होने कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई है। परीक्षा पर नजर रखने के लिए जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। जनपद में यूपी पुलिस की भर्ती परीक्षा दो दिन और चार पालियां में संपन्न कराई जाएगी। यदि इस दौरान परीक्षा केंद्र के आसपास कोई भी कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधि करता नजर आता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## नाबालिग को भगा कर ले जाने वाले युवक गिरफ्तार

**कोंच।** नाबालिक को भगा कर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लड़की को बरामद कर लिया है। लड़की को परिजनों को सुपुर्द कर युवक को जेल भेज दिया है। बता दें कि मुहल्ला सुभाष नगर निवासी ने अपनी नावालिग पुत्री को मुहल्ला आजाद नगर निवासी मुहम्मद कैफ उर्फ राजा पुत्र मुहम्मद कप्पी उम्र करीब 19 बर्ष पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने की बात कही थी। जब उसकी पुत्री घर से ट्यूशन पढ़ने आकाश निगम के यहां गयी जब पुत्री काफी देर तक घर नहीं आयी तब उसे उक्त घटना की जानकारी हुई जिस पर पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट पर धारा 363 आई पी सी में मुकद्मा दर्ज कर तत्काल ही अपने मुखबिरों को लगा दिया और पुलिस की टीमें गठित कर मुहम्मद कैफ की तलाश में निकल पड़े काफी लुका छिपी के बाद अभियुक्त भागने की फिराक में महंत नगर स्थित घुसिया तिराहे पर सुरही चौकी प्रभारी सन्दीप कुमार कांस्टेविल हितेश कुमार और महिला कांस्टेविल सुरक्षा के हत्थे चढ़ गया। जिसे पुलिस पकड़कर कोतवाली ले आयी जहां से उसे जेल भेज दिया है।


## लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

लालबाग, टी.एन.रोड, लखनऊ- 226001 (उ.प्र.)

ई-मेल nnlko@up.nic.in टेली-फैक्स 0522-2622440

संख्या : D-1017/EE/2023-24 दिनांक : 16.02.2024

**अति-अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु 27-02-2024 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 26-02-2024 तक अपरान्हन 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 27-02-2024 अपराहन तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को 27-02-2024 अपरान्ह 4 बजे मुख्य अभियन्ता के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खाली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू0 में | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 % जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिवरी प्लांट में गेट नं0 2 के अन्दर आफिस के सामने पार्किंग का निर्माण कार्य। पार्ट-1 | 806770.00 | 80677 | 2 माह | 807 | 145 | 952 |
| 2 | शिवरी प्लांट में गेट नं0 2 के अन्दर आफिस के सामने पार्किंग का निर्माण कार्य। पार्ट-2 | 824915.00 | 82492 | 2 माह | 825 | 148 | 973 |
| 3 | शिवरी प्लांट में गेट नं0 2 के अन्दर आफिस के सामने पार्किंग का निर्माण कार्य। पार्ट-3 | 835884.00 | 83588 | 2 माह | 836 | 150 | 986 |

**शर्ते**

01. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।
02. शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176 (सा0)/ 06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी।
03. शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी।
04. आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।
05. कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य संतोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

**पर्यावरण अभियन्ता**


## अज्ञात कारणों से लगी आग, वर्कशॉप समेत तीन गाड़ियां जलकर खाक



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कार गैरेज में अज्ञात कारणों से रात में आग लगने से रिपेयरिंग पार्ट्स समेत तीन गाड़ियां जलकर राख हुईं। दमकल ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फोरेंसिक टीम ने भी नमूने उठाए। नगर के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी मोहम्मद सलाम का कार वर्कशॉप के नाम से उरई रोड पर बंबा के पास गैरेज है। जिसमें वह कारों की रिपेयरिंग का काम करते हैं। रात करीब नौ बजे वह गैरेज में काम निपटाकर घर चले गए। गैरेज के बाहर चार कार रिपेयरिंग के लिए खड़ी थीं। एक कार में पार्ट्स का सामान भरा हुआ था। रात करीब दो बजे अचानक से गैरेज और कारों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे गैरेज और कारों को अपनी चपेट में ले लिया। धू धूकर जल रही कारों की लपटों को देखकर लोगों ने इसकी सूचना दमकल को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली विमलेश कुमार और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक गैरेज में रखी इलेक्ट्रिक वेल्डिंग मशीन, गैस वेल्डिंग मशीन, कम्प्रेशर समेत करीब तीन लाख रुपये के पार्ट्स के अलावा कबाड का सामान व तीन कारें जलकर राख हो चुकी थीं। एक कार का अगला हिस्सा जल गया था। वर्कशॉप संचालक मोहम्मद सलाम ने बताया कि गैरेज में लाइट कनेक्शन नहीं था और गैरेज भी पूरा बंद था। ऐसे में आग कैसे लगी वह खुद नहीं समझ पा रहे हैं। सूचना पर फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और नमूने एकत्रित किए हैं। गैरेज संचालक ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा दुकान में आग लगाए जाने की तहरीर दी है।

## मृत पशुओं के शव निस्तारण हेतु एक उचित स्थान निर्धारित करें : मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर निर्मल सिंह ने मृत पशुओं के शव के निस्तारण के संबंध में बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर सभी ग्राम प्रधान / सचिव को निर्देश दिये गये है कि मृत पशुओं के शव निस्तारण हेतु एक उचित स्थान निर्धारित करले जोकि स्कूल आवादी एवं गौ आश्रय स्थलों से कम से कम 01 कि0मी0 की दूरी हो ताकि बीमारी से मृत पशुओं को फेकने के उपरान्त नजदीक के स्वस्थ पशु व वस्ती में रहेने वाले लोगों को संक्रमण न हो तथा पर्यावरण को भी उक्त से नुकसान होता है नगरीय क्षेत्रों में भी नगर पालिका/नगर पंचायत व जिला पंचायत को इस तरह के दिशा निर्देश जारी किये जा चुके है तथा मृत्य पशुओं को निस्तारण हेतु जिला पंचायत स्तर पर भी टेन्डर आदि किये गये है इस लिये सभी से अनुरोध है की अपने मृत पशु को निर्धारित स्थान पर ही निस्तारित करें सावधान रहे पर्यावरण को बचाये।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गोण्डा

पत्रांक : 116/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रावली/अनु0 सहायक/23-24 दिनांक : 29.01.2024

**मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-गोण्डा के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1- स्वीकृति एवं धन प्राप्त होने की प्रत्याशा में निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा खुलने के उपरान्त धनराशि प्राप्त न होने की दशा में एक या समस्त निविदायें निरस्त की जा सकती है। इसका पूर्ण अधिकारी अधोहस्ताक्षरी को होगा।

2- कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | बिड सिक्योरिटी (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | निविदा प्राप्त करने का स्थान | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | वित्तीय वर्ष 2023-24 विधायक निधि, विधान सभा क्षेत्र-मनकापुर। | | | | | | | |
| 1 | गोण्डा | किशन लाल यादव के घर के पास ग्राम दौलतपुर ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गोण्डा | अधीक्षण अभियन्ता, ग्रा0अ0वि0, परिमण्डल-देवीपाटन, गोण्डा |
| 2 | गोण्डा | श्री प्रकाश के घर के पास ग्राम देवी नगर ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 3 | गोण्डा | जयराम चौहान के घर के पास ग्राम देवी नगर ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 4 | गोण्डा | बनहा बाबा स्थान पर ग्राम गैलनग्रण्ट ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 5 | गोण्डा | भगवान बक्श सिंह प्रधान के घर के पास ग्राम टेढ़ी ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 6 | गोण्डा | गिरधारी चौहान ग्राम लिदेहना ग्रण्ट के घर के पास ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 7 | गोण्डा | मो0 इलियास प्रधन के घर के पास ग्राम दुर्जनपुर ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 8 | गोण्डा | पण्डित आशाराम इण्टर कालेज, बहादुरा के प्रागण में ग्राम बहादुरा ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 9 | गोण्डा | किशनुदास बाजार में ग्राम किसुनदासपुर ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 10 | गोण्डा | श्री माता जी के मन्दिर के पास कोल्हमपुर ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 11 | गोण्डा | पिंकू सिंह मण्डल अध्यक्ष भाजपा ग्राम निरिया के घर के पास ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 12 | गोण्डा | पेशकार सिंह के घर के पास सुदामापुर ग्राम टिकरी नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 13 | गोण्डा | अलखराम ग्राम परसहना के घर के पास ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 14 | गोण्डा | विनोद चौहान के घर के पास ग्राम सरायखत्री ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 15 | गोण्डा | जनार्द न प्रसाद तिवारी ग्राम नवाबगंज गिर्द (पजहल पुरवा) ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 16 | गोण्डा | रंजीत मौर्या के घर के पास ग्राम गौरिया ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 17 | गोण्डा | राहुल सिंह के घर के पास ग्राम टिकरी ब्लाक नवाबगंज मे हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 18 | गोण्डा | जंग बहादुर लाल बनवारी लाल इण्टर कालेज रीवा ग्राम रीवा ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 19 | गोण्डा | दीनदयाल सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज ग्राम बालापुर के प्रांगण में ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 20 | गोण्डा | श्री कीर्ति वर्धन पाण्डेय, पाण्डेय पुरवा के दुकान के पास मेन रोड पर ग्राम दुल्हापुर ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 21 | गोण्डा | श्री दुर्गा माता मन्दिर प्रांगण ग्राम दुल्लापुर (मल्लहन पुरवा) नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 22 | गोण्डा | श्री डॉ शैलेन्द्र दूबे (संजय) के घर के सामने ग्राम नवाबगंज गिर्द (बलईपुरवा) ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 23 | गोण्डा | श्री कपिल मुनि मन्दिर के पास मंहगूपुर ब्लाक नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 24 | गोण्डा | श्री बाला जी मन्दिर व श्री कालीकुण्ड मन्दिर के बीच में मोहल्ला पड़ाव करबा नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 25 | गोण्डा | श्री रवि श्रीवास्तव के मकान के पास मोहल्ला पड़ाव निकट संस्कृत महाविद्यालय नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 26 | गोण्डा | श्री कैलाश कुमार के मकान के पास तिराहे पर मोहल्ला पड़ाव कस्बा नवाबगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 27 | गोण्डा | राजू मिश्रा के घर के पास ग्राम पुरेढाढू ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 28 | गोण्डा | सत्य प्रकाश तिवारी उर्फ गोला तिवारी के घर के पास ग्राम पूरे ढाढू ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 29 | गोण्डा | बलकरन सिंह के घर के पास कस्तूरबा विद्यालय निकट ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 30 | गोण्डा | ग्राम कोठा के अहिरनपुरवा श्री रामकरन यादव के घर के पास ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 31 | गोण्डा | हनुमान के घर के पास ग्राम बेइलिया (दासेपुरवा) ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 32 | गोण्डा | अशोक तिवारी ग्राम परमापुर के घर के पास ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 33 | गोण्डा | रज्जू सिंह के घर के पास ग्राम चेतपुर ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 34 | गोण्डा | नरसिंहपुर बहादुर सिंह के घर के पास ग्राम लोढिया घाटा ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 35 | गोण्डा | अजीत पाण्डेय के घर के पास ग्राम करदा ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 36 | गोण्डा | स्वत्रंत सिंह के घर के पास ग्राम सेहरिया ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 37 | गोण्डा | ग्राम चौड़ौवा के खैराहनी में श्री ब्रम्हबाबा स्थान पर ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 38 | गोण्डा | अजीत सिंह के घर के पास सेहरिया ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 39 | गोण्डा | शिव गणेश तिवारी के घर के पास ग्राम जगदीशपुर कटरा ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 40 | गोण्डा | परमहंस आश्रम के बगल ट्रांसफार्मर के पास वजीरगंज ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 41 | गोण्डा | श्री दुर्गा माता मन्दिर मिर्जापुर चौराहा ग्राम बड़कुईया ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 42 | गोण्डा | सूर्य नारायण मिश्रा के घर के पास ग्राम डुमरियाडीह ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 43 | गोण्डा | जगदम्बा तिवारी शिवपुरी के घर के पास ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 44 | गोण्डा | अनूप सिंह के घर के पास ग्राम नगवा ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 45 | गोण्डा | स्वामीनाथ सिंह के घर के पास ग्राम नगवा ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 46 | गोण्डा | सत्यनाथ मिश्रा के घर के पास ग्राम हिमायूपुर ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 47 | गोण्डा | अनिल सिंह के घर के पास ग्राम सोहना ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 48 | गोण्डा | अमरपाल सिंह के घर के पास ग्राम मजगंवा ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 49 | गोण्डा | विनीत सिंह के घर के पास ग्राम पेड़राही ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 50 | गोण्डा | रामफेर तिवारी के घर के पास ग्राम भगोहर ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 51 | गोण्डा | अनूप सिंह पूर्व मण्डल अध्यक्ष के धर के पास ग्राम लोढिया घाट ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 52 | गोण्डा | श्री गोपाल बाबा ग्राम कोइली जंगल ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 53 | गोण्डा | राजनाथ सिंह के घर के पास ग्राम बभनी ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 54 | गोण्डा | आजाद सिंह के घर के पास ग्राम माथेपुर ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 55 | गोण्डा | गोरश्वरनाथ मन्दिर के पास ग्राम महादेवा ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |
| 56 | गोण्डा | अमन मौर्या के घर के पास मौर्य नगर खीरीडीह ब्लाक वजीरगंज में हाईमास्ट लाइट की स्थापना का कार्य। | 3.90 | 0.20 | 300+500 GST | 3 माह | | |

3- निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि 20.02.2024 से 28.02.2024 तक।

4- निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थान-28.02.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड गोण्डा, अधीक्षण अभियन्त्रण, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-देवीपाटन, गोण्डा एवं जिलाधिकारी जनपद-गोण्डा।

5- निविदा खोलने की तिथि एवं समय-28.02.2024 को अपरान्हन् 12.30 बजे।

6- अधिक जानकारी के लिए नियोक्ता कार्यालय अर्थात् अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में संपर्क करें।

**(इं. मुनेश कुमार लोधी)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभिन्त्रण विभाग**
**प्रखण्ड-गोण्डा**

UPID-203737 Dated-17-02-2024

विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# डीएम ने धर्म पथ साकेत पेट्रोल पंप से नया घाट का किया स्थलीय निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

अयोध्या ।जिलाधिकारी नितीश कुमार ने धर्मपथ साकेत पेट्रोल पम्प से नयाघाट कुल लम्बाई 02 किमी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस



अवसर पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड के अधिकारियों को तीव्र गति से कार्य करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड ने बताया कि धर्मपथ के फेज वन का 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके तहत मुख्य मार्ग व मुख्य मार्ग के दोनों तरफ 8-8 मीटर कोवल पाथ-वे, 40 सूर्य स्तम्भ, सूर्य द्वार का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी के साथ मार्ग के दोनों तरफ सभी 81 म्यूरल इंटरपटेशन वाल का कार्य पूर्ण है। इस पर अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित विभिन्न प्रसंगों के उकेरने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी के साथ ही मार्ग के दोनों तरफ डेऊन व डक्ट का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि धर्म पथ को फेज-2 में और चैड़ा किया जायेगा इसके तहत साकेत पेट्रोल पम्प से लता चैक (1400 मीटर) में दोनों तरफ 7-7 मीटर सर्विस लेन का कार्य प्रगति पर है। इसी के साथ ही साकेत पेट्रोल पम्प से लता चौक तक बंधे के ऊपर 10 मीटर चौड़ा सड़क बनाने का भी कार्य प्रगति पर है। उन्होंने समस्त कार्यो को तेजी से कराने तथा इसमें जल निकासी सहित समस्त जन सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने लता चौक से नयाघाट पुराना सरयू पुल तक धर्मपथ के शेष कार्यो की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि यहां पर मार्ग को 22.5 मीटर चौड़ा 14.5 मीटर पेंटेड सड़क, 8 मीटर कोबल पाथ-वे होगा जिसमें डक्ट व डेंन भी बनाया जायेगा।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि धर्मपथ की चौड़ाई बढ़ाया गया है और सरयू के पुराने सरयू ब्रिज/गोंडा ब्रिज के समानान्तर 2 लेन का एक और ब्रिज बनाया जायेगा जिससे गोंडा से अयोध्या को फोर लेन कनेक्टीविटी की सुविधा उपलब्ध होगी, इससे यहां पर यातायात की समस्या का स्थायी समाधान होगा।

# जीपीएस में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज का 11वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि सपा नेता अनूप सिंह ने बच्चों के प्रदर्शन से अभिभूत होकर कहा कि शिक्षा से न केवल निजी तौर पर बच्चों का अपितु एक इंसान का निर्माण होता है जिसके फलस्वरूप हम एक संपन्न और भव्य राष्ट्र की परिकल्पना करते हैं। निश्चित तौर पर इस तरह के आयोजन पूरे समाज को एकता के सूत्र में पिरोते हैं। विशिष्ट अतिथि कवियित्री आद्रिका भारद्वाज ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। नन्ही कवियित्री की रचना ने उपस्थित लोगों के अंतः मन को झकझोर दिया। विशिष्ट अतिथि बख्तियार खान ने उपस्थित लोगों और अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि शिक्षा को अपने जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य बनायें जिसके फलस्वरूप आने वाली पीढ़ी का भी उत्थान संभव है। सरस्वती वंदना और वेलकम सॉन्ग के बाद बच्चों ने दर्जनों शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम और डांस प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को एकचित्त कर वाहवाही लूटी। कर्मठी शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने %झांसी की रानी% नाट्य के माध्यम से आजादी के बीर सपूतों को याद किया तो आइना, अंधेर नगरी, रिश्ते का बोझ, लुका छिपी, चाइल्ड लेबर आदि नाट्यों के माध्यम से समाज और परिवार में व्याप्त बुराइयों को आइना दिखाया। इसके साथ बच्चों ने विभिन्न कॉमेडी थीम डांस और प्ले के माध्यम से उपस्थित लोगों को जमके हंसाने के साथ साथ पंजाबी, हरियाणवी और होली के साथ विभिन्न नृत्यों पर भी अभिनय किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने विद्यालय तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग की असुविधा और इस मामले में जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते सामूहिक तौर पर सहयोग करके विद्यालय तक सड़क बनवाने का भी निर्णय लिया तथा कई क्षेत्रवासियों ने तुरंत ही अपना सहयोग देने की घोषणा भी किया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व विद्यालय के मेधावियों और अध्यापकों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के बच्चों आशुतोष तिवारी, सोनाली यादव, अयज्ञा तिवारी, अंजली सिंह, आकर्ष पाल एवं सुशांत पांडेय ने किया। इस दौरान गायत्री देवी, के एम शुगर मिल के जी एम ए एन सिंह,पवन तिवारी, पंकज शुक्ला, घनश्याम त्रिपाठी, अखिलेश तिवारी, विनोद तिवारी, प्रीतम तलरेजा, अतुल पांडेय, राजू दूबे, अवधेश सिंह, जगदीश पाठक, राम प्रकाश यादव, पवन मिश्रा, राजा राम विश्वकर्मा, ज्ञानी यादव, अजेश



विक्रम सिंह, उमा शंकर तिवारी, सती राम यादव, विकास सिंह आदि मौजूद रहे। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल, उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल, प्रभा शंकर शुक्ल और प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने उपस्थित सभी गणमान्यों का आभार प्रकट किया।

## धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**अयोध्या।** पूरा ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत नारायण पब्लिक स्कूल एवम पूर्व माध्यमिक विद्यालय सहनवा चौराहा दर्शन नगर में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया पहला वार्षिक उत्सव जिसमे विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकप्रिया ड्रेसेज के मालिक अनिल माखेजा व विद्याभूषण पासी अध्यक्ष एससी एसटी ने स्कूल में पहुंच कर दीप प्रज्वलित किए व फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साथ ही विद्यालय के प्रबंधक सुरेश कुमार चौधरी व प्रधानाचार्य संजेश कुमार चौधरी ने कार्यक्रम शुरू होने से पहले बच्चो को शुभकामनाएं दी।

## गरीब परिवारों को बांटा कंबल

**सोहावल- अयोध्या।** नवसृजित नगर पंचायत खिरौनी मे शनिवार को किसान नेता प्रदेश सचिव/ सभासद वार्ड 14 व वार्ड 5 सभासद अंकुर गौतम नगर पंचायत खिरौनी में 300 कंबल विधवा विकलांग और पात्र गरीब व्यक्तियों को कंबल वितरण किया गया कमल वितरण कार्यक्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि डाश्राम सुमेर भारती भी मौजूद रहे कंबल पाकर गरीब व्यक्तियों के चेहरे खिल उठे किसान नेता प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने जनता से कहा कि आपने हमको जिताया है आप लोग हम पर विश्वास करिए हमेशा हम आपके सुख दुख में साथ रहा हूं और साथ रहेंगे और क्षेत्र में पूरा विकास करवाएंगे और किसी गरीब के साथ अन्याय नहीं होने देंगे जो सुविधा पात्र व्यक्तियों को सरकार द्वारा मिलनी चाहिए हम दिलवाएंगे और क्षेत्र में जल्द ही बचे हुए पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास नाली सड़क बारात घर आदि बनवाने का कार्य करेंगे और क्षेत्र का विकास करवाएंगे।

## प्रधान नें आरक्षित पशुचर भूमि पर बुवाई गेहूं की फसल, कहाँ जायें आवारा पशु



**मवई- अयोध्या।** एक तरफ छुट्टा जानवरों से परेशान किसान घर परिवार को छोड़कर दिन रात खेतों की रखवाली कर रहे हैं और सरकार के सख्त निर्देशों के बाबजूद जिम्मेदार अधिकारी और ग्राम प्रधान गौशालाओ के निर्माण में रूचि नहीं लें रहे हैं वहीं दूसरी ओर सदियों से पंचायतों में आवारा पशुओ के लिए आरक्षित भूमि पर खेती कराई जा रही है।ताज़ा मामला रुदौली तहसील के जखौली ग्राम पंचायत का है जहाँ आवारा पशुओं को चरने और घूमने के लिए लगभग 2.9 हेक्टेयर (29 बीघा) पशुचर भूमि रिजर्व है परन्तु जिम्मेदारों नें अधिकतर भूमि पर खुद कब्ज़ा करवा रखा है इसी ग्राम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नें स्वयं पशुचर की भूमि में गेहूं के फसल की खेती करवा रखी है, जखौली रेलवे क्रॉसिंग के बगल गाटा संख्या 1149 का रकबा 322 एअर सहित पशुचर भूमि के अनेक गाटों पर गेहूं की फसल लहलहा रही है ऐसे में बेजुबान आवारा पशुओं को किसानों की फसल की ओर रुख करने के अलावा कोई जगह नहीं है बचती है यदि इंसान पशुओं हेतु रिजर्व जमीनों पर अतिक्रमण न करता तो समस्याए इतनी विकराल न होती और यदि जिम्मेदार खुद चकमार्गो और पशुचर की भूमि पर लाठी और राजनीति की ताकत के बल पर कब्ज़ा करेगा तो स्थिति और भयावह होंगी जिसकी मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत संख्या 40017724007144 द्वारा ग्रामवासी संतोष कुमार सिंह नें की है।

## प्रयागराज मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी अयोध्या पहुंचने पर डॉक्टरों ने किया स्वागत

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में प्रयागराज मेडिकल एसोसिएशन एवं टू व्हील थ्रील के नेतृत्व में 23 डॉक्टर्स 2 वकील दो पहिया साइकिल से 163 किलोमीटर की यात्रा तय करके प्रयागराज मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ कमल सिंह व डॉक्टर अनिल मिश्रा के नेतृत्व में रामलला के दर्शन के



लिए पहुंचे अयोध्या जहां अयोध्या बाईपास पर आईएमए की अध्यक्ष डॉक्टर मंजूषा पाण्डेय के नेतृत्व में सभी डॉक्टरों का बुके देकर माला पहनकर स्वागत किया गया, प्रयागराज से आए हुए डॉक्टरों का कहना है कि अयोध्या में आकर दिल बहुत प्रसन्न हुआ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी अच्छा कार्य कर रहे हैं ईश्वर उनकों और लंबी आयु दे ,अयोध्या आईएमए के डॉक्टरों ने हमारा स्वागत किया ,हम लोग आज करेंगे रामलला का दर्शन पूजन रात्रि करेंगे अयोध्या में ही विश्राम, इस मौके पर डॉ प्रवीण मौर्य सचिव ,डॉ डी आर भुवन, डॉ नानक सरन पूर्व सीएमओ डॉ हरिओम यादव रहे मौजूद।

# शिक्षा शेरनी का वह मौलिक दूध है कि जो भी पिया वह दहाड़ाः राजेश सिंह यादव

*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार -अयोध्या।** शिक्षा क्षेत्र पूरा माझा क्षेत्र में बीते 14 वर्षों से ज्ञान का दीपक जला रहे हैं यशस्वी प्राचार्य सुग्रीव यादव ने मंशा सिंह अतिथियों में मुख्य अतिथि पंचायत सदस्य समाजसेवी हरिशंकर यादव प्रखंड समाजसेवी चिकित्सा विद डॉक्टर तेज बहादुर सिंह तेज राजेश सिंह यादव शैक्षणिक गतिविधियों के प्रेरक एकादशी रेलवे विभाग राजेश यादव डॉक्टर निरंकारी राजाराम ग्राम प्रधान मसौदा अयोध्या. सहित समाज के तमाम नाम चीन मेहमानों का स्वागत सम्मान यशोपति पब्लिक कॉलेज बल्टिहा तिहूरा शिक्षा क्षेत्र पूरा दर्शन नगर अयोध्या स्थित विद्यालय प्रांगण में विद्यालय प्राचार्य श्री यादव ने वार्षिक उत्सव के अतिथियों का सम्मान बैच लगाकर पुष्प समूह श्रीफल भेंट करते हुए अंग वस्त्र पहनकर किया विद्यालय प्राचार्य श्री यादव ने अतिथियों अभिभावकों और क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के मध्य कहां की कछार क्षेत्र में ज्ञानशाला खोलकर ज्ञानदीप प्रदीप करने का असली उद्देश्य बच्चों को ज्ञानवान बनाकर राष्ट्र के हाथों को आदर्श नागरिक सपना है पैसा कमाकर उदर पोषण करना नहीं। इसी कड़ी में कार्यक्रम का विधिपूर्वक श्री गणेश वार्षिक महोत्सव के मुख्य अतिथि जेसीबी हरिशंकर यादव ने सती की प्रतिमा पर माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप जलते हुए अभिभावकों शिक्षक समूह और बच्चों समाज के सम्मानित नागरिकों शिक्षा जगत के मालियों पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त किया। विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास की कामना किया वही प्रमुख वक्ता के रूप में रामसेवक इंटरमीडिएट कॉलेज के प्राचार्य राजेश सिंह यादव ने कहा कि सफल शिक्षक वह है जो शिक्षार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों और आसपास के माहौल क का कार्य करता है शिक्षक कहलाता है शिक्षक ज्ञान का ऐसा दीपक जलाएं की अज्ञान रूपी तिमिर सता नष्ट हो जाए राजेश सिंह यादव ने आगे कहा कि शिक्षक समाज का आईना होता है वहीं शिक्षा वी शेरनी का दूध है जो इसका पैन करेगा वह हर क्षेत्र में गरजेगा। चिकित्सा विद डॉक्टर टीवी सिंह ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान की असली नी व गुरु होता है वह मालिक ग्रुप से वह मौलिक रूप से बच्चों के विकास में असली भूमिका निभाता है गुरु वह कुमार है जो बच्चों की योग्यता के अनुसार उसमें आकृति बनाने का कार्य करता है कि बच्चा आगे चलकर की क्या बनेगा गुरु तथा बच्चों के माता-पिता जैसा चाहते हैं बच्चा वैसे बन जाता है डॉक्टर तेज बहादुर सिंह तेज ने आगे कहा कि माता जीजाबाई ने अपने पुत्र शिव में ज्ञान की ऐसी ज्योति प्रदीप की की बालक शिवासे शिवाजी हो गया इसीलिए कहा गया है कि बच्चों का बहुमुखी विकास माता के ममतामई आंचल में ही संभव है इसी क्रम में रमेश वीरेंद्र विद्या यादव विद्या उमेश लता मिथिलेश यादव जितेंद्र कुमार मोहनी आरती श्रीवास्तव ज्योति गौतम धर्मेंद्र कुमार प्रदीप कुमार गया प्रसाद रामस्वरूप यादव जैसे शिक्षा जगत के मालियों का कार्यक्रम मैं विशेष योगदान का कार्यक्रम का समापन विद्यालय प्रधानाचार्य सुग्रीव यादव के आभार ज्ञापन अध्यक्षता कर रहे एकादशी की रेलवे विभाग के अध्यक्ष उद्गार से हुआ कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की दो दिवसीय बैठक व सेमिनार का हुआ समापन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ राम प्रसन्न मणिराम महाविद्यालय सरायराशी में शनिवार को अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं कॉलेज कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की दो दिवसीय बैठक व सेमिनार का समापन हुआ। मुख्य अतिथि गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने कहा विश्वविद्यालय व कॉलेजों के कर्मचारी ही संस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा उच्च शिक्षा के विकास के लिए प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी और उनके संगठनों की महती भूमिका होती है। उन्होंने पुरानी पेंशन प्रणाली को सही ठहराया। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं कॉलेज महासंघ के अध्यक्ष डॉ आरबी सिंह ने कहा कि संस्था की प्रगति में कर्मियों का विशेष योगदान होता है। सेमिनार में विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालय एव कॉलेजों के संगठन के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राजमणि यादव, ग्राम प्रधान अनीता सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू नाथ सिंह, विश्वजीत सिंह, भाजपा मंत्री स्वाति सिंह, रणधीर सिंह लल्ला मौजूद रहे। संचालन रणधीर सिंह ने किया व आयोजक डॉ आरबी सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस भर्ती परीक्षा शुरू, डीएम एसपी रहे भ्रमण पर

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस पदों हेतु आयोजित सीधी भर्ती परीक्षा-24 को पारदर्शिता, शुचिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ भ्रमणशील होकर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जिले के 22 कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया। जहां कल भी परीक्षाएं होंगी। परीक्षा के लिए पूरे जिले को दो सुपर जून 6 जून तथा 14 सेक्टर में बांटा गया है। परीक्षा केदो पर साइबर सर्विलांस और खुफिया तंत्र लगाया गया है। क्लोज सर्किट कैमरे के जरिए नियंत्रण कक्ष से परीक्षा केदो की निगरानी होती रही। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ परीक्षा केदो का निरीक्षण करते रहे। बाहरी जिला से परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों की सहायता के लिए रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस नागरिक आरक्षी सीधी भर्ती परीक्षा-2023 को पारदर्शी एवं सुचिता पूर्ण सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत उन्होंने स्वयं पुलिस अधीक्षक के साथ परीक्षा केदो का निरीक्षण किया है।

## तहसील दिवस अब 20 फरवरी को

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि शनिवार यानी आज व कल उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। साथ ही 19 फरवरी को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन होना है, जिसमें अधिकांश अधिकारी उनकी व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेंगें। इसलिए शनिवार को आयोजित होने वाला तहसील दिवस दिनांक 20 फरवरी मंगलवार को आयोजित किया जाएगा।

## युवा चौपाल को लेकर भाजयुमो की जिला कार्यशाला का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भाजपा जिला कार्यालय पर भारतीय जनता युवा मोर्चा का आगामी कार्यक्रम युवा चौपाल की जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अमरजीत मिश्रा प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजयुमो उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के स्वर्णिम 10 वर्ष पूर्ण हो रहा है उसी के उपलक्ष्य में भाजयुमो पूरे प्रदेश में युवा चौपाल का आयोजन कर रहा है। उसी क्रम में जनपद के प्रत्येक मंडलो में 20 ग्राम पंचायत स्तर पर युवाओं की चौपाल की जाएगी उनकी उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच हो उन युवाओं को चौपाल में आमंत्रित करना है। केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्राम चौपाल के माध्यम से सभी को बताया जाएगा। यह कार्यक्रम 25 फरवरी से 5 मार्च तक कार्यक्रम चलेगा। भाजयुमो




जिलाध्यक्ष रोहित सिंह ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि युवा चौपाल की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है प्रत्येक मंडल में मंडल विस्तारक के रूप में जिला पदाधिकारीयो को लगाया गया है मंडलो में कार्यक्रम का एक संयोजक दो सहसंयोजक बनाया गया जो मंडलो में होने वाले युवा चौपाल के कुशल क्रियान्वयन को करेंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, सर्वेश अवस्थी, प्रमोद गोस्वामी, अरुण रावत, अंकित, सूरज भान सिंह, सुधाकर सोनी, शिव कुमार यादव, वैभव मिश्रा, विकास शुक्ला, हरिकेश पंडित, पुष्कर मिश्रा, आशीष द्विवेदी, केशव राम, मुकेश वर्मा सहित जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री गण उपस्थित रहे।

## वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिली

**बाराबंकी।** बाराबंकी सांसद उपेन्द्र सिंह रावत के अथक प्रयासों व पत्राचार के उपरान्त विकास खण्ड रामनगर में रामनगर, सहादतगंज, सैदनपुर, मुश्काबाद मार्ग के चै0-0.200 से 17.000 में सतह सुधार का कार्य लम्बाई लगभग-16.800 किमी की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति शासन से मिल गयी। उक्त बाई पास का निर्माण लोक निर्माण विभाग के खण्ड-एक के द्वारा लागत 1688.75 लाख रुपये से किया जायेगा। इसके लिए क्षेत्र की जनता की तरफ से सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने लोक निर्माण विभाग मंत्री व बाराबंकी के प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भाजपा द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान का हुआ समापन

**अयोध्या।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान का समापन हो गया। 7 फरवरी से 16 फरवरी तक चलने वाले अभियान में पार्टी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने गांवों में रात्रि प्रवास कर लोगों से रात्रि चौपाल के माध्यम से सम्पर्क व संवाद कर सरकारी योजनाओं के विषय में चर्चा की। बूथ अध्यक्षों तथा पन्ना प्रमुख के साथ बैठक की। विचार परिवार के सदस्यों से मुलाकात की।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि महानगर के 400 बूथों पर पार्टी के पदाधिकारियों ने रात्रि प्रवास किया। सरकारी योजनाओं की चर्चा की। कमजोर बूथों पर रात्रि प्रवास के दौरान चौपाल में लोगों को पार्टी की विचार धारा से जोड़ने का प्रयास किया।महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी ने कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलन से जनता में सरकार को लेकर उत्साह का माहौल है।

## डीएम ने यूपीपी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी अनुनय झा ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रथम पाली में जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम को देखा और परीक्षा में अभ्यर्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्टैटिक मजिस्ट्रेट और नोडल पुलिस अधिकारी को बोर्ड द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुरूप परीक्षा संचालित करवाने का निर्देश दिया कहा कि परीक्षार्थियों को कोई अनावश्यक परेशानी न होने पाए और जरूरी सूचना ससमय कंट्रोल रूम को प्रेषित करें। यदि कोई समस्या है तो सेक्टर/जोनल सहित वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराएं। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ महाविद्यालय, चौक का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया और कक्ष अंतरीक्षकों को शुचितापूर्ण परीक्षा हेतु आवश्यक निर्देश दिया। सभी संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार सभी प्रक्रियाओं को ससमय पूरा करने हेतु निर्देशित किया। जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज में कुल 984 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 953 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ महाविद्यालय में 480 के सापेक्ष 457 परीक्षार्थी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ महाविद्यालय के प्राचार्य बसंत कुमार सिंह, कमांडेंट होमगार्ड विंध्याचल पाठक, एसडीएम सदर रमेश कुमार, टी.ओ. विश्वनाथ अग्रहरी, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नौजवान संघर्ष करके अपने बूथ पर पार लगा सकते कांग्रेस की नैयाः पुनिया

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मोदी सरकार में सबसे ज्यादा अन्याय नौजवानों के साथ हुआ हैं। 18 वर्ष के नवयुवक को देश की तकदीर व सरकार बनाने के लिये वोट का अधिकार हमारे नेता पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने दिया हैं। नौजवान अपनी ताकत को पहचाने आज विपरीत परिस्थितियों में भी नौजवान संघर्ष करके अपने बूथ पर कांग्रेस पार्टी नैया को पार लगा सकते हैं। उक्त बातें कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव एवं 2024 के सम्भावित प्रत्याशी तनुज पुनिया ने युवक कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिकन्दर अब्बास रिजवी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विकास खण्ड, नगर



पालिका परिषद्, नगर पंचायत अध्यक्षगणों को मनोनयन पत्र सौंपने के बाद अपने सम्बोधन में कही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन पार्टी प्रवक्ता सरजू शर्मा ने किया। तनुज पुनिया ने नवनिर्वाचित युवक कांग्रेस के अध्यक्ष सिकन्दर अब्बास रिजवी तथा नवमनोनीत विकास खण्ड अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष एवं नगर पंचायत अध्यक्षों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना के साथ कहा कि जिस नौजवान ने भावनाओं में बहकर झूठे सपनों के बहकावे में आकर 2014 में देश में भाजपा की सरकार बनायी थी। आज देश में उसी के साथ साल में 2 करोड़ नौकरी देने का वादा करने वाली मोदी सरकार 10 वर्ष बीत जाने के बाद विश्वासघात कर रही हैं। युवक कांग्रेस के अध्यक्ष सिकन्दर अब्बास रिजवी ने मनोनयन के तहत् तरूण बक्श को नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, मो. आशिफ को नगर पंचायत बंकी, आरिश सईद को देवा नगर पंचायत, सद्दाम हुसैन को फतेहपुर, अब्दुल हक को बेलहरा, अनुराग तिवारी को रामनगर, अब्दुल गफ्फार को दरियाबाद, मो. फरीद को टिकैतनगर, सलमान हाशमी को हैदरगढ़, संदीप गौतम को सतरिख, मेंहंदी रजा को जैदपुर तथा फूल मोहम्मद को नगर पंचायत सिद्धौर का अध्यक्ष मनोनीत किया। कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन ने सभी को बधाई दी।

## सीडीओ के औचक निरीक्षण में विकास भवन से गायब मिले कई अफसर कर्मचारी

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शनिवार को विकास भवन के कार्यालयों में छापेमारी हुई। सीडीओ ने अचानक के निरीक्षण की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया है। साथी कर्मचारी के माध्यम से सूचना पाते ही लेटलतीफी करने वाले कर्मचारी कार्यालय पहुंचे। इस



पहुंच कर विभागों के हालात देखे तो अफ़रा तफरी मच गई। निरीक्षण में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, डिप्टी आरएमओ समेत 14 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इन सभी को नोटिस जारी कर तीनों में जवाब मांगा गया है। शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सुबह करीब 11 बजे विकास भवन पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने कार्यालयों में जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति को देखा। सीडीओ दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मिनाक्षी तांगड़ी, डिप्टी आरएमओ समेत विभिन्न विभागों के 14 कर्मचारी बिना किसी सूचना के गायब मिले। इस पर सीडीओ ने इन सभी से तीनों दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब न देने पर कार्रवाई की बात कही गई है। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने विभिन्न पटलों पर जाकर कर्मचारियों से उनके कार्यो को भी देखा।

# विज्ञान कठपुतली महोत्सव का हुआ आयोजन

## बीमारियों से बचाव के लिए किया गया जागरूक



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को भनवापुर ब्लाक संसाधन केंद्र अंतर्गत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय पेड़ारी में विज्ञान कठपुतली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें पुतुल (कठपुतली) के माध्यम से वेक्टर जनित बिमारियों से बचाव के उपाय के बारे में उपस्थित बच्चों, अभिभावकों व समूहों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संचालक विष्णुकान्त दुबे द्वारा बताया गया कि बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि बीमारिया बड़ी तेजी से फैलती है जिसके बचाव व सुरक्षा के लिए हमें जागरूक रहना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक हम जागरूक नहीं होंगे तब तक बीमारियों को दूर नहीं भगाया जा सकता है। बचाव को लेकर उन्होंने बताया कि मच्छरदानी का नियमित प्रयोग करे, आस-पास की जगह पर साफ-सफाई रखे। इस के अलावा खिड़कियों में जाली लगवाना,टायरों, डिब्बों, गमलो इत्यादि में पानी इकट्ठा न होने देना, पूरी आस्तीन की कमीज पहनना आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के इ. प्रअ अनवार अहमद, हरेन्द्र मौर्या, गुले तैय्यबा मलिक, एहतेशाम मलिक, परवेज, नौशाद आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्राणघातक हमला करने के मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** राइस मिल से पालिश लेने जा रहे युवक पर प्राण घातक हमला के प्रकरण में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध हत्या का प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवक पर पहले अवैध असलाह से हुए फायर, गोली मिस होने पर सिर पर असलाह के बट से किए गए प्राण घातक हमले को झुठला रही थी। घटना मालीपुर थाना के सल्लाहपुर अकबेलपुर एक विद्यालय के पास बीबीपुर भूसौली गांव निवासी सचिन यादव के साथ बीते 13 फरवरी को घटित हुई थी। पीड़ित सचिन के भाई संतोष यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि बीते मंगलवार की सुबह उसका भाई सचिन जानवर का चारा लेकर आ रहा था। इसी बीच बीबीपुर भूसौली गांव के आशुतोष पाल, सुल्तानपुर जनपद के अखंडनगर थाना के नारायणपुर गांव निवासी नारायण दुबे तथा मालीपुर थाना के अकबालपुर निवासी अमित पाण्डेय ने घेर कर उसके भाई सचिन को गालियां देने लगे तथा हाथ में लिए असलहा से फायर कर दिया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा में प्रथम पाली में 28 व द्वितीय पाली में 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शनिवार को नगर स्थित पीपुल्स इंटर कॉलेज डुमरियागंज के परीक्षा केंद्र पर पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 की प्रथम व द्वितीय पाली की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सकुशल संपन्न हुई। पहली पाली में 432 परीक्षार्थियों में से 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, कुल मिलाकर 404 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया, वही द्वितीय पाली की परीक्षा में 432 परीक्षार्थियों में से 396 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया हैं और 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा केंद्र पर उपजिलाधिकारी डॉ संजीव कुमार दीक्षित, पुलिस क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा, थानाध्यक्ष मुकेश राय सहित पूरा प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा और पुलिस फोर्स के जवान मुस्तैदी से तैनात रहे। दोनों पाली की परीक्षा शुरू होने से पूर्व परीक्षा केंद्र के गेट पर बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन और



**पुलिस की मुस्तैदी के बीच शांति से सम्पन्न हुई परीक्षा**

परीक्षार्थियों की गहन तलाशी के बाद उनको परीक्षा केंद्र प्रवेश करने दिया गया। इस संबंध में केंद्र व्यवस्थापक चिंताराम चौधरी ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर परीक्षा संपन्न कराने के लिए कुल 40 कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गई थी। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा सुबह में 10 बजे से 12 बजे तक संपन्न हुई, परीक्षा में 432 परीक्षार्थियों में से 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए हैं, कुल 404 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी हैद्य इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा 3 बजे से 5 बजे तक सम्पन्न हुई, परीक्षा में 432 परीक्षार्थियों में से 396 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया हैं और 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए हैं।

दोनों पालियों की परीक्षा में परीक्षार्थियों की उत्सुकता देखने लायक थी, परीक्षा में लेट न हो इसलिए घंटो पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर कई घंटो तक लाइन में खड़े रहें। इस दौरान राम सिंह, श्याम सुंदर मौर्या, शैलेश सिंह, सतीश सिंह आदि पुलिस के जवान उपस्थित रहे।

## अभिषेक पाल ने किया कंबल का वितरण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बांसी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भवारी में शनिवार को सांसद पुत्र भाजपा नेता अभिषेक पाल के द्वारा गरीब, असहायों एवं जरूरत मंदों में कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष परमात्मा पांडेय,भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिंकर मिश्रा, बूथ अध्यक्ष प्रेम सागर त्रिपाठी, प्रधान रामकुमार पासवान, पिंटू यादव, सुभाष त्रिपाठी, अनूप शुक्ला, राघवेंद्र, दिनेश त्रिपाठी, रामदास प्रजापति सहित अन्य लोगों की उपस्तिथि रही।

## डीएम व एसपी ने परीक्षा सेंटरो का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा-2023 के दृष्टिगत प्रथम एवं द्वितीय पाली परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने हेतु परीक्षा सेंटरो का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। द्वितीय पाली में रतनसेन इण्टर कालेज, तिलक इंटरमीडिएट कालेज व डा. दशरथ चौधरी पॉलिटेक्निक बांसी इत्यादि परीक्षा सेंटरो का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# वांछित चोरों के साथ हुई मुठभेड़ में एक गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



- उसका थाना क्षेत्र में एक ही रात में कई दुकान व घरों में हुई थी चोरी
- वांछित चोर के पास से एक अदद तमंचा व खोखा, कारतूस, चोरी के सामान व पैसा पुलिस ने किया बरामद

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह के आदेश के क्रम में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान प्रचलित है। थाना उसका बाजार पर विगत 13 फरवरी को पंजीकृत मुअसं 22/2024 धारा 457, 380, 411 भा.द.वि. के अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु शुक्रवार की रात्रि में उ.नि. रोहित कुमार उपाध्याय थानाध्यक्ष उसका बाजार मय हमराह व उ.नि. शेषनाथ यादव प्रभारी एसओजी मय हमराह व उ.नि. सुरेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस की संयुक्त टीम पकडी बाजार पर पुलिस भर्ती परीक्षा मे व्यवधान डालने वाले असामाजिक तत्वो के सम्बन्ध मे वार्ता कर रहे थे, कि तभी सिद्धार्थनगर से एक मोटरसाइकिल उसका बाजार की तरफ जाने वाले मार्ग के तरफ आ रही थी नजदीक आने पर पुलिस टीम उक्त गाड़ी को हाथ व टार्च से रोकने का इशारा किया, तो उक्त मोटरसाइकिल बड़ी तेजी से पुलिस टीम के ऊपर बाइक चढ़ाने की नियत से आया। हिकमत अमली से पुलिस के लोग बच गये। उक्त मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति सवार थे तथा यह चिल्लाते हुये भाग गये पुलिस वाले है तथा गाली देते हुये तेजी से निकल गये। शक पुस्ता होने पर कि ये दोनो संदिग्ध हैं। अपनी अपनी गाड़ियो मे सवार होकर पुलिस टीम द्वारा इनका पीछा किया गया उक्त मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध महुलानी जाने वाले मार्ग पर मुड़ गये पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया। आगे एक पुलिया पर पहुचते पहुचते संदिग्ध की मोटरसाइकिल अनियन्त्रीत हो गयी। पीछे बैठा व्यक्ति मोटरसाइकिल से असंतुलित होकर गिर गया दूसरा संदिग्ध व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर भाग गया।उक्त संदिग्ध व्यक्ति ने थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय को निशाना लगाये हुये जान मारने की नियति से फायर कर दिया जो उनके कान के बगल से सनसनाती हुई निकल गई। जिससे वह बाल बाल बच गये। पुनः पुलिस पार्टी ने उक्त संदिग्ध व्यक्ति को आत्मसमर्पण करने हेतु कहा, लेकिन उक्त संदिग्ध व्यक्ति तत्काल पुनः अपने तमन्चे मे दुसरी गोली भर लिया और कोई उपाय न देखकर पुलिस पार्टी के तरफ से एक फायर थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय द्वारा अपनी सरकारी पिस्टल से व एक फायर एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव ने अपनी सरकारी पिस्टल से आत्मरक्षार्थ किया गया तो उक्त संदिग्ध व्यक्ति गिरकर चिल्लाने लगा। पुलिस ने बचाते हुये समय करीब 10 बजे रात्रि वसीम पुत्र अब्दुल अजीज निवासी बुद्धनगर थाना व जनपद सि.नगर हालपता काशीराम आवास ब्लाक 18 थाना व जनपद सि.नगर को पकड़ लिया। वांछित चोर के पास से एक अदद तमंचा व खोखा, कारतूस ,चोरी के सामान व पैसा पुलिस ने बरामद किया। गिरफ्तार / घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. रोहित उपाध्याय थानाध्यक्ष थाना उसका बाजार, उ.नि.शेषनाथ यादव प्रभारी एसओजी, उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह सर्विलांस सेल, उ.नि.संतोष यादव थाना उसका बाजार, का. विद्यासागर यादव, का.शरद गुप्ता, का.नरेन्द्र देव चौहान थाना उसका बाजार, हे. का. राजीव शुक्ला, हे.का.आशुतोष धर दुबे, का. विरेन्द्र तिवारी, का.छविराज एसओजी, हेका. हिन्द आजाद, विवेक, का. अभिनन्दन सर्विलांस सेल शामिल रहे।

# पीडीए पंचायत का आयोजन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले के शोहरतगढ़ विधानसभा में सिसवा चौराहे पर आज पीडीए पंचायत का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्र मशाल ने कहा कि श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को ऐतिहासिक विजय दिलाएगा। समाजवादी पार्टी ही समाज में कमजोर तबके के अन्याय और शोषण की लड़ाई ईमानदारी से लड़ती है। समाजवादी सरकार में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की स्थापना कर तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने सिद्धार्थनगर के लिए ऐतिहासिक कार्य किया। समाजवादी विचारधारा से ही लोकतंत्र और संविधान बचेगा।इसलिए समाजवादी पार्टी को मजबूत कर देश को पूंजीपतियों के हाथों में बिकने से बचाया जा सकता है। बैठक की अध्यक्षता शोहरतगढ़ विधानसभा अध्यक्ष हरिनारायण यादव ने किया। पीडीए पंचायत को छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव अजय चौरसिया, यूथ बिग्रेड के नि. जिला महासचिव अमित यादव, वंशीधर शर्मा ने संबोधित किया। पीडीए पंचायत का आयोजन पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव डॉ अमित शर्मा ने किया। इस अवसर पर सर्वश्री सूरज, जसपाल, लाल जी , महंत, विनोद प्रसाद, सेशराम, रामवृक्ष सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भगवान भागवत जी ही सनातन संस्कृति के जनक है

**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** भगवान भागवत जी ही सनातन संस्कृति के जनक है। इस ग्रंथ में 4 वेद 6 शास्त्र 18 पुराण का समावेश है। इस ग्रंथ को पढ़ने सुनने मात्र से जनमानस अपने संस्कृति को जान जाता है और सदमार्ग का अनुशरण करता है। यह सद्विचार बृंदावन धाम से आये कथा वाचक आलोकानंद जी महाराज ने छरदही गांव मे चल रही ग्यारह दिवसीय संगीतमयी श्रीमदभगवत कथा के दूसरे दिन ब्यास पीठ से प्रवचन सत्र मे ब्यक्त किया। उन्होंने कथा को विस्तार देते हुए कहा कि जब यह संसार दुखित थकित था तब मनुष्य की पीड़ा देखकर श्री वेदव्यास जी ने 18 हजार श्लोकों में श्रीमद भागवत पुराण को लिखा और अपने पुत्र श्री शुकदेव जी अध्ययन कराया। जब कलयुग के स्थान पूछने उन्होंने जातरूप अर्थात सोने में वास दिया तो वह महाराज परिक्षित जी के मुकुट में बैठ गया। जिससे मतिभ्रम होने के कारण महाराज परिक्षित ने शमिक ऋषि के गले में सर्प डाल दिया और महाराज परिक्षित को शृंगी ऋषि ने श्राप दे दिया की सात दिन में राजा की मृत्यु हो जायेगी। तब महाराज श्री शुकदेव जी ने आकर सात दिन तक श्री मद्भागवत कथा सुनाई थी। कार्यक्रम में मुख्य यजमान पं मुरलीधर द्विवेदी, विध्याचल द्विवेदी, अष्टभुजा, योगेश, नरेंद्र दुबे, आनंद मिश्रा, वीरेंद्र दुबे, राम प्रकट उपाध्याय, गंगाराम दुबे, नरसिंह प्रसाद दुबे, राधे गोस्वामी, विजली गिरी, रामगोपाल दुबे, हरि गोविंद द्विवेदी, अजय दुबे, बंटी दुबे, झारखंडे गिरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



## मतगणना शेड का किया गया निरीक्षण

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी एवं पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने मंडी समिति स्थित स्ट्रांगरूम, मतगणना शेड, वाहन पार्किंग तथा सम्पूर्ण परिसर का निरीक्षण किया। इस संबंध में दोनों अधिकारियों ने सम्बंधित अधिकारी को आवश्यक कार्य कराने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, उपजिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, मण्डी समिति के सचिव एवं संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## परीक्षा केंद्रों का लिया गया जायजा

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** उ0प्र0 आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती 2024 की लिखित परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अंद्रा वामसी एवं पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने परीक्षा केंद्रों यथा कर्मादेवी शिक्षण संस्थान, राजकीय इंटर कालेज, खैर इंटर कॉलेज, श्रीकृष्णा पाण्डेय इंटर कॉलेज, एजुकेशन एकेडमी संसारपुर फुटहिया आदि का भ्रमण/निरिक्षण किया। दोनो अधिकारियों ने कॉलेज/विद्यालयों के प्रधानाचार्य व प्रबंधन से वार्ता कर शासन से प्राप्त आदेशों का पालन कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर बैठक

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी @4.0 का आयोजन 19 फरवरी को मध्यान्ह् 12.00 बजे से कलेक्टेऊट सभागार में प्रस्तावित है। उक्त जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप ने बताया है कि उक्त कार्यक्रम में जनपद के समस्त निवेशक आमंत्रित है। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी उक्त कार्यक्रम में दिखाया जायेंगा। उन्होने बताया कि जनपद के मा. प्रभारी मंत्री, सांसद, समस्त विधायकगण, मण्डलायुक्त एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उक्त कार्यक्रम में उपस्थित हो।

## महिला सशक्तिकरण के तहत किया गया जागरूक

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण के तहत महिला सशक्तिकरण जागरूकता हेतु जनपद अम्बेडकरनगर में उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज 4. के दृष्टिगत महिला सशक्तिकरण में चुप्पी तोड़ो, खुल कर बोलो का सन्देश लेकर जनपद में महिलाओं /बालिकाओं/ छात्राओं को नारी सुरक्षा,नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में जनपद की महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र/ग्राम पंचायत/वार्ड/मोहल्लों की महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ साइबर अपराध व 01. निराश्रित विधवा पेंशन योजना 02. जननी सुरक्षा योजना 03. मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना 04. मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 05. बेटी बचाओ-बेटी पढाओ 06. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि विभिन्न योजनाओं के प्रति किया गया जागरूक । मिशन-शक्ति-अभियान के तहत थाना इब्राहिमपुर से महिला कांस्टेबल रेशमा द्वारा स्थान- बसंतपुर में व थाना महरूआ से महिला होम गार्ड रेनु पाठक, हेड कांस्टेबल कमलेश सरोज द्वारा महरूआ चौराहा पर व महिला थाना से महिला होमगॉर्ड कौशल्या, पीआरडी गोमती द्वारा व थाना हंसवर से महिला कांस्टेबल अर्चना सिंह द्वारा स्थान हीरापुर में व थाना बेवाना से महिला कांस्टेबल कविता यादव द्वारा ग्राम बेवाना में व थाना जहांगीरगंज से महिला कांस्टेबल अनीता द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया।

## घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक धाराओं में तीन लोगो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्यवाही शुरू कर दिया है। प्रकरण जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि विपक्षी प्रीतम व प्रेम निवासी सोहगूपुर निखिल निवासी कुसुम खोर थाना जैतपुर एक मनबढ़ और दबंग किस्म के लोग हैं। जो बीते 15 फरवरी को रात लगभग 8 बजे घर का दरवाजा तोड़कर घर में घुस गए हाथ खींचने लगे जोर-जोर से चिल्लाने लगी शोर शराबा सुनकर परिजन पुराने घर से आ गए। विपक्षी धारदार कुल्हाड़ी एवं लोहे के पाइप से जानलेवा हमला करते हुए बुरी तरह से पीटने लगे। जिसमें पिता के सिर में कुल्हाड़ी से वार करते हुए सर फोड़ दिया जिससे गंभीर चोट आई बीच बचाव करने पहुंची माता को भी चोटे आई और शोर शराबा सुन जब तक ग्रामीण एकत्रित होते तब तक हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# वर्चुअल भाषण प्रतियोगिता में युवाओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

## नेयुके सिद्धार्थनगर, पीलीभीत व गोरखपुर के युवाओं ने किया वर्चुअल प्रतिभाग

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला युवा सांसद कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय सिद्धार्थनगर पर वर्चुअल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पूर्व निर्धारित विषय- विकसित भारत - श्रेष्ठ भारत, भविष्य को सशक्त बनाना, युवाओं के नेतृत्व वाली पहल, आत्मनिर्भर से विकसित भारत तक युवाओं द्वारा संचालित भारत का विकास आदि विषय पर वर्चुअल भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में जनपद पीलीभीत से -11, गोरखपुर से 09 व नेयुके सिद्धार्थनगर से 6, सहित कुल 26 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। वर्चुअल भाषण प्रतियोगिता में जनपद पीलीभीत से विभव गोयल प्रथम, शशांक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गोरखपुर जनपद से दिव्यांशी प्रथम एवं सुईउरहमान ने द्वितीय ने व सिद्धार्थनगर से मुस्कान प्रथम स्थान एवं संदीप त्रिपाठी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उक्त भाषण प्रतियोगिता में जनपद स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान लाने वाले युवाओं को नेहरू युवा केन्द्र द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यही लोग राज्य स्तर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। जिसमें प्रतिभागियों को स्थान प्राप्त करने पर प्रथम पुरस्कार दो लाख, द्वितीय पुरस्कार एक लाख पचास हजार तथा तृतीय पुरस्कार एक लाख रुपए प्रदान किया जाएगा। वर्चुअल भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में पत्रकार कैलाश नाथ द्विवेदी, प्लान इंडिया के समन्वयक प्रसून शुक्ल, प्रवक्ता नित्यानंद, सुनील कुमार पाण्डेय व उत्कर्ष सेवा संस्थान के विक्रांत मणि त्रिपाठी रहे। इसी क्रम में केन्द्र कार्यालय पर कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर उन्हें जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव, एपीए शुभम पंत, ओंकार नाथ मिश्र, रूपेश मिश्र एवं अन्य राष्ट्रीय स्वयं सेवकों की उपस्थिति रही।

## सरस्वती पूजा कार्यक्रम में जुट रही श्रद्धालुओं की भीड़

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बसंत पंचमी के दिन से



भानपुर रानी मे चल रहे पांच दिवसीय मां सरस्वती पूजन कार्यक्रम मे श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। भानपुर रानी मे मां सरस्वती पूजन कार्यक्रम का आयोजन प्रथम बार किया गया है। जिसका 18 फरवरी को पूजन का हवन के बाद समापन होगा। भानपुर रानी में दुर्गा पूजा, लक्ष्मी पूजा, महाशिवरात्रि, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, भगवती जागरण, यज्ञ इत्यादि धार्मिक कार्यक्रम का हर साल आयोजन किया जाता है। लेकिन मां सरस्वती पूजन कार्यक्रम का आयोजन पहली बार होने से ग्रामवासी काफी प्रसन्न और उत्साहित हैं। वही शुक्रवार की रात कथावाचक पंडित पुजारी प्रसाद दूबे ने मां सरस्वती के महिमा के बारे मे लोगों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि विद्या एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती का आशीर्वाद जिसे भी प्राप्त होता है वह बहुत ही खुशनसीब होता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में कुछ समय धार्मिक कार्यों में भी देना चाहिए जिससे मन को शांति मिले। उन्होंने लोगों से यह भी कहा कि जब तक हम अपने हृदय में परिवर्तन नहीं लायेंगे तब तक आस्था और विश्वास की डोर कमजोर रहेगी। इस अवसर पर अमन-चैन कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास्तव, शिवकुमार रावत, परमेश्वर विश्वकर्मा, संचित प्रजापति, सुभाष सैनी, लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार प्रजापति, कल्पनारायण अग्रहरि, रमेश पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने किया ऑनलाइन हाजिरी को लेकर विरोध प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सिद्धा र्थनगर के जिला मन्त्री/ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी का विरोध किया। इस अवसर पर राकेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह आदेश पूर्णतः अतार्किक और अव्यवहारिक है। जब तक शिक्षको की सभी मांगे मान नहीं ली जाती हैं, हम किसी भी प्रकार के ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षकों के हितों के लिए हमेशा लड़ाई लड़ता रहा है। ऑनलाइन व्यवस्था द्वारा कार्य करने के निर्णय का तब तक समर्थन नहीं किया जाएगा। जब तक हमारी महत्वपूर्ण मांगे पूरी नहीं हो जाती है और विरोध प्रदर्शन का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी महत्वपूर्ण मांगों में-



**राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ डुमरियागंज इकाई के तत्वाधान में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए तमाम शिक्षक**

समय से जनपद के अन्दर एव बाहर स्थानांतरण, कैशलेश चिकित्सा, मानक के अनुसार शिक्षक, पुरानी पेंशन, सामूहिक बीमा, सीसीएल, मेडिकल, 30 अर्जित अवकाश, 14 अर्द्ध दिवसीय अवकाश, राज्य कर्मचारियों के समान निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, अनहोनी या मृत्यु होने पर शिक्षकों के परिवारों को आश्रित नौकरी व एक करोड़ रुपए का मुआवजा, वरिस्टता सूची के आधार पर समय से प्रमोशन, शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्ति, अवकाश के दिनों में लिए जाने वाले कार्यों के बाद अतिरिक्त अवकाश दिए जाने की व्यवस्था लागू किया जाए। इस अवसर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी मनोज द्विवेदी, शेष राम यादव, राम सिंह पाल, इश्तियाक अहमद, रमेश कुमार यादव, दिलीप शर्मा, रविन्द्र निगम, चंद्र भूषण दूबे, विवेक द्विवेदी, राजेश त्रिपाठी, राम नरायन दूबे, मुशीर अहमद सहित अमृत लाल, आनन्द मिश्रा, रुखसार आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की मनायी गयी 36वीं पुण्यतिथि

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सपा जिला कार्यालय पर शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जी की 36वीं पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लाल जी यादव की अध्यक्षता में श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई गई।

इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि श्रद्धेय कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन संघर्षो से भरा रहा। बिहार के मुख्यमंत्री रहने के बावजूद वह रिक्शा से चलते थे। उनकी सादगी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा का लोहा पूरी दुनिया मानती थी। उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और अपने प्रदेश में सबसे पहले उन्होंने शिक्षा को मुफ्त करने के साथ-साथ अंग्रेजी की अनिवार्यता को भी खत्म करने का काम किया तथा सामाजिक न्याय की लड़ाई में उन्होंने दलितों और पिछड़ों को सम्मान से जीने का अधिकार दिलाया। कर्पूरी ठाकुर जी भले ही आज हम लोगों के बीच में नहीं है लेकिन उनके आदर्श उनके सिद्धांत और उनकी नीतियां आज भी प्रासंगिक है। उनके विचारों और सिद्धांतों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता बेचई यादव, नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी, मुरली मिश्र, मणींद्र मिश्र, मशाल, अनूप यादव, चंद्रमणि यादव, परशुराम यादव, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, रामसेवक लोधी, सुनील यादव, सर्व देव यादव, चंद्रहास यादव, अनिल यादव, राधेश्याम यादव, संजीत यादव व अमित यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## नागरिकता संशोधन अधिनियम

हिमाचल प्रदेश समान नागरिक संहिता लागू किये जाने के बाद इसको लेकर विवाद पैदा किया जा रहा है। किसी की न तो इससे नागरिकता छीनी जा रही है न किसी धर्म पर चोट की जा रही है। खासकर महिलाओं को कुरनितियों से बाहर निकालने और उनके स्व को सुरक्षा और गरिमा प्रदान करने के लिये यह कानून बड़ा तर्कसंगत है। बहु विवाह, हलाला, तीन तलाक का शिकार महिलायें ज्यादा होती है। मुस्लिम समाज में नाजायज फायदा उठाया जाता रहा है। अगर इसे समाप्त किया गया है तो किस प्रकार उनके धर्म पर हमला हो रहा है। केवल भ्रम फैलाकर स्वार्थी तत्व अपनी रोटी सेकने में लगे है। मीडिया में अपने को बनाये रखने के लिये नाटक करते रहते है। कुछ मुस्लिम नेता अनर्गल भड़काऊ प्रलाप कर रहे हैं क्योकि उनका स्तीत्व उसी से है मुख्य धारा की राजनीति में उनकी आवाज कोई नहीं सुनता है। इनेगिने लोगों को बहकाकर भड़काना ही उनकी नेतागिरी है। इसे लेकर हिसांत्मक प्रदर्शन भी हो रहे है, तोड़फोड़ भी हो रहा है। भारत के खिलाफरहने वाले साम्प्रदायिक देश इसे बढ़ाने में लगे हुये है। चूकि यह चुनाव का साल है इसीलिये अवाछनीय तत्व खुराफात कर रहे है जो उनका शगल है। अब गृहमंत्री अमित शाह कह रहे है नागरिकता संशोधन अधिनियम पूरे देश में लागू होगा और चुनाव से पहले लागू होगा। यह नागरिकता का संशोधन अधिनियम है न कि समान नागरिकता अधिनियम भ्रम फैलाने के लिये इसे समान नागरिकता एक्ट से जोड़ा जा रहा है। शाह ने स्पष्ट कहा है इससे किसी की नागरिकता छीनी नही जायेगी। बल्कि बांग्ला देश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान से प्रताड़ित उन गैर मुस्लिम प्रवासियों हिन्दू, जैन, सिख, बौद्ध, पारसी और इसाई जो 31 दिसम्बर 1914 तक भारत आये थे उनको भारतीय नगरिका दी जायेगी। सीएए देश का कानून है इसलिये इसकी अधिसूचना भी जारी की जायेगी। यह काम चुनाव से पहले होगा। जब देश का विभाजन हुआ तो पड़ोसी देशो में प्रताड़ित अल्पसंख्यक भारत आना चाहते थे। कांग्रेस ने इन लोगो को भारत की नागरिकता देने का वादा किया था। कहा था अपका स्वागत है। फिर कांग्रेस पीछे हट गई। तबसे ये लोग भारत में बिना नागरिकता हासिल किये रह रहे है। अब भाजपा सरकार इन्हें मुख्य धारा में लाने के लिये भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान कर रही है। इसे लेकर शाह का कहना है हमारे भारतीय भाइयों को भड़काया जा रहा है। जबकि वह बार बार स्पष्ट कर रहे है इससे किसी नागरिकत छीनी नहीं जायेगी। खासकर मुस्लिम भाइयों को इसे लेकर भड़काया जा रहा है। जबकि कानून में किसी की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नही है। यह उन लोगों को लिये बनाया गया है जो बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक उत्प्रीड़ का सामना करके आये है। इसका विरोध करने का कोई औचित्य समझमें नहीं आता है। दिसम्बर 2019 में संसद द्वारा पास राष्ट्रपति के मंजूरी के बाद देश के कुछ हिसरो में विरोध प्रदर्शन हुये थे।

दरसल चूकि चुनाव का साल है जिन्हें नागरिकता मिलेगी किसे मत देगे इसे लेकर विपक्षियों में खालबली है। क्योकि स्वाभाविक है जो सरकार उन्हें नागरिकता प्रदान करेगी उसके प्रति वफादार रहेगे। बहरहाल चुनाव से पहले ही सीएए लागू होगा भाजपा का संकल्प है।

## फैशन की लहर में नौसेना की पोशाक बह गई ! पसंदीदा हो गई


के. विक्रम राव

एक युगांतकारी निर्णय में भारतीय नौसेना ने अपने भोजन मैस में अफसरों को टाई कोट आदि के ब्रिटिश पोशाक को तजकर पैजामा कुर्ता पहनकर प्रवेश का नियम स्वीकारा है। मगर इस भारतीयकरण में सेना को 75 वर्ष लगे। प्रधानमंत्री का आह्वान था गुलाम-मानसिकता से मुक्ति का। कुर्ते पर बिना बाहों का जैकेट भी पहन सकेंगे। याद आयी कोलकाता में गोरे साहबों के प्रिय ग्रेट ईस्टर्न होटल की वह घटना। बात आजादी के कुछ सालों बाद की है। स्वाधीनता सेनानी और कांग्रेस नेता पूर्वांचल के अलगू राय शास्त्री को इसी होटल में टांगे और बाहें पकड़ कर, झुला कर होटल से बाहर फुटपाथ पर फेंक दिया गया था। कारण यही कि शास्त्रीजी धोती कुर्ता पहनकर इस ब्रिटिश साम्राज्यवाद की आखिरी निशानी में गए थे। इस होटल में सूट और टाई अनिवार्य पोशाक थी।

शास्त्री जी ने दिल्ली पहुँचकर प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को लिखा कि ÷इसी दिन के लिए क्या हम सब अंग्रेजों से लड़े थे।÷ खैर नेहरू ने टालने का प्रयास किया। पर मीडिया में बात खूब उछली। इसी परिवेश में नौसेना का वेश भूषा वाला नया नियम स्वागतयोग्य है। यूं राष्ट्रीय पोशाक हर स्वाधीन देश की होती। हर देश की राष्ट्रीयता का ही हिस्सा होती है। हाथ से बनी खादी का पैजामा कुर्ता भारत की जंगे-आजादी की कभी वर्दी हुआ करती थी। मगर अपने गत वर्ष के रायपुर अधिवेशन में सोनिया-कांग्रेस ने सदस्यों द्वारा खादी पहनने की अनिवार्यता समाप्त कर दी। बल्कि शराब पीने की पाबंदी हर कांग्रेसी के लिए खत्म कर दी। अर्थात गांधीवाद से तलाक पूरा हो गया। समाजवादी लोग अभी भी लाल टोपी में दिखते हैं। हालांकि डॉ. राममनोहर लोहिया ने कभी भी लाल टोपी नहीं पहनी। सफेद गांधी टोपी ही धारण करते थे। जयप्रकाश नारायण भी। यूं हर देश में फैशन डिजाइनिंग, खासकर वस्त्रों के बारे में, काफी विविधता लिए विकसित हुआ है। यह कपड़ों पर डिज़ाइन और सौंदर्य को साकार करने की कला है। सांस्कृतिक और सामाजिक व्यवहार से फैशन प्रभावित होते हैं। कपड़े और उपसाधन डिज़ाइन करने में विभिन्न तरीकों से काम करते हैं। कुछ डिज़ाइनर अकेले या कुछ समूह में काम करते हैं। वे फैशन डिज़ाइनर बनाये हुए कपड़े सिर्फ उपयोगिता की दृष्टी से ही नहीं बल्कि दिखने में भी अच्छे लगें। उन्हें इस बात का ध्यान रखना पड़ता है। वह कपड़ा कौन पहनेगा और उसे किन मौकों पर पहना जायेगा ? विविध पहनावे, विशेषकर सेना के लिए, परिधान की स्पष्ट रूपरेखा का इतिहास रहा। यह फैशन डिज़ाइन 19 वीं शताब्दी में चार्ल्स फ्रेडरिक वर्थ से शुरू हुआ था। अपने बनाये कपड़ों पर अपने नाम का लेबल लगाने वाला वह पहला डिज़ाइनर था। ड्रेपर, चार्ल्स फ्रेडरिक वर्थ द्वारा पेरिस में अपना मैसन कोचर (फैशन हाउस) स्थापित करने से पहले, कपड़ों का डिज़ाइन एवं निर्माण ज्यादातर अनाम दर्जियों द्वारा किया जाता था।

फैशन की अवधारणा शाही दरबार के वस्त्रों से आती थी। पोशाकों की फैशन का आजाद भारत में विकास खूब हुआ है। कभी नेहरू जैकेट और अचकन होती थी। फिर मोरारजी देसाई की तीखी नोकवाली सफेद टोपी आई। धोती भी मराठी और हिंदी प्रदेश की दिखती है। हालांकि राष्ट्रीय पोशाक कई आकर के होते हैं। यह आम बात है कि पहनावे से उस व्यक्ति की राष्ट्रीयता का भान हो जाता है। भारत में तो प्रदेश का अंदाज भी लग जाता है। मगर यह परिचर्चा मात्र पुरुषों के पहनावे से है। महिलाओं की विविधता और आकर्षक को सीमाबद्ध नहीं किया जा सका है। इसीलिए भारतीय नौसेना का पजामा-कुर्ता वाला अब नये डिजाइन को खूब प्रोत्साहित करेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# एनआरआई ओसीआई दूल्हों की अब खैर नहीं


किशन सनमुखदास भावनानी

**वैश्विक स्तरपर नारी को सबसे अधिक सम्मान और पूज्यनीय के स्थान का दर्जा भारत को आदि अनादि काल से मिला हुआ है। यहां नारी को मां काली मां लक्ष्मी मां दुर्गा मां सरस्वती सहित अनेक देवी शक्तियों के स्थान प्राप्त हैं। परंतु फिर भी हम देखते हैं कि नारी अत्याचार के केस शादी धोखाधड़ी, रेप,अन्याय के केस बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में पश्चिम बंगाल में संदेशखाली महिला यौन उत्पीड़न का मामला पूरे देश में गूंज रहा है। अनेक आंदोलन हो रहे हैं सभी पार्टियां अपने-अपने ढंग से प्रोटेस्ट कर रही है। वहीं हम लंबे अरसे से देख रहे हैं कि भारत की बेटियों के साथ एनआरआई ओसीआई द्वारा खूब ख्याली ख्वाब दिखाकर शादी की जाती है, फिर उन्हें या तो विदेश ले जाकर कुछ महीने बाद छोड़ दिया जाता है या फिर विदेश नहीं ले जाकर वहां ले जाने के ख्वाब दिखाकर रफू चक्कर हो जाने के मामले हम प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अक्सर देखते रहते हैं, जिसपर सरकार ने संज्ञान लेकर लॉ कमीशन को रिपोर्ट के लिए सेवा नृत्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई थी, अब लॉ कमीशन ने आज दिनांक 16 फरवरी 2024 को देर शाम केंद्रीय कानून मंत्री को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।**

अब आने वाले समय में हम देखेंगे कि एनआरआई और ओसीआई द्वारा भारतीय बेटियों के साथ वैवाहिक धोखाधड़ी रोकने कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ हुई है अब शादी के बाद पत्नी छोड़कर जाने वाले एनआरआई दुल्हनों पर सख्त गाज गिरेगी। चूंकि लॉ कमीशन ने अब कानून मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय दुल्हनों को छोड़कर भागने वाले एनआरआई ओसीआई दूल्हों की अब खैर नहीं, लॉ कमीशन ने रिपोर्ट सौंप दी है, इसलिए अब भारतीय बेटियों से वैवाहिक धोखाधड़ी करने वाले एनआरआई और ओसीआई को भारतीय कानून के सख्त दायरे में लाना समय की मांग है।



साथियों बात अगर हम लॉ कमीशन द्वारा कानून मंत्रालय को दिनांक 16 फरवरी 2024 को देर शाम सौंपी रिपोर्ट की करें तो, विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस (सेवानिवृत्त) ने विधि मंत्रालय को अनिवासी भारतीयों और भारत के प्रवासी नागरिकों से संबंधित वैवाहिक मुद्दों पर कानून नामक रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोग की राय है कि प्रस्तावित केंद्रीय कानून अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारतीय मूल के प्रवासी विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के भारतीय नागरिकों के साथ विवाह से जुड़े सभी पहलुओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त रूप से व्यापक होना चाहिए। विधि आयोग का कहना है कि नॉन रेजिडेंस इंडियन और भारतीय नागरिकों के बीच सभी शादियों को अनिवार्य रूप से भारत में रजिस्टर्ड किया जाना चाहिए। कानून और न्याय मंत्रालय को सौंपी गई एक रिपोर्ट में लॉ कमीशन ने सिफारिश की है कि झूठे आश्वासन, गलत बयानी और शादी के बाद छोड़ देने जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कदम बेहद जरूरी है। हालही में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जहां, उनके पतियों द्वारा उन्हें छोड़ दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है एनआरआई द्वारा भारतीय पार्टनर्स से शादी करने के मामलों में धोखाधड़ी वाली शादियों की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो चिंता का विषय है। कई रिपोर्ट्स इस बढ़ते पैटर्न को उजागर करती हैं जहां ये शादियां धोखा साबित हुई हैं, जिससे भारतीय पार्टनर, विशेषकर महिलाओं को मुश्किल परिस्थितियों में डाल दिया जाता है।आगे यह सिफारिश की गई है कि एनआरआई/ओसीआई और भारतीय नागरिकों के बीच सभी शादियों को भारत में अनिवार्य रूप से पंजीकृत किया जाना चाहिए। पैनल ने सिफारिश की है कि नए कानून में तलाक, जीवनसाथी के भरण-पोषण, बच्चों की कस्टडी और भरण-पोषण और एनआरआई और ओसीआई पर समन, वारंट या न्यायिक दस्तावेजों की तामील के प्रावधान भी शामिल होने चाहिए। कानून में बदलाव की सिफारिशइसमें कहा गया है कि वैवाहिक स्थिति की घोषणा, एकपति-पत्नी के पासपोर्ट को दूसरे के साथ जोड़ना और दोनों पति-पत्नी के पासपोर्ट पर मैरिज रजिस्ट्रेशन नंबर का उल्लेख करना अनिवार्य करने के लिए पासपोर्ट एक्ट 1967 में आवश्यक संशोधन किए जाने की आवश्यकता है। जस्टिस (सेवानिवृत्त) ने कानून मंत्री को लिखे अपने कवरिंग लेटर में कहा, अनिवासी भारतीयों(एनआरआई) और भारतीय नागरिकों के बीच शादी के मामलों में बढ़ती धोखाधड़ी चिंताजनक है। रिपोर्ट इस बढ़ती प्रवृत्ति को उजागर करती हैं जहां ये शादियां धोखाधड़ी साबित होती हैं, जिससे भारतीय पति-पत्नियों, विशेषकर महिलाओं को अनिश्चित परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। आयोग ने कहा कि इस तरह का कानून न सिर्फ एनआरआई, बल्कि भारतीय मूल के प्रवासी विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के दर्जे के साथ आने वाले लोगों पर भी लागू होना चाहिए।

जस्टिस अवस्थी ने कहा, यह भी सिफारिश की जाती है कि एनआरआई/ ओसीआई और भारतीय नागरिकों के बीच सभी विवाहों को भारत में अनिवार्य रूप से पंजीकृत किया जाना चाहिए। साथियों बात अगर हम लॉ कमीशन द्वारा सुझाए गए बिंदुओं की करें तो, जस्टिस (सेवानिवृत्त) ने कहा कि, यह अनुशंसा की जाती है कि वैवाहिक स्थिति की घोषणा, पति-पत्नी के पासपोर्ट को एक-दूसरे के साथ जोड़ना और दोनों के पासपोर्ट पर विवाह पंजीकरण संख्या का उल्लेख करना अनिवार्य करने के लिए पासपोर्ट अधिनियम, 1967 में अपेक्षित संशोधन किए जाने की आवश्यकता है।आयोग ने याद दिलाया कि इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए अनिवासी भारतीय विवाह पंजीकरण विधेयक, 2019 को 11 फरवरी, 2019 को राज्यसभा में पेश किया गया था।शुरू में, 16वीं (पिछली) लोकसभा ने विधेयक को विदेश मामलों की समिति को भेजा था। इसके बाद, 17वीं लोकसभा के गठन के बाद उसी विधेयक को आगे की पड़ताल के लिए फिर से विदेश मामलों की समिति के पास भेज दिया गया था। विचार-विमर्श जारी रहने के बीच विधि आयोग को विदेश मंत्रालय सेएनआरआई विधेयक, 2019 पर एक संदर्भ प्राप्त हुआ, जो गत अप्रैल में विधि मंत्रालय के माध्यम से मिला। एनआरआई के साथ-साथ भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों के विवाह से जुड़े सभी पहलुओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। पैनल ने कहा कि ऐसा कानून न केवल एनआरआई पर बल्कि उन व्यक्तियों पर भी लागू किया जाना चाहिए जो नागरिकताअधिनियम, 1955 में निर्धारित भारत के प्रवासी नागरिक (ओसीआई) की परिभाषा के अंतर्गत आते हैं।

# सोनिया के रायबरेली छोड़ने से अच्छा संदेश नहीं गया


आशीष वशिष्ठ

"राजनीति में प्रतीकों का बहुत महत्व होता है। नेता अपनी बॉडी लैंग्वेज, संबोधन और बयानबाजी से अपने समर्थकों, साथी नेताओं और आमजन को संदेश समय समय पर देते रहते हैं। पिछले दो तीन महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद से लेकर सार्वजनिक मंचों पर दिये भाषणों पर ध्यान दें तो, वो तीसरी बार सरकार बनाने का दावा पूरे दमखम के साथ करते हैं। जब वो यह कहते हैं कि जब तीसरी बार हमारी सरकार बनेंगी, तो उनका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होता है। वहीं विपक्ष की बड़ी और देश की सबसे पुरानी पार्टी की कांग्रेस की बात करें तो उनके आला नेताओं के बयानों से भारी निराशा और हताशा अनुभव होती है। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी निराशा का माहौल है।



आम चुनाव सिर पर है, और पार्टी के आला नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त है। इसी से अंदाजा लग जाता है कि पार्टी का आलाकमान चुनाव को लेकर कितना अगंभीर है। रही सही कसर पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राज्यसभा के नामांकन ने पूरी कर दी है। संसद को सर्वाधिक 80 सीटें देने वाले उत्तर प्रदेष की रायबरेली सीट से सोनिया गांधी इस बार चुनाव लड़ने का साहस बटोर नहीं पाई। हवाला स्वास्थ्य कारणों का दिया गया है, पर ज्यादा बड़ा खतरा पराजय की संभावना का है। उनका रायबरेली को छोड़ना महत्वपूर्ण फैसला है। इसका प्रतीकात्मक असर कांग्रेस की पूरी राजनीति पर नज़र आएगा। संभव यह भी है कि परिवार की एक और सदस्य प्रियंका गांधी को यहां से उतारा जाए।

राहुल गांधी शायद अमेठी और वायनाड से फिर लड़ें, पर सोनिया गांधी दो जगह से लड़ती, तो मोदी के तंज उन्हें सुनने पड़ते। सोनिया गांधी के लोकसभा चुनाव न लड़ने की वजह बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य कारणों को बताया जा है। अगर उम्र बढ़ रही है या स्वास्थ्य खराब है तो राजनीति से संन्यास लेना चाहिए या फिर राज्यसभा से संसद जाने से उम्र कम हो जाएगी या सेहत ठीक हो जाएगी? रायबरेली, अमेठी और एक हद तक सुलतानपुर की यह पट्टी 'नेहरू-गांधी खानदान' के लिए बेहद महत्वपूर्ण रही है। फिरोज़ गांधी, इंदिरा गांधी, संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी की यह राजनीतिक नर्सरी रही है। रायबरेली संसदीय सीट गांधी परिवार का गढ़ माना जाता है। इस सीट से फिरोज गांधी और इंदिरा गांधी भी सांसद रह चुकी है। और बाद में उनकी बहू और राजीव गांधी की पत्नी सोनिया गांधी ने 2004 में यह सीट जीती। 2009, 2014 और 2019 के चुनावों में यह सीट कांग्रेस ने जीती। लेकिन अब हालात बदले हुए हैं। जमीनी सच्चाई से आमजन अनजान नहीं हैं। वास्तव में 2019 के आम चुनाव में अमेठी सीट से राहुल गांधी की हार के बाद से गांधी परिवार का आत्मविश्वास हिला हुआ है। राहुल गांधी भी अंदर ही अंदर स्थिति का अंदाजा था। इसलिए उन्होंने अमेठी के अलावा केरल के वायनाड से पर्चा भरा था। रायबरेली सीट पर कांग्रेस का सबसे खराब प्रदर्शन 1996 और 1998 के चुनाव में था। तब उसे 10 फीसदी से भी कम वोट मिले थे, लेकिन 1999 के चुनाव से उसका वोट शेयर फिर बढ़ने लगा। इस चुनाव में राजीव और सोनिया के करीबी गांधी परिवार के वफादार सतीश शर्मा यहां से चुनाव लड़े थे और जीतकर लोकसभा में पहुंचे थे। 2014 से पहले तक रायबरेली में कांग्रेस के मुख्य प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी हुआ करते थे, लेकिन 2014 के बाद कहानी बदल गई। सपा-बसपा को पीछे धकेल, भाजपा मुख्य प्रतिद्वंदी बन गई। 2014 के चुनाव में भाजपा उप-विजेता थी। 2014 में जहां बीजेपी ने 21.1 फीसदी वोट हासिल किया तो 2019 में 38.7 फीसदी वोट अपने नाम किया। रायबरेली लोकसभा सीट पर कांग्रेस भले ही अच्छा प्रदर्शन करती रही हो, लेकिन हाल के दिनों में विधानसभा क्षेत्रों में कहानी अलग रही है। 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस न केवल रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र के सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों में हार गई। बल्कि इन 5 में से 4 में तीसरे और 1 में चौथे स्थान पर रही। इनमें से 4 सीटों पर सपा ने जीत हासिल की, और 1 पर भाजपा ने। 5 विधानसभा क्षेत्रों में, कांग्रेस को केवल 13.2 प्रतिशत वोट शेयर हासिल हुआ, जो कि सपा के 37.6 प्रतिशत और भाजपा के 29.8 प्रतिशत से बहुत कम था। आपको बता दें कि 2022 के विधानसभा चुनाव में पूरे सूबे में पार्टी को सिर्फ 2 सीट और 2.3 प्रतिशत वोट नसीब हुआ था। 2017 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो कांग्रेस और भाजपा ने रायबरेली लोकसभा सीट की 2-2 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। जबकि सपा ने 1 सीट जीती थी। तब कांग्रेस ने सभी क्षेत्रों में 31.2 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक वोट शेयर हासिल किया था, उसके बाद भाजपा 27.8 प्रतिशत वोट शेयर के साथ दूसरे स्थान पर थी। लेकिन 2017 में यूपी में कांग्रेस की कुल सीटों की संख्या बहुत निराशाजनक थी। कुल 7 सीटें हासिल की थीं और 6.2 प्रतिशत वोट शेयर अपने नाम किया था। 2012 में, जब केंद्र में कांग्रेस की सत्ता थी और रायबरेली लोकसभा सीट उसके कब्जे में थी, तब भी विधानसभा में कुछ खास नहीं कर पाई थी। 2012 में रायबरेली की 5 में से 4 सीटें नवोदित पीस पार्टी ऑफ इंडिया ने जीती थीं। हालांकि 2012 के विधानसभा चुनाव में रायबरेली के विधानसभा क्षेत्रों में खराब प्रदर्शन के बावजूद, कांग्रेस ने यूपी में कुल मिलाकर बेहतर प्रदर्शन किया था। 28 सीटें और 11.7 फीसदी वोट अपने नाम किया था। ऐसे में सोनिया गांधी का रायबरेली छोड़ना यह संकेत है कि गांधी परिवार रायबरेली सीट से अपनी जीत को लेकर पूरी तरह आष्वस्त नहीं है। यूपी में कांग्रेस ने गोविंद वल्लभ पंत, संपूर्णानंद, चंद्रभानु गुप्ता, सुचेता कृपलानी जैसे मुख्यमंत्री दिए हैं। कमलापति त्रिपाठी, हेमवंती नंदन बहुगुणा और नारायण दत्त तिवारी भी प्रभावशाली मुख्यमंत्री रहे। हालांकि 1989 में मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद कांग्रेस का कभी मुख्यमंत्री नहीं रहा। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए लोकसभा चुनाव में राजीव गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस को भारी बहुमत मिला था। उस वक्त 85 सीटों पर लड़ने वाली देश की इस सबसे पुरानी पार्टी को 83 सीटें मिली थीं।

# रामकृष्ण परमहंस ब्रह्मर्षि, देवर्षि एवं त्रिकालदर्शी थे


ललित गर्ग

**अंगुलियों पर गिने जाने योग्य कुछ महान् व्यक्तियों को समय-समय पर भारत की रत्नगर्भा वसुंधरा ने पैदा किया, जिनकी आध्यात्मिक चेतना एवं सिद्धियों से समूची दुनिया चमत्कृत होती रही है। जो युग के साथ बहे नहीं, युग को अपने बहाव के साथ ले चले। ऐसे लोग सच्चे जीवन के धनी और जीवन-चैतन्य से ओतप्रोत है। वे स्वयं आगे बढें, जन-जन को बढ़ाते चलें। ऐसे महापुरुषों-युगपुरुषों-युगांतरकारी सिद्धपुरुषों का जीवन साधनामय होता है और जन-जन को वे साधना की पगडंडी पर ले जाते हैं, प्रकाश स्तंभ की तरह उन्हें जीवन पथ का निर्देशन देते हैं एवं प्रेरणास्रोत बनते हैं। जिन्होंने अपने व्यक्तित्व और कर्तृत्व से न सिर्फ स्वयं को प्रतिष्ठित किया वरन् उनके अवतरण से समग्र विश्व मानवता धन्य हुई है। इसी संतपुरुषों, गुरुओं एवं महामनीषियों की श्रृंखला में एक महापुरुष हैं रामकृष्ण परमहंस।**

स्वामी रामकृष्ण परमहंस एक महान संत, उच्चकोटि के साधक, विचारक, समाज सुधारक एवं सिद्धपुरुष थे। वे स्वयं भगवान नहीं थे, लेकिन भगवान से कम भी नहीं थे। उनका जन्म फाल्गुन शुक्ल की द्वितीया तिथि यानी 18 फरवरी 1836 को बंगाल प्रांत के कामारपुकुर गांव में हुआ था। जन्म के पहले ही उनके माता-पिता को कुछ अलौकिक लक्षणों का अनुभव होने लगा था, जिसके अनुसार वे यह समझ गए थे कि कुछ शुभ होने वाला हैं। इनके पिता ने सपने में भगवान विष्णु को अपने घर में जन्म लेते हुए देखा तथा माता को शिव मंदिर में ऐसा प्रतीत हुआ कि एक तीव्र प्रकाश इनके गर्भ में प्रवेश कर रहा हैं। इस साल 2024 में उनकी 189वीं जयंती व्यापक स्तर पर मनायी जा रही है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने सभी धर्मो को एक बताते हुए उनकी एकता पर जोर दिया था। उनका मानना था कि सभी धर्मों का आधार प्रेम है। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं।

ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। भारत का जन-जन रामकृष्ण परमहंस की परमहंसी साधना का साक्षी है, उनकी गहन तपस्या के परमाणुओं से अभिषिक्त है यहां की माटी और धन्य है यहां की हवाएं जो इस भक्ति और साधना के शिखरपुरुष के योग से आप्लावित है। संसार के पूर्णत्व को जो प्राप्त हैं, उन इने-गिने व्यक्तियों में वे एक थे। उनका जीवन ज्ञानयोग, कर्मयोग एवं भक्तियोग का समन्वय था। यो तो



रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। जिनमें एक थी भैरवी जिन्होंने उन्हें अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गुरु तोतापुरी सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को परमशिव के निराकार रूप के साथ पूर्ण संयोग की दीक्षा दी। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की ही आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। मां से सीधा उनका साक्षात्कार एवं संवाद होता था। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्ध मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उन्हें अपना गुरु मान लेते थे। उनके शिष्यों की भी लम्बी श्रृंखला है, जिनमें स्वामी विवेकानन्द, दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद, स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। ईश्वरचंद्र विद्यासागर, विजयकृष्ण गोस्वामी, केशवचन्द्र सेन जैसे बंगाल के शीर्ष विचारक उनसे प्रेरणा प्राप्त करते थे। उन्होंने खुद एवं अपने शिष्यों के माध्यम से सारा जीवन निःस्वार्थ मानव सेवा के लिये व्यतीत किया, इनके विचारों का न केवल बंगाल के बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के बुद्धिजीवियों पर गहरा सकारात्मक असर पड़ा तथा वे सभी इन्हीं की राह पर चल पड़े। रामकृष्ण परमहंस ने भाग्य की रेखाएं स्वयं निर्मित करने की जागृत प्रेरणा दी। स्वयं की अनन्त शक्तियों पर भरोसा और आस्था जागृत की। अध्यात्म और संस्कृति के वे प्रतीकपुरुष हैं। जिन्होंने एक नया जीवन-दर्शन दिया, जीने की कला सिखलाई। इन्होंने सभी धर्मो और जातियों की एकता तथा समानता हेतु जीवनभर कार्य किया, परिणामस्वरूप इन्हें राम-कृष्ण नाम सर्व साधारण द्वारा दिया गया एवं इनके उदार विचार एवं व्यापक सोच के प्रति सभी समभाव रखते थे इसी कारण उन्हें परमहंस की उपाधि प्राप्त हुई। इन्होंने मुस्लिम तथा ईसाई धर्म की भी साधनाएँ की और सभी में एक ही ईश्वर को देखा। परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एक रूप हो गए थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है। श्री रामकृष्ण परमहंस की भक्ति एवं साधना ने हजारों-लाखों को भक्ति-साधना के मार्ग पर अग्रसर किया। उनके जादुई हाथों के स्पर्श ने न जाने कितने व्यक्तियों में नयी चेतना का संचार हुआ, उन जैसे आत्मद्रष्टा ऋषि के उपदेशों का अचिन्त्य प्रभाव असंख्य व्यक्तियों के जीवन पर पड़ा। उनके प्रेरक जीवन ने अनेकों की दिशा का रूपान्तरण किया। उनकी पावन सन्निधि भक्ति, साधना एवं परोपकार की नयी किरणें बिखेरती रही अतः वे साधक ही नहीं, साधकों के महानायक थे। वे ब्रह्मर्षि और देवर्षि थे- साधना-भक्ति के नये-नये प्रयोगों का आविष्कार किया इसलिये ब्रह्मर्षि और ज्ञान का प्रकाश बांटते रहे इसलिये देवर्षि। माँ काली की कृपा से वे त्रिकालदर्शी महापुरुष बन गए थे। स्वामी विवेकानंद उनके प्रमुख शिष्य थे, उनके विचारों तथा भावनाओं का स्वामीजी ने सम्पूर्ण विश्व में प्रचार किया तथा हिन्दू सभ्यता तथा संस्कृति की अतुलनीय परम्परा को प्रस्तुत किया। स्वामीजी ने परमहंस जी के मृत्यु के पश्चात रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो सम्पूर्ण विश्व में समाज सेवा, शिक्षा, योग, हिन्दू दर्शन पर आधारित कार्यो में संलग्न रहती हैं तथा प्रचार करती हैं, इनका मुख्यालय बेलूर, पश्चिम बंगाल में हैं। रामकृष्ण परमहंस, ठाकुर नाम से जाने जाने लगे थे, बंगाली में ठाकुर शब्द का अभिप्राय ईश्वर होता हैं, सभी उन्हें इसी नाम से पुकारने लगे थे।

# शिल्पा शिंदे समेत इन एक्ट्रेस को नहीं मिल रहा काम



शिल्पा शिंदे, दिव्यांका त्रिपाठी, रश्मि देसाई, करण पटेल जैसे कई सितारों ने छोटे पर्दे से खूब लोकप्रियता हासिल की है। ये ऐसे सितारे हैं, जिन्हें छोटे पर्दे से रातों-रात शोहरत मिली, लेकिन शो खत्म होते ही अब इन्हें वापसी का मौका नहीं मिल रहा है। एरिका फर्नांडिस छोटे पर्दे की चर्चित अभिनेत्री हैं। उन्होंने सीरियल %कसौटी जिंदगी कीज् के दूसरे सीजन से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। उनके अभिनय को दर्शकों से सरहाना मिली। इसके अलावा एरिका %कुछ रंग प्यार के ऐसे भी% में डॉक्टर सोनाक्षी के किरदार में दिखी थीं। इस सीरियल के ऑफ एयर होने के बाद ये अभिनेत्री टीवी इंडस्ट्री से दूर हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वे दुबई में शिफ्ट हो गई हैं। दिव्यांका त्रिपाठी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। अभिनेत्री ने %बनूं मैं तेरी दुल्हनज्, %चिंटू चिंकी और एक बड़ी सी लव स्टोरी% और च्ये हैं मोहब्बतेंज् जैसे सीरियल में काम किया है। %ये हैं मोहब्बतें% शो के ऑफ एयर होने के बाद से ही दिव्यांका त्रिपाठी पर्दे से दूर हैं। लोकप्रियता %भाबी जी घर पर हैं% से मिली है। उन्होंने इस सीरियल में अंगूरी भाबी का किरदार निभाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। हालांकि, शिल्पा शिंदे एक साल बाद ही शो से बाहर हो गईं। शो से बाहर होने के बाद शिल्पा पर्दे से दूर हैं, इंडस्ट्री में उन्हें कोई काम नहीं मिल रहा है। रश्मि देसाई सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अभिनेत्री को छोटे पर्दे के सीरियल %उतरन% से काफी लोकप्रियता मिली है। इसके अलावा रश्मि च्दिल से दिल तकज् और रियलिटी शो च्बिग बॉसज् का भी हिस्सा रही थीं। लंबे समय से रश्मि देसाई पर्दे से दूर हैं। बता दें कि रश्मि ने छोटे पर्दे पर ही नहीं भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में भी काम किया है।

# साउथ सितारों के खाते में सबसे ज्यादा हिट फिल्में



साउथ सिनेमा और साउथ सुपरस्टार्स का दबदबा बढ़ता ही जा रहा है। साउथ इंडस्ट्री की फिल्मों का भी अब दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। वहीं, साउथ सितारे भी अपनी दमदार अदाकारी से दर्शकों के दिल पर राज करते हैं। कई साउथ सितारे ऐसे हैं, जो लंबे समय से इंडस्ट्री पर राज करते हुए दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं और एक से एक कई हिट फिल्में दे रहे हैं। क्या आपको पता हैं कि किस साउथ सितारे ने बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा हिट फिल्में दी हैं?

इस लिस्ट में सबसे पहले बात करते हैं सुपरस्टार रजनीकांत की। थलाइवा के नाम से मशहूर रजनीकांत साउथ से लेकर बॉलीवुड तक में अपनी अदाकारी का लोहा मनवा चुके हैं। वे साउथ सिनेमा के सबसे बड़े हिट मशीन हैं। अब तक रजनीकांत ने करीब 169 फिल्मों में काम किया है, जिनमें से उनकी करीब 128 फिल्में सुपरहिट रही हैं। इस लिस्ट में अगला नाम आता है साउथ सुपरस्टार कमल हासन का। कमल हासन भी साउथ सिनेमा के साथ साथ हिंदी सिनेमा में भी अदाकारी का परचम लहरा चुके हैं। विक्रम से अभिनय की दुनिया में काफी लंबे समय बाद वापसी करने वाले कमल हासन ने अपने करियर में 200 फिल्मों में काम किया है और उनकी करीब 98 फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई हैं। चिरंजीवी ने एक साल में 14 हिट फिल्में देकर बॉक्स ऑफिस पर पैसों की बारिश की थी। मेगास्टार चिरंजीवी का नाम उन अभिनेताओं में शुमार है, जिनकी लोकप्रियता न सिर्फ सिर्फ भारत में है, बल्कि इनके चाहने वाले विदेशों में भी मौजूद हैं। अभिनेता ने अपने करियर में एक से एक हिट फिल्म दी है। चिरंजीवी ने तकरीबन 150 फिल्मों में काम किया, जिनमें से %खिलाड़ी नं. 150% सबसे बड़ी हिट रही है।



साउथ सुपरस्टार महेश बाबू का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। महेश बाबू हाल ही में गुंटूर कारम में नजर आए थे, जिसमें उनकी अदाकारी को खूब सराहा गया। अपने स्टाइल से लोगों का दीवाना बना देने वाले महेश बाबू ने तकरीबन 27 फिल्मों में ही काम किया है, लेकिन इनमें से 24 सुपरहिट रही हैं। एक्शन के %दलपति% कहे जाने वाले अभिनेता विजय की फिल्मों की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। अभिनेता की ख्याती दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। उनका नाम साउथ सिनेमा के सुपरस्टार्स में लिया जाता है। विजय ने अपने करियर में अब 66 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाई है, जिनमें से मुश्किल से ही कोई फ्लॉप रही है। साउथ सुपरस्टार सूर्या का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। साउथ सिनेमा में %सिंघम% के नाम से मशहूर सूर्या की अदाकारी और स्टाइल से फैंस बेहद खुश रहते हैं। अभिनेता का राउडी अंदाज दर्शकों को स्क्रीन पर सीटी बजाने के लिए मजबूर कर देता है। सूर्या ने अब तक कुल 40 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है।



इन 40 फिल्मों में से सूर्या की 30 से ज्यादा फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई हैं। साउथ सुपरस्टार अजीत कुमार भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाए हुए हैं। अजीत ने भी अपने करियर में अब तक कई हिट फिल्में देकर बॉक्स ऑफिस पर राज किया। उनके एक्शन अवतार की दुनिया दीवानी है। अजीत अब तक 60 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं, जिनमें से उनकी 50 से ज्यादा फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही हैं।

## विक्रांत मैसी की पत्नी को अस्पताल से मिली छुट्टी

विक्रांत मैसी और शीतल ठाकुर माता-पिता बन गए हैं। शीतल ने सात फरवरी 2024 को बेटे को जन्म दिया। विक्रांत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर यह जानकारी फैंस से साझा की। आज शीतल ठाकुर को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। विक्रांत और शीतल अपने नवजात बेटे को लेकर घर आ गए हैं।

अभिनेता विक्रांत मैसी की किस्मत के सितारे बुलंदी पर हैं। एक तरफ 12वीं फेल के बाद उनकी लोकप्रियता में जबर्दस्त इजाफा हुआ है। वहीं, निजी जिंदगी में भी खुशियों ने दस्तक दी है। वे पिता बन गए हैं। विक्रांत मैसी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से गुडन्यूज साझा कर बताया था कि वे और शीतल माता-पिता बन गए हैं। शीतल ने बेटे को जन्म दिया है। आज शीतल ठाकुर को अस्पताल से छुट्टी मिली है। विक्रांत मैसी और शीतल को कार में नवजात शिशु के साथ देखा गया। उन्हें देखते ही पैपराजी की भीड़ ने कपल की कार को घेर लिया। सामने आई तस्वीरों में विक्रांत फ्रंट सीट पर बैठे नजर आ रहे हैं।

# नितेश तिवारी की रामायण का हिस्सा बनीं रकुल प्रीत सिंह

अभिनेता रणबीर कपूर की अगली फिल्म %रामायण% की चर्चा तेज हो गई है। खबरों की मानें तो निर्देशक नितेश तिवारी इस फिल्म की तैयारी में जुटे हुए हैं। नितेश तिवारी की यह फिल्म काफी समय से कास्टिंग को लेकर सुर्खियां बटोर रही है। अब खबर आ रही है कि इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह शूर्पणखा की भूमिका निभाने के लिए बातचीत कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रकुल और नितेश तिवारी के बीच पिछले कुछ समय से बातचीत चल रही है। कथित तौर पर अब शूर्पणखा के किरदार के लिए रकुल प्रीत सिंह को कास्ट कर लिया गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो नितेश तिवारी की फिल्म %रामायण% का प्री-प्रोडक्शन काम आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है और रणबीर कपूर फिल्म में भगवान राम की भूमिका निभाते नजर आएंगे। खबर है कि अभिनेता ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रणबीर कपूर इस फिल्म में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले हैं। नितेश तिवारी ने अभिनेता को एक उच्चारण विशेषज्ञ से मिलवाया है और दोनों अब रणबीर के उच्चारण और संवाद अदायगी पर काम कर रहे हैं और डायलॉग्स डिपार्टमेंट के लिए अलग टीम बनाई है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि नितेश तिवारी रणबीर को उनके अब तक निभाए सभी किरदारों से अलग बनाना चाहते हैं। सूत्रों का कहना है कि फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसमें इंटरनेशनल लेवल के



वीएफएक्स होंगे। गौरतलब है कि रणबीर कपूर के अलावा फिल्म में साई पल्लवी सीता की भूमिका में नजर आएंगी। वहीं, सुपरस्टार यश रावण की भूमिका में होंगे। इसके अलावा लारा दत्ता कैकेयी की किरदार निभाएंगी। वहीं, विभीषण के किरदार के लिए विजय सेतुपति का नाम चर्चा में है। हालांकि, अभी तक नितेश तिवारी या रणबीर कपूर की तरफ से फिल्म को लेकर कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

# राज्यपाल ने चिरंजीवी को किया सम्मानित

## पद्म विभूषण पुरस्कार के लिए दीं शुभकामनाएं

साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी को 24 जनवरी को भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। इस सम्मान के लिए उन्हें कई दिग्गज हस्तियों ने बधाई थी। वहीं अब, चिरंजीवी ने हैदराबाद के राजभवन में तेलंगाना और पुडुचेरी के राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन से मुलाकात की। राज्यपाल ने देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित होने पर चिरंजीवी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने गर्मजोशी के साथ चिरंजीवी का स्वागत किया। उन्होंने अभिनेता को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और उनके कंधों पर शालीनता से शॉल पहनाया। इस दौरान चिरंजीवी के साथ उनकी पत्नी सुरेखा भी थीं। तस्वीरों में वे दोनों तमिलिसाई सौंदर्यराजन के साथ बातचीत करते और उनके साथ पोज देते हुए भी नजर आए। चिरंजीवी ने राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें अपने एक्स अकाउंट पर साझा कीं। तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, तेलंगाना की राज्यपाल महोदया तमिलिसाई सौंदर्यराजन को हार्दिक धन्यवाद। आज राजभवन में मेरी मेजबानी करने और पद्म विभूषण पर आपकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। आपके और डॉ. सुंदरराजन के साथ बहुत



समृद्ध बातचीत करके खुशी हुई। इस साल के पद्म पुरस्कार पाने वालों की घोषणा गणतंत्र दिवस की शाम को की गई थी। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए चिरंजीवी को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। जैसे ही उनके नाम की घोषणा की गई, उन्होंने कहा था कि वे इस सम्मान के लिए विनम्र और आभारी हैं। यह केवल लोगों, दर्शकों, प्रशंसकों, मेरे सगे भाइयों और सगी बहनों का बिना शर्त और अमूल्य प्यार है, जिसने मुझे यहां तक पहुंचने की अनुमति दी। मैं अपने जीवन और इस पल का ऋणी हूं। वहीं अभिनेता की आने वाली फिल्म के बारे में बात करें तो चिरंजीवी इन दिनों विश्वंभरा की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म की टीम में साउथ अभिनेत्री तृषा का स्वागत किया। दोनों 18 साल बाद फिर साथ काम कर रहे हैं। मल्लीदी वशिष्ठ द्वारा लिखित और निर्देशित विश्वंभरा एक सामाजिक फैंटसी फिल्म है, जिसमें चिरंजीवी और तृषा मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म संक्रांति से पहले 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विश्वंभरा का निर्माण यूवी क्रिएशन्स द्वारा 250 करोड़ रुपये से अधिक के भारी बजट पर किया गया है। संवाद साई माधव बुर्रा द्वारा लिखे गए हैं। फिल्म में संगीत एमएम कीरावानी ने दिया है। सिनेमैटोग्राफर छोटा के नायडू और संपादक कोटागिरी वेंकटेश्वर राव और संतोष कमारेड्डी टीम का हिस्सा हैं।

# भोजपुरिया हॉट केक अंजना सिंह की फिल्म ठाकुरगंज का हुआ भव्य मुहूर्त, शूटिंग शुरू

राज घराना फिल्म प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म ठाकुरगंज का भव्य मुहूर्त संपन्न हो गया। इसके साथ ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई है। इस फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक नीरज रणधीर हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की हॉट के कहे जाने वाली अंजना सिंह है और उनके अपोजिट राहुल सिंह नजर आने वाले हैं। फिल्म के टाइटल से यह प्रतीत होता है कि यह फिल्म किसी गांव की कहानी पर आधारित है। हालांकि इस फिल्म की स्टोरी के बारे में अभी बताया नहीं गया है। लेकिन कहा यह जा रहा है कि यह फिल्म बेहद रोमांचक होने वाली है।

फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा ने कहा कि ठाकुरगंज एक बेहतरीन पटकथा पर आधारित सिनेमा है जो भोजपुरी दर्शकों को रोमांच की नई यात्रा पर ले जाएगी। फिल्म की कहानी घर परिवार से है और यह दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब होगी। हम इस फिल्म का निर्माण भव्यता के साथ कर रहे हैं और इस फिल्म का बजट भी रूटिंन फिल्मों से ज्यादा है। फिल्म की बागडोर नीरज रणधीर के हाथों है, जो एक काबिल निर्देशक है और हमें उम्मीद है कि उनके निर्देशन में यह फिल्म अच्छा बनकर आएगी। वही फिल्म को लेकर अंजना सिंह ने कहा कि यह मेरे लिए बेहतरीन मौका है जिसमें एक शानदार पटकथा पर बनने वाली फिल्म में काम करने का मौका मिला है। इस फिल्म में मेरा किरदार सर्वोपरि है और मैं इसे पूरी तरह से




जीना चाहती हूं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है और मैं अपने किरदार को जीवंत करने के लिए भरपूर मेहनत कर रही हूं। फिल्म ठाकुरगंज की पूरी कास्ट एंड क्रु एक टीम वर्क के तहत फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। उम्मीद है कि जब यह फिल्म रिलीज होगी तब यह दर्शकों को खूब पसंद आएगी। अंजना सिंह भोजपुरी की ऐसी अभिनेत्री हैं जो अपने बल पर फिल्म को सफल बनाने का माद्दा रखती हैं। आपको बता दें की फिल्म ठाकुरगंज में कार्यकारी निर्माता के रूप में कुणाल ठाकुर और सोनू कुमार चौधरी हैं। फिल्म के पीआरओ रंजन सिन्हा हैं। फिल्म में अंजना सिंह और राहुल सिंह के अलावा भोजपुरी के मंजे हुए एक्टर सुशील सिंह भी नजर आ रहे हैं। इसके अलावा परी सिंघानिया, रितु सिंह, अंजलि, माही खान, मनीष आनंद सिद्धांत सिंह, प्रदीप शर्मा, प्रभु, सुनील सिंह, कुणाल ठाकुर, परितोष और सोनू यादव मुख्य भूमिका में हैं।





रेड कलर की बॉडीकान ड्रेस में अवनीत कौर ने दिए पोज़

# राकेश मिश्रा का भोजपुरी गाना मिसाइल छोड़ेलू ने मचाया इंटरनेट पर धमाल

सुपरस्टार राकेश मिश्रा और शिल्पी राज की जुगलबंदी में नया भोजपुरी गाना मिसाइल छोड़ेलू आज रिलीज हुआ है। यह गाना फूल एंटरटेनिंग है। और इसमें राकेश मिश्रा के साथ निकिता भारद्वाज की ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री बवाल मचाने वाली है। इस वजह से यह गाना इंटरनेट पर तेजी से वायरल होने लगा है। गाने को लाखों लोगों ने रिलीज होने के बाद कुछ ही घंटे में देख लिया है। भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में राकेश मिश्रा की पहचान ऐसे सिंगर की रही है जिनके गानों के लिए उनके फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं और जब उनका गाना रिलीज होता है तो वह तेजी से वायरल हो जाता है और व्यूज के आंकड़े लगातार बढ़ते रहते हैं। उसी कड़ी में उनका यह गाना भी अब तेजी से वायरल हो रहा है। बात करें गाना मिसाइल छोड़ेलू की तो यह पिप्पा म्यूजिक भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस वेलेंटाइन वीक में राकेश मिश्रा का यह गाना रोमांस के साथ-साथ मस्ती वाला भी है जो युवाओं के



साथ सभी वर्गों के ऑडियंस को पसंद आने वाली है। इसको लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि जो गाना आपको झूमने पर मजबूर कर दे, उसकी बात ही अलग है। यह गाना बेहद मजेदार बना है जो भोजपुरी के ऑडियंस को खूब पसंद आने वाली है। इसलिए हम उनसे आग्रह करेंगे कि इस गाने को इतना वायरल करें कि सारे रिकॉर्ड टूट जाए क्योंकि दर्शकों के आशीर्वाद और स्नेह से हमें प्रेरणा मिलती है और हम अच्छा करने के लिए प्रेरित होते हैं। आपको बता दें कि गाना मिसाइल छोड़ेलू के गीतकार आजाद सिंह है और इस गाने के संगीतकार विशाल सिंह हैं। पीआरओ रंजन सिन्हा हैं। गाने के निर्देशक आशीष सत्यार्थी हैं जबकि इस गाने के डीओपी राहुल यादव हैं। कोरियोग्राफर अनुज मौर्य हैं।

# कंगना रणौत ने पटेल को माना शिव का अवतार

चुनाव से पहले रिलीज की कतार में लगी एक और सियासी फिल्म रजाकार द साइलेंट जेनोसाइड ऑफ हैदराबाद के ट्रेलर लांच पर शनिवार को कंगना रणौत ने फिल्म से जुड़े लोगों का हौसला बढ़ाया। कंगना कहती हैं, च्इस फिल्म में न तो मैंने काम किया है और न ही इस फिल्म का हिस्सा हूं। मैंने दो दिन पहले ट्रेलर देखा और मुझे बहुत पसंद आया। मुझे लगा कि ऐसी फिल्मों को प्रमोट करना चाहिए।

फिल्म रजाकार द साइलेंट जेनोसाइड ऑफ हैदराबाद में देश की आजादी के समय हैदराबाद में हुए नरसंहार को दिखाया गया है। इस फिल्म में एक ऐसी घटना के बारे में बताया गया जिसे फिल्म बनाने वालों को मुताबिक देश को अब तक नहीं बताया गया। अभिनेत्री कंगना रणौत ने इस मौके पर कहा, हमने किताबों में सिर्फ नेहरू और गांधी के बारे में ही पढ़ा है। ऐसा नहीं कि सिर्फ आज ही पीआर का चलन है। उस जमाने में भी पब्लिसिटी का बहुत चलन था। यहां तक कि यह चलन



राजाओं और महाराजाओं के जमाने से होता आ रहा है। उनके दरबार में जो नौरत्न होते थे, वह उनके बारे में लिखा करते थे। जो अपनी मार्केटिंग और पब्लिसिटी करते थे और इनको आज दुनिया जानती है। नेहरू और गांधी विदेश में जा करके इंटरव्यू देते रहते थे। अगर वह 100 लोगों को भी लेकर निकलते तो पूरा विश्व उनके बारे में बात करता था। अभिनेत्री कंगना रणौत ने कहा, मैं सरदार वल्लभभाई पटेल को शिव का अवतार मानती हूं। जिस तरह से भगवान शिव ने सती के शरीर को पकड़कर रखा। उसी तरह से सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एक सूत्र में पकड़ कर रखा। आजादी मिलने के बाद भारत की एकता को बचाया है। देश की आत्मा को बचाया है। आज हमें रजाकार जैसी फिल्मों की जरूरत हैं, मैं चाहती हूं कि इस फिल्म के माध्यम से हम इस तरह की घटनाओं को पर्दे पर देखे। भारत की आजादी के बाद 396 दिन के बाद हैदराबाद को आजादी मिली। अभिनेत्री कंगना रणौत ने हैदराबाद की आजादी के साथ-साथ जम्मू कश्मीर के भारत में विलय की बात की। कंगना रणौत ने कहा, हैदराबाद के निजाम भारत के साथ नहीं मिलना चाह रहे थे लेकिन वहां के लोग भारत के साथ रहना चाह रहे थे।

वहीं, कश्मीर की आवाम नहीं चाहती थी कि भारत के साथ मिले लेकिन वहां के राजा भारत का हिस्सा बनना चाह रहे थे। हैदराबाद की समस्या का समाधान सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया और जम्मू कश्मीर की समस्या का समाधान नेहरू ने किया। इसके आगे कुछ और कुछ कहने की जरूरत नहीं है।

# किसी ने सुकून से सोकर तो किसी की तनाव में कटी रात

■ होटल रहें फुल, पेइंग गेस्ट बनकर रहें दूसरे राज्यों के अभ्यर्थी

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** कुछ कर गुज़रने की चाहत और पुलिस की वर्दी में रुतबे के साथ नौकरी और परिवार की जिम्मेदारी न जानें क्या- क्या उधेड़बुन लिए अभ्यर्थी कई किलोमीटर दूर तो कोई दूसरे राज्यों से परीक्षा देने निकल पड़े। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित दो दिवसीय नागरिक पुलिस लिखित परीक्षा के लिये न सिर्फ इटावा बल्कि एमपी के भिंड, गुना, मुरैना व बिहार के मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर और दरभंगा से अभिभावक व अभ्यर्थी जिले में पहुंचे है। इसके अलावा राजस्थान के अलवर, दौसा, सवाई माधवपुर व अन्य जिलों से भी अभ्यर्थी जिले में परीक्षा में सम्मिलित हो रहें है। जिले में 64 हजार परीक्षार्थी दो दिन में चार पाली में परीक्षा देंगे। साफ है कि लोगों के रुकने खाने-पीने के इंतजाम जिले में सीमित है ऐसे में जहाँ एक ओर किसी की रात रैन बसेरे में कटी तो कुछ लोगों ने स्टेशन के वेटिंग रूम में बेंच पर सोकर समय गुजार दिया। होटल के मखमली कंबल के लिए लोगों को एकस्ट्रा खर्च भी करना पड़ा। रेलवे स्टेशन पर स्थायी व अस्थायी रैन बसेरा के साथ ही बस स्टेण्ड के अस्थायी व सुन्दरपुर में पालिका के सौ बेड के स्थायी रैन बसेरे में भी रुकने का इंतजाम किया गया था। लोकल सेंटर होने के चलते बकेवर, लखना, चकरनगर, ताखा, ऊसराहार, भरथना व दूर दराज के इलाकों से परीक्षार्थी सुबह ही परीक्षा केंद्र के लिए निकले जबकि बिहार, हरियाणा, राजस्थान, एमपी से अभ्यर्थी रात में ही पहुंच गये थे। लिहाजा शहर के सभी 58 छोटे-बड़े होटल बुक थे। डबल बेड कमरे में चार-चार साथी एक साथ जुटे थे। राजस्थान से आयें शुभम शेखावत, राजवीर, कौशल व रूपेंद्र ने बताया कि पहले तो होटल अच्छा नहीं मिला ऊपर से रूपये भी ज्यादा देनें पड़े। तो वहीं कुछ लोगों ने पेइंग गेस्ट बनकर भी रात काटी। परीक्षा के तनाव के चलते कुछ अभ्यर्थी सो नहीं सकें। देश के सबसे बड़े राज्य में पुलिस भर्ती की इतनी बड़ी परीक्षा और 60 हजार पदों के सापेक्ष 50 लाख से अधिक आवेदन निश्चित ही परीक्षार्थियों का तनाव बढ़ाने वाला आंकड़ा है। ऐसे में परीक्षा की इन दो दिनों की रात किसी ने सुकून से सोकर काटी तो कोई स्टेशन और फुटपाथ पर टहल कर रात काटने को मजबूर हुआ।

### शहर की सड़कों पर जाम ही जाम

**इटावा।** शनिवार को पहली पाली की परीक्षा छूटने के बाद रेलवे स्टेशन से लेकर पक्का बाग तिराहा और ईदगाह तक जाम ही जाम नजर आया। ट्रेन, बस, ई-रिक्शा और ऑटो पकड़ने की धुन, प्राइवेट गाड़ियों का रेला और अचानक बने ट्रेफिक दबाव से पुलिस के इंतजाम भी नाकाफी साबित हुए। 1.5 किलोमीटर का सफर 35 से 40 मिनट में तय हुआ। दूसरी पाली की परीक्षा के लिए एक बजे परीक्षा सेंटर पर पहुंचने के निर्देश थे जिहाजा जल्दबाजी और अफरा-तफरी जैसे हालात ट्रेफिक पर भारी पड़े। जाम से आम लोगों के साथ परीक्षा देने जा रहें या वापस लौट रहे अभ्यर्थी भी जूझते नज़र आये।

### परीक्षा केंद्र पर मुसीबत बनी ज्वेलरी व कीमती सामान

**इटावा।** परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्र पर विशेष रूप से कुछ चीजों को प्रतिबंधित किया गया था, जिनमें पेपर, पेंसिल बॉक्स, कैलकुलेटर, वॉलेट, सनग्लास के अलावा कैप, ज्वेलरी व फूड आइटम शामिल थे। इसके अलावा सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट को भी प्रतिबंधित किया गया था। इनमें मोबाइल, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, घड़ी, चाबी, ब्लूटूथ, हेल्थ बैंड के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक घड़ियां शामिल थी। ऐसे में कुछ अभ्यर्थियों के ज्वैलरी पहन कर आने पर उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# फिरोजाबाद में पुलिस भर्ती परीक्षा देने पहुंची नई नवेली दुल्हन



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में पुलिस भर्ती कड़ी चौकसी के बीच शुरू हो गई। परीक्षा को निष्पक्ष और नकल विहीन कराने के लिए जिला प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं।इसी बीच परीक्षा देने पहुंची नई नवेली दुल्हन को देख सभी उस वक्त सकतें में रह गए जब वह शादी के जोड़े में सज-धजकर परीक्षा देने पहुंची। दुल्हन फिरोजाबाद के एमजी कालेज में परीक्षा देने पहुंची। इस परीक्षार्थी की इस समय कॉलेज से लेकर आसपास के क्षेत्रों में खूब चर्चा हो रही है। दरअसल फिरोजाबाद जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा देने के लिए एक नई दुल्हन एम जी कालेज में पहुंची। दुल्हन का नाम शिल्पी बताया गया है। उसकी बीते दिन ही शादी हुई है। परीक्षा न छूटे, इसे लेकर दुल्हन कालेज पहुंची। साथ में आये परिजनों ने बताया कि दुल्हा भी दूसरे कालेज में पुलिस भर्ती परीक्षा देने के लिए गया है। नई दुल्हन को देखकर आस पास के लोग भी सन्न रह गए।

# डीएम, एस एस पी ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर लिया जायज़ा

■ हेल्प डेस्क से परीक्षार्थी को केंद्र तक पहुंचने में हुई आसानी

**अवधनामा संवाददाता**



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने शनिवार को परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ठाकुर राजेश सिंह महाविद्यालय जिसमें 984 परीक्षार्थी एवं ,क्र पब्लिक स्कूल में 528 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 30 स्थानों पर परीक्षाएं चल रही है जिसमें लगभग 64000 परीक्षार्थी चारों पाली को मिलाकर सम्मिलित है। इसी क्रम में शहर के सभी केंदों का भ्रमण किया जा रहा है इसके अलावा शहर की और भी आवागमन वाले स्थान का भी जायजा लिया जा रहा है, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं भीड़भाड़ वाली जगह पर आवागमन में कोई भी दिक्कत न हो एवं किसी प्रकार की कोई अफरातफरी न हो परीक्षार्थी सुगमता से आए और परीक्षा दे । उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी सकुशल परीक्षा दे और आसानी से अपने घर वापस जाएं। उन्होंने बताया कि कई जगह हेल्प डेस्क बने हुए हैं जिसका परीक्षार्थियों द्वारा लाभ लिया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को कोई भी परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में दिक्कत परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा इस हेल्प डेस्क से परीक्षार्थी को केंद्र तक पहुंचने में बहुत ही आसानी हुई है। उन्होंने बताया कि अभी तक परीक्षाएं सकुशल संपन्न की गई है एवं उम्मीद है कि अभी परीक्षाएं ऐसे ही संपन्न की जाएगी। उक्त अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, क्षेत्राधिकार शहर अमित कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिवपाल यादव ने स्वधा हॉस्पिटल का किया शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**इटावा, जसवंतनगर।** नव निर्मित स्वधा हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय महासचिव व क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव और विशिष्ट अतिथि डीसीबी अध्यक्ष आदित्य यादव ने शिलापट्टिका का पूजन कर और फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेहतर स्कूल प्रबंधन के साथ स्वास्थ्य सेवा में कदम रखने पर चेयरमेन डॉ.बृजेश चंद्र यादव, वाइस चेयरमेन डॉ.भुवनेश चंद्र यादव प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव को बधाई दी और कहा कि स्वधा हॉस्पिटल के बनने से क्षेत्र के लोगो को काफी सहूलियत मिलेगी। दूर शहर जाकर इलाज के लिए नही जाना पड़ेगा कम बजट में और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं आपके नगर में ही मिलेगी। सहूलियत के लिए सैफई में पीजीआई बनाया था जिससे आसपास के लोगों को सुविधा मिल सके लेकिन अब भाजपा सरकार द्वारा अब अच्छी सुविधाओं के लिए पैसा नहीं मिल रहा है जिससे वहां इलाज बेहतर नहीं हो पा रहा है। भाजपा सिर्फ देश को बांटने का काम कर रही है तथा विपक्ष को भी खत्म करना चाहती है। यह लोग संविधान में विश्वास नहीं रखते। विशिष्ट अतिथि डीसीबी अध्यक्ष आदित्य यादव ने कहा कि यह हॉस्पिटल चिकित्सा क्षेत्र में नगर व ग्रामीण अंचल के लिए वरदान साबित होगा। अनुज मोंटी यादव ने कहा कि यहां स्त्री रोग, बाल रोग, पेट, आंख, नाक, कान, दाँत, फेफड़े, हृदय, त्वचा, मधुमेह, क्षय, मूत्र रोग समेत डिजिटल एक्स-रे की विशेष सुविधा के साथ जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, यूरोलॉजी, फिजियोथेरेपी आदि से जुड़ी बीमारियों का इलाज अनुभवी योग्य चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। टेस्ट के लिए यहां सीटी स्कैन, टीएमटी, ईको, अल्ट्रा साउंड और अन्य कई सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता रामनरेश यादव बाबा, जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य, सप्पू यादव, राजपाल यादव, अशांक हनी यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह यादव, हनी यादव प्रो०अरविंद यादव, राहुल गुप्ता, ठा0अजेंद्र सिंह गौर विनोद यादव, पूर्व प्राचार्य फतेबहादुर सिंह यादव, पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद यादव, अनिल प्रताप यादव, हाजी मोहम्मद अहसान आलोक दीक्षित राजीव यादव रामवीर यादव संदीप पांडे, गोपाल गुप्ता के अलावा बड़ी संख्या में समाजवादी लोग व समीपवर्ती ग्रामवासी हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### केजीएन क्रिकेट क्लब की टीम ने जीता टूर्नामेंट का खिताबी मैच

**सुल्तानपुर,बल्दीराय।** तहसील क्षेत्र के ग्राम नंन्दौली में नूर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में केजीएन क्रिकेट क्लब बनाम जशीम एलेवन के बीच फाइनल मैच खेला गया।केजीएन क्रिकेट क्लब ने आठ विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मोहम्मद ताहिर खान व प्रधान मोहम्मद मुस्लिम खान उर्फ पप्पू ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जसीम एलेवन की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 6 विकेट खोकर 131 रन बनाए। सचिन ने सर्वाधिक 62 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केजीएन क्रिकेट क्लब की टीम ने 8 विकेट खोकर 16 ओवर में लक्ष्य हासिल कर 3 विकेट से जीत दर्ज की।

### यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर पुलिस ने एमपी बॉर्डर पर सघन चैकिंग अभियान

**मड़ावरा (ललितपुर)।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में शनिवार को आयोजित हुयी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर एवं आगामी लोक सभा चुनावों के मद्देनजर मदनपुर पुलिस प्रशासन ने यूपी एमपी बॉर्डर पर चौकसी बड़ी दी है। शनिवार को थानाध्यक्ष अजीत सिंह ने भारी पुलिस फोर्स के साथ सीमा यूपी और एमपी के बॉर्डर मदनपुर नोनिया का जायजा लेते हुये सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।जिसमें दो पहिया चार पहिया वाहनों की सघन तलासी ली गई। सम्बन्धित अधिनस्थों के साथ बॉर्डर पर हर एक संदिग्ध व्यक्ति की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है। इसके अलावा बॉर्डर पर किसी भी प्रतिबंधित वस्तु का आदान-प्रदान न हो इसका लिए वाहन चालकों को जांच पड़ताल के बाद ही आगे जाने दिया जा रहा है। इस दौरान उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार, हेड कांस्टेबल आशीष हरदेव सिंह समेत पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

# आरक्षी भर्ती परीक्षा से चंद घंटों पहले सॉल्वर गैंग का पर्दाफाश

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के थाना उत्तर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी उत्तर प्रदेश पुलिस नागरिक आरक्षी भर्ती परीक्षा के सॉल्वर गैंग का किया पर्दाफाश। उत्तर प्रदेश नागरिक आरक्षी भर्ती परीक्षा 17 और 18 फरवरी को होनी है फिरोजाबाद के एसएसपी सौरभ दीक्षित द्वारा एसपी सिटी सर्वेश मिश्रा के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकार नगर के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भर्ती परीक्षा के विरुद्ध चला जा रहे अभियान के क्रम में सर्विलांस टीम की मदद से मुखबिर की सूचना पर थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा सॉल्वर गैंग के मास्टरमाइंड हरिशंकर उर्फ हरिओम एवं दो पुत्र किया गिरफ्तार हरिशंकर और रामनरेश ने बताया कि हम दोनों परीक्षा में असली परीक्षा देने वाले की जगह उससे रुपए लेकर उसकी जगह पर दूसरा व्यक्ति असली परीक्षार्थी के नाम पते से जानकारी प्राप्त करके फोटो लगाकर तथा अंगूठा छाप के प्रिंट की सिलिकॉन उंगली पहनकर परीक्षा करते हैं। हम दोनों इस काम के परीक्षार्थियों से 500000 लेते हैं और फिर असली परीक्षार्थी के अंगुली चिन्ह बनाकर इनका क्लोन बनाकर नकली परीक्षार्थियों को उंगलियों पर चढ़कर तथा आधार कार्ड पर इस फोटो को लगाकर एवं प्रवेश पत्र पर वही फोटो लगाकर एग्जाम में भेज देते हैं। हमारे पास जो कागज मिले हैं उसमें चार नकली आधार कार्ड है। नितिन और अभिषेक यह सिपाही की परीक्षा दे रहे थे इनसे हमारे पांच पांच लाख रुपए तय हुए थे लेकिन उन्होंने केवल 57000 हमको दिए थे बाकी रुपए सुबह देने का भी वादा किया था तब तक हमें पुलिस ने पकड़ लिया। सॉल्वर गैंग से बरामद हुआ 8 आधार कार्ड एडमिट कार्ड उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ 16 उंगली छाप पेपर, एक पासबुक, एक चेक बुक, सिलिकॉन पट्टी, एक की पेन एलईडी लाइट, 20200 रुपए कब्जे से बरामद किए।

### पांच खंडों में बंटी जिले की विद्युत वितरण व्यवस्था, आज तक नही हुई बहाल

**सुल्तानपुर।** आम जनता को सहूलियतें देने के लिए शासन ने जिले की विद्युत वितरण व्यवस्था को पांच खंडों में बांट दिया है। इसके तहत जनपद में तीन नए विद्युत वितरण खंड (ईडीडी) कार्यालय खोलने की कवायद शुरू कर दी गई थी। नए कार्यालयों में अधिशाषी अभियंता (एक्सईएन) समेत अन्य स्टाफ भी तैनात किया जा चुके है। फिलहाल तीन नए कार्यालयों में एक्सईएन की तैनाती कर दी गई है। एक अन्य में भी जल्द ही नए एक्सईएन को भेजा गया है। मौजूदा समय में जनपद में पांच विद्युत वितरण खंडों के जरिए आपूर्ति व विद्युत संबंधी समस्याएं सुनी जाती हैं। इसमें विद्युत वितरण खंड प्रथम का कार्यालय शहर के दरियापुर और द्वितीय का बल्दीराय तहिसील मुख्यालय में है। प्रथम खंड में शहर हैं। जानकारों के मुताबिक वर्तमान समय में उघनपुर,गोसाईगंज, भट्टमई और कूड़ेभार के उपभोक्ताओं की समस्या का निस्तारण क्षेत्रीय कार्यालय जयसिंहपुर में हो जाता है।

# पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में धांधली करने की योजना बनाते 15 लोगों को गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**एटा।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी की परीक्षा के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जा रही थी। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में धांधली करने की योजना बनाते 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है 1. वीरेश राजपूत पुत्र औसान सिंह निवासी भोपालपुर ककरावली थाना पिलुआ एटा 2. अवतार सिंह पुत्र अमोल सिंह निवासी प्रतापपुर थाना अमापुर कासगंज 3. शिवम कुमार पुत्र राजपाल सिंह ग्राम बीरपुर थाना मिरहची एटा 4. अजीत कुमार पुत्र विनोद सिंह निवासी नगला ब्रज लाल थाना निधौलीकलां एटा 5. विशाल यादव पुत्र शैतान सिंह निवासी ककैरा थाना कोतवाली देहात एटा 6. रजनीश कुमार पुत्र उदयवीर सिंह निवासी हसनपुर थाना अमापुर कासगंज 7. बॉबी यादव पुत्र कुवरपाल सिंह यादव निवासी पीपल अड्डा थाना कोतवाली नगर एटा 8. सचिन कुमार पुत्र अर्जुन सिंह निवासी पीपल अड्डा थाना कोतवाली नगर एटा 9. रतनेश कुमार पुत्र वीरेश सिंह निवासी लहरा थाना निधौलीकलां एटा 10. राजकुमार पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी सरनऊ थाना मिरहची एटा 11. हरवेश कुमार पुत्र दीवान सिंह निवासी नगला छित्तर थाना अवागढ़ एटा 12. अजय कुमार पुत्र नवाब सिंह निवासी चिन्नपुरा थाना कोतवाली देहात एटा 13. अंकित यादव पुत्र श्यामवीर सिंह निवासी बृजलाल थाना निधौली कला एटा 14. संजेश पुत्र रतन सिंह ग्राम नगला पीपला थाना औछा जनपद मैनपुरी 15. सौरभ पुत्र रामेंद्र निवासी सुनहरी नगर थाना कोतवाली नगर एटा को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। एसएसपी राजेश कुमार सिंह के अनुसार स्थानीय पुलिस द्वारा प्रकरण की गहराई से छानबीन करते हुए प्रकरण में थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**टुंडला/फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद की टुंडला पुलिस को मिली सफलता चार चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन चोरों को किया गिरफ्तार जिनके कब्जे से भारी मात्रा में चोरी का माल करीब 11 लाख रुपए हुए बरामद।

आपको बता दें थाना टुंडला पुलिस पुलिस को मुखबिर की सूचना पर जानकारी मिली की ग्राम मोहम्मदपुर के गौरव और उसके साथी एटा रोड पर संभू नगर के सामने तीन से चार दिन पहले हुई चोरी का सामान व इसके अलावा और भी चोरी का सामान अपने घर से लोडर विक्रम टेंपो व टाटा लोडर व बाइक से लादकर कहीं बेचने जाने की फिराक में है वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से गौरव पुत्र लाल सिंह उम्र 19 वर्ष, कुलदीप सिंह पुत्र राकेश कुमार, सौरभ कुमार पुत्र हरी सिंह, को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से तेरा बंडल सरिया लोहे की दो स्टील के दरवाजे के पल्ले एक स्टील की चौखट दो रेलिंग स्टील की?15000 रुपए नगद एक लोडर विक्रम टेंपो मोटरसाइकिल हीरो होंडा पैशन एक टाटा लोडर बरामद हुए। नियमानुसार कार्यवाही कर जेल भेजा जा रहा है। 15 फरवरी 2024 को हर्ष शर्मा पुत्र रामकृष्ण शर्मा निवासी शंभू नगर एटा रोड थाना टूंडला जनपद फिरोजाबाद द्वारा सूचना दी गई की उसकी दुकान से एक स्टील का बड़ा दो पल्लर का गेट, और चौखट व रेलिंग अज्ञात चोर चोरी करके ले गए हैं इसके संबंध में थाना टूंडला पर मुकदमा भी लिखाया गया था 16 फरवरी 2024 को भूपेंद्र सिंह पुत्र बाबूलाल निवासी नगला सूरज थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद द्वारा सूचना दी गई थी कि उनके निर्माणाधीन मकान से अंब शक्ति टाइक्रॉम ब्रांड की सरिया तीन सूत का बंडल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है इसके संबंध में थाना टूंडला पर मुकदमा पंजीकृत है श्री प्रवीण पुत्र उमेश राठौर निवासी सरस्वती नगर सक्सेना वाली गली थाना टूंडला जनपद फिरोजाबाद द्वारा सूचना दी गई कि किसी ने दिनांक 13 फरवरी 2024 को उनके घर का दरवाजा तोड़कर ?9000 व 200 ग्राम चांदी की टोरिया अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी इसके संबंध में थाना टूंडला पर मुकदमा दर्ज था। आदि घटनाओं को अंजाम दिया।

# डीएम व एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का लगातार कर रहे निरीक्षण

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना व पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा शनिवार को जनपद के 29 परीक्षा केन्द्रों पर चल रही प्रथम पाली (पूर्वान्ह 10:00 से 12:00 बजे तक) व द्वितीय पाली (अपरान्ह 03:00 से 05:00 बजे तक) ''उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा'' को नकल विहीन, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जनपद में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से परीक्षा केन्द्र- महाराण प्रताप इण्टरमीडिएट कालेज उतुरी, सुलतानपुर, महर्षि विद्या मंदिर, योगीवीर अहिमाने तथा रामरती इण्टरमीडिएट कालेज, सुलतानपुर (प्रथम पाली) व परीक्षा केन्द्र - श्रीमती महादेवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोमापुर, थाना कादीपुर, अखण्डनगर, स्व0 विरेन्द्र प्रताप स्मारक जनता पीजी कालेज, कुन्दा भैरवपुर, अखण्डनगर, नेशनल इण्टर कालेज कादीपुर (द्वितीय पाली) का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्रों में बनाये गये कन्ट्रोल रूम के सी0सी0टी0वी0 कैमरे को चेक किया गया तथा चल रही ''उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा'' में लगे स्टेटिक मजिस्ट्रेट/सेक्टर मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा गया कि उक्त परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं नकल विहीन कराने के साथ-साथ सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों पर शान्ति व्यवस्था बनायें रखें।

# ललित दुबे ने सपा छोड़ कोंग्रेस का दामन थामा

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** सपा प्रबुद्ध सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पूर्व हॉकी कोच ललित दुबे सपा छोड़ कोंग्रेस की ली सदस्यता। लखनऊ में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिला कांग्रेस कार्यालय इटावा में शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता कर ललित दुबे ने कहा कि हमारा परिवारिक ग्राउंड कांग्रेस का रहा है। हमारे पिता सत्यनारायण दुबे ने वर्ष 1989 में इटावा लोकसभा का कांग्रेस पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ा और हमारे भाई आदित्य दुबे युवा कांग्रेस के लगभग दस वर्ष तक अध्यक्ष रहे। आज हमने अपने पुराने घर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है और आजीवन कांग्रेस पार्टी को मज़बूत करने के लिए काम करता रहूंगा और देश के सभी वर्गो को न्याय दिलाने की लड़ाई देश का जननायक राहुल गांधी के हाथों को मज़बूत करूंगा। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, प्रदेश सचिव मुहम्मद राशिद खान, संजय दोहरे, आसिफ जादरान आदि लोग उपस्थित रहे।

# रब कहता है हुसैनी फ़ौज का सरदार है, ये अली के कारखाने की बनी तलवार है

**अवधनामा ब्यूरो**

■ मौला अब्बास की पैदाइश पर हुई मेहफिल



**इटावा।** कर्बला में वफादारी की मिसाल पेश करने वाले मौला अब्बास की पैदाइश की खुशी में दरगाह हज़रत अब्बास महेरे पर अली अब्बास सलमान और इमामबाड़ा घटिया अज़मत अली पर सैयद अली साबिर की ओर से महफ़िल का आयोजन किया गया जिसमे राहत हुसैन रिज़वी की ओर से अलम की ज़ियारत बरामद की गई। महफ़िल में कलाम पेश करते हुए सलीम रज़ा ने कहा जहरा के लाडलों के अलावा किसी ने और, दरिया को प्यास प्यास को दरिया नही किया। तसलीम रज़ा ने कहा दीन की सदाक़त भी खत्म हो गई होती, जिंदगी बाकी है कर्बला के सदके में। तनवीर हसन ने कहा रब कहता है हुसैनी फ़ौज का सरदार है, ये अली के कारखाने की बनी तलवार है। नदीम अहमद एडवोकेट ने कहा ये पासे वफादारी था हैदर के खून का, अब्बास ने हुसैन को तन्हा नहीं छोड़ा। अख्तर अब्बास मोंटू ने कहा ये पहला वाक्या ही नही आखिरी भी है, दरिया को एक प्यासे ने पानी पिला दिया। अली अब्बास सलमान ने कहा उम्र भर जिसने खुदा से नहीं मांगा कुछ भी, उसने अब्बास के आने की दुआ मांगी है। आसिफ रिज़वी अश्शू ने कहा पानी की बात क्या है उठा लाएगा फुरात, मिल जाये जरी को अगर इजाजत हुसैन की।

महफ़िल की अध्यक्षता करते हुए मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा मौला अली ने जिस तमन्ना के साथ खुदा से अब्बास को मांगा था उस अब्बास ने कर्बला में वफ़ा की मिसाल पेश की और अपने दोनों हाथ कटवा दिए। जब तक मौला अब्बास इमाम हुसैन के साथ रहे दुश्मन आंख उठाकर भी नही देख सके। मौला अब्बास जैसा वफादार दुनिया मे दूसरा कोई नही है। महफ़िल में आबिद रज़ा, गाजी, अर्श, तालिब रज़ा ने भी कलाम पेश किए। महफ़िल में हाजी कमर अब्बास नकवी, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, मो.मियां, हसन अब्बास, दबीरुल हसन, इबाद रिज़वी, तहसीन रज़ा, मुशीर हैदर, अब्बास हैदर राजा, अयाज हुसैन, नफीसुल जैदी, शादाब हसन, राहिल सगीर, ताबिश रिज़वी, मो.जुनैद, शब्बर अक़ील, राशिद, जहूर नक़वी, आले रज़ा नक़वी, परवेज़ हसनैन, मो.आकिल, रज़ी हैदर, आसिम रिजवी, मिन्हाज, नक़ी रज़ा आदि लोगों ने भाग लिया।

# लॉलेस मेकअप लुक के लिए फॉलो करें ये टिप्स, आएगा नेचुरल निखार और दिखेंगी खूबसूरत

महिलाओं को मेकअप करना बेहद पसंद होता है, अगर स्किन के मुताबिक मेकअप न करें तो भद्दा दिखता है। स्किन के अनुसार मेकअप करना जरुरी है, आइए जानते हैं फ्लॉलेस मेकअप लुक के यह बहतरीन तरीके। मेकअप करने से पहले इन बातों का जरुर ध्यान रखें। आइए आपको बताते है फ्लॉलेस मेकअप लुक के टिप्स। मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने के लिए टिप्स। मेकअप आपको पूरे दिन तरोताजा रखने में अहम रोल निभाता है। चाहे ऑफिस में हों या बाहर जाते समय मेकअप लुक में निखार लाना बेहद जरूरी है। परफेक्ट मेकअप लुक एक सहज और बहतरीन फिनिश प्राप्त करता है जो आपके आत्मविश्वास और सुंदर महसूस कराता है। हालांकि, फ्लॉलेस मेकअप लुक पाना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर यदि आप सही तकनीक नहीं जानते हैं या सही उत्पादों का उपयोग नहीं करते हैं। लेकिन अब चिंता मत करो! यहां आपके फ्लॉलेस मेकअप लुक को निखारने के लिए कुछ आसान टिप्स दिए गए हैं। वहीं महिलाएं मेकअप का चुनाव करते समय कपड़ो के साथ-साथ स्किन का विशेष ख्याल रखें।



***फेयर स्किन के लिए मेकअप टिप्स***

फेयर स्किन टोन वाली महिलाओं को वेज पिंक टिंट वाला फाउंडेशन सलेक्ट करना चाहिए। अगर आपका कॉम्प्लेक्शन यालोइश है तो आप वेज और ओरेंज अंडरटोन फाउंडेशन का इस्तेमाल कर सकते है। फेयर स्किन पर आइब्रो के लिए ब्लैक की जगह ब्राउन रंग की आइब्रो पेंसिल ज्यादा बेहतर है। ब्लैक आईलाइनर के साथ ब्राउन आईशैडो का इस्तेमाल करें। फेयर स्किन टोन वालों को गालों पर पिंक या रेज ब्लश का इस्तेमाल करना चाहिए। लाइट मेकअप पर पिंक या न्यूड लिपिस्टिक लगाएं।

***डस्की स्किन के लिए मेकअप टिप्स***

डस्की स्किन वाली लड़कियों को वर्म टोन वाला फाउंडेशन चूज करना चाहिए। कंसीलर के लिए केरेमल शेड ले सकती है, डार्क सर्कल छुपाने के लिए सही ढंग से कंसीलर का प्रयोग करें। फाउंडेशन को ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से ब्लेंड करें। डस्की स्किन वाले लोग आंखों के लिए ब्राइट कलर के आईशैडो का इस्तेमाल करें, इससे आपकी हाइलाइट अच्छे से होगी। डस्की स्किन के लिए रेड, कॉफी ब्राउन और मूव कलर की लिपिस्टिक बढ़िया लगेगी।

***सांवली स्किन के लिए मेकअप टिप्स***

सांवली स्किन टोन वाली महिलाओं को ब्राउनिश शेड का फाउंडेशन का उपयोग करना चाहिए। सावले रंग पर ब्राउन रंग का ब्लश खूबसूरत लगता है। इसके साथ ही आप हाइलाइटर पाउडर का इस्तेमाल करें। आई मेकअप के लिए लाइट कलर यूज करें। स्मोकी आई लुक के लिए आप ब्लैक आईलाइनर को स्मज करके लगाएं और फिर हल्के ब्राउन रंग का आईशैडो लगाएं। सांवले रंग पर लिपिस्टिक के न्यूड शेड्स काफी परफेक्ट लगते हैं।

# पार्टी ऑफ अट्रैशन बनने के लिए ट्राई करें जान्हवी कपूर की ये अल्ट्रा-ग्लैम ड्रेसेज

स्टाइलिश ड्रेस के लिए जान्हवी कपूर की ये ड्रेसेज आपका दिल चुरा लेगी। अपने फैशन सेंस के लिए मशहूर जान्हवी कपूर सहजता के साथ-साथ चंचलता से अपनी ड्रेसेज से सबका दिल जीत लेती हैं। एक्ट्रेस के वॉर्डरोब ड्रेसेज को ट्राई करके आप भी बन सकते है पार्टी ऑफ अट्रैक्शन। जान्हवी कपूर की ग्लैमरस आउटफिट, आप भी ट्राई कर सकते हैं। चाहे आप एक डिनर डेट की योजना बना रहे हों या पार्टी की योजना बना रहे हैं, जान्हवी कपूर की वॉर्डरोब से हर टाइफ और अवसर के लिए ढेर सारी आकर्षक ड्रेस उपलब्ध हो सकती है। आइए उनके अल्ट्रा-ग्लैमरस वॉर्डरोब के बारे में जानें और जानें कि अपने पार्टी के लुक को कैसे आकर्षक और भव्यता के साथ पेश कर सकते हैं।

***कोर्सेट ड्रेस***

जान्हवी कपूर ने अपनी रेड लेस कोर्सेट ड्रेस से मंच पर आग लगा दी। यह आकर्षक पहनावा सहजता से रोमांस और बॉल्डनेस को जोड़ता है, जो एक्ट्रेस की फैशन सेंस को ट्राई करना चाहता है तो यह सबसे बेस्ट है। लाल रंग जुनून दर्शाता है, इस रेड कोर्सेट ड्रेस में जान्हवी बेहद हॉट लग रहीं है। इस लुक को आप भी कैरी कर सकते हैं।



***सेक्विन ड्रेस***

जान्हवी कपूर ब्लैक सेक्विन ड्रेस में एक ग्लैम डॉल की तरह लग रही थीं, जो शो-स्टॉपिंग पार्टी के लिए बुकमार्क-योग्य लुक प्रदान करता है। मनमोहक पहनावा आकर्षण के स्पर्श के साथ ग्लैमर को जोड़ता है, क्योंकि सेक्विन प्रकाश को पकड़ते हैं, जिससे एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला प्रभाव पैदा होता है। जान्हवी कपूर के इस ग्लैम लुक को आप भी ट्राई कर सकते हैं। इस आकर्षक पोशाक में ध्यान आकर्षित करने और दिल चुराने के लिए तैयार हो जाइए।

***बैंडेज ड्रेस***

मिली फिल्म एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर न्यूड ब्राउन बैंडेज मिनी ड्रेस पहनकर एक शानदार लुक शेयर किया, जो पार्टी और रोमांटिक डेट के लिए एक आकर्षक और चुलबुली पसंद पेश करता है। आकर्षक रंग के साथ जान्हवी कपूर की सिजलिग अदा ने इस ड्रेस में चार चांद लगा दिए है। यह मिनी बैंडेज ड्रेस रोमांटिक शाम के लिए बिल्कुल उपयुक्त है।

***हॉल्टर नेक ड्रेस***

जान्हवी कपूर लाल हॉल्टर नेक बॉडीकॉन ड्रेस में बेहद हॉट लग रही थीं, जो रोमांटिक डेट के लिए आकर्षण का प्रतीक है। यह आकर्षक पहनावा पूरी तरह से बोल्डनेस को जोड़ता है, क्योंकि लाल रंग ध्यान आकर्षित करता है। पतली पट्टियों के साथ हॉल्टर नेक डिज़ाइन ने कपूर की नेकलाइन को सुंदर ढंग से फ्रेम करते हुए ग्लैमर का स्पर्श जोड़ा।

***ब्लू मिडी ड्रेस***

ब्लू ड्रेस हमेशा से ही ध्यान खींचती है और पार्टी या किसी विशेष दिन पर पहनने के लिए बेहतर विकल्प बन जाता है। धड़क फिल्म अभिनेत्री एक मनमोहक नीली मिनी-ड्रेस में काफी ग्लैमरस लग रही थी, जो एक रोमांटिक डेट के लिए एकदम बेस्ट है। यह पहनावा एक्ट्रेस की फैशन-फ़ॉरवर्ड संवेदनशीलता का एक प्रमाण है और आकर्षक लुक चाहने वालों के लिए यह ड्रेस परफेक्ट है।

# रोजाना घी लगाने से लंबे समय तक जवां बनी रहेगी स्किन, फेस पर आएगा गजब का ग्लो



हेल्दी और खूबसूरत स्किन पाने के लिए स्किन केयर का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि मौसम बदलने के साथ ही स्किन टेक्सचर भी बदलने लगता है। सर्दियों के मौसम में स्किन केयर का खास ख्याल रखना जरूरी होता है।

हेल्दी और खूबसूरत स्किन पाने के लिए स्किन केयर का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि मौसम बदलने के साथ ही स्किन टेक्सचर भी बदलने लगता है। सर्दियों के मौसम में स्किन केयर का खास ख्याल रखना जरूरी होता है। सर्दियों के मौसम में त्वचा की ड्राइनेस बढ़ जाती है। जिसके कारण स्किन खुरदरी होती है।

वहीं त्वचा को पोषण देना बेहद जरूरी होता है। वहीं सर्दियों के मौसम में फेस पर घी अप्लाई करने से कई फायदे होते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको फेस पर घी लगाने के तरीके और फायदे के बारे में बताने जा रहे हैं।

***खुदरी त्वचा पर इन चीजों का करें इस्तेमाल***

गाय का घी

शहद

चेहरे पर शहद लगाने के फायदे

शहद चेहरे को नैचुरली एक्सफोलिएट करता है।

यह फेस में मौजूद पोर्स को साफ करता है।

फेस की स्किन को मुलायम रखने में शहद काफी सहायक होता है।

फेस पर घी लगाने के फायदे

फेस पर घी लगाने और मसाज करने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। जिसकी वजह से त्वचा लंबे समय तक जवां बनी रहती है।

घी लगाने से फेस का नेचुरल ग्लो बरकरार रहता है।

साथ ही यह सही पोषण देकर स्किन को मॉइस्चराइज करने का काम करता है।

***खुदरी त्वचा के लिए घरेलु नुस्खे***

सबसे पहले घी को हल्का गुनगुना कर लें।

फिर ठंडा होने पर इसमें आधा चम्मच शहद मिलाएं।

शहद और घी को अच्छे से मिक्स कर फेस पर अप्लाई करें।

इसको 20 मिनट तक फेस पर लगा रहने दें और फिर कॉटन और पानी की मदद से चेहरे को साफ कर लें।

***इस नुस्खे को रात के समय अपनाना चाहिए।***

फेस पर घी और शहद लगाने से आपको कुछ ही दिनों के अंदर बदलाव नजर आने लगेगा।

# व्यस्त दिनचर्या में इस तरह से करें स्किन की देखभाल, इन 7 टिप्स से पाएं चमकदार और स्वस्थ त्वचा



व्यस्त जीवन की दिनचर्या की भागदौड़ में, त्वचा की देखभाल के लिए पर्याप्त समय नहीं होता। हालांकि, चमकदार त्वचा पाने के लिए घंटों लाड़-प्यार की आवश्यकता नहीं होती है बल्कि आसान तारीके से स्किन की देखभाल करना जरुरी है। याद रखें, थोड़ी सी आत्म-देखभाल बहुत काम आती है, भले ही समय बहुत महत्वपूर्ण हो, आइए किस तरह से स्किन को चमकदार बनाए।

व्यस्ता से भरी भागदौड़ वाली जिंदगी में खुद की केयर करना काफी मुश्किल सा हो गया है। काम के चक्कर में लोग स्वयं की देखभाल करना भूल गए है। स्किन की केयर करने से त्वचा में निखार आता है लेकिन व्यस्त जीवन में लोग खुद की देखभाल नहीं करते, इस वजह से उनकी स्किन धीरे-धीरे चमक खो देती है। हम आपके लिए 7 सरल स्किनकेयर हैक्स लेकर आए हैं जो विशेष रूप से आपकी व्यस्तता के लिए डिज़ाइन किए गए हैं यह सुनिश्चित करते हुए कि आपका कीमती समय बर्बाद किए बिना आपकी त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहे!

***अधिकतम प्रभाव के लिए अपने स्किनकेयर रूटीन को सुव्यवस्थित करें***

त्वचा की देखभाल करने के लिए सबसे जरुरी है कि अपनी दिनचर्या पर ध्यान केंद्रित करें, इसमें इन स्किन केयर की चीजें शामिल करें। एक सौम्य क्लींजर, परफेक्ट मॉइस्चराइजर और बेहतरीन सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। यह काफी सरल और प्रभावी तारीका है इससे स्किन हाइड्रेटेड, संरक्षित और चमकदार बनी रहती है।

***स्किन हाइड्रेशन है जरुरी***

व्यस्त काम की वजह से अक्सर हाइड्रेटेड रहने के लिए ध्यान नहीं रहता। अपने शरीर से विषैले पदार्थो को बाहर निकालने कम से कम 8-10 गिलास पानी पीना चाहिए इससे स्किन कोमल और होती है। अपनी डाइट में पानी से भरपूर खाद्य पदार्थो को शामिल करें। तरबूज, खीरा और संतरे जैसे फल न केवल आपके संपूर्ण स्वास्थ्य में योगदान करते हैं, बल्कि आपकी त्वचा को हाइड्रेट भी रखते हैं जिसकी उसे आवश्यकता होती है, जिससे स्किन खिली-खिली और चमकदार दिखती है।

***फेस मास्क का इस्तेमाल करें***

जब आपके पास समय की कमी हो तो आप आसान फेस मास्क को प्राथमिकता दें। शहद और दही का इस्तेमाल करके एक पौष्टिक और हाइड्रेटिंग मास्क बनाएं, या चीनी और नारियल तेल के साथ एक सरल एक्सफ़ोलीएटिंग स्क्रब बनाएं। इन प्राकृतिक उपचारों से आपकी व्यस्त दिनचर्या में सहजता से शामिल किया जा सकता है और इससे आपकी स्किन में रंगत आएगी।

***ओवरनाइट स्किन केयर का जादू***

व्यस्त जीवन में स्किन की देखभाल करने के लिए रात का समय से बेस्ट है। अपनी सौंदर्य में निखार लाने के लिए रात का अधिकतम लाभ उठाएं। इसके लिए आप हयालूरोनिक एसिड और रेटिनॉल युक्त नाइट क्रीम या सीरम चुनें। इससे स्किन को हाइड्रेशन प्राप्त होगी और आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे इसी के साथ त्वचा में भी निखार आएगा।

***समय बचाने के लिए शीट मास्क का प्रयोग करें***

शीट मास्क लगातार ट्रेवल करने वाले लोगों के लिए गेम-चेंजर हैं। एलोवेरा या हयालूरोनिक एसिड जैसे सामग्री से युक्त हाइड्रेटिंग शीट मास्क का विकल्प चुनें। इसे केवल 15-20 मिनट के लिए लगाने से आपकी त्वचा को हाइड्रेशन और पोषण मिलता है, जो आपकी स्किन के लिए बहुत आवश्यकता है।

***सनस्क्रीन जरुर लगाएं***

किसी भी त्वचा की देखभाल में धूप से सुरक्षा एक अवाश्यक कदम है। बेस्ट एसपीएफ़ वाला मॉइस्चराइजर या फाउंडेशन चुनकर अपनी सुबह की दिनचर्या को सरल बनाएं। सनस्क्रीन यह सुनिश्चित करती है कि आपकी त्वचा दिन में भी हानिकारक किरणों से सुरक्षित रहे!

***त्वचा के स्वास्थ्य के लिए पोषण की जरुरत***

अच्छी त्वचा की देखाभाल के लिए अपने आहार में पोषक तत्वों को शामिल करें, जो अंदर से बाहर तक त्वचा को स्वस्थ बनाए रखते हैं। एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे कि जामुन, ग्रीन टी और डार्क चॉकलेट का सेवन करने से स्किन चमकदार होती है।

चमकदार और स्वस्थ त्वचा पाना कोई समय लेने वाला काम नहीं है। अपनी व्यस्त जीवनशैली में इन सात सरल स्किनकेयर हैक्स को लागू करके, आप आसानी से एक चमकदार रंगत बनाए रख सकते हैं। याद रखें, थोड़ी सी आत्म-देखभाल बहुत काम आती है, भले ही समय बहुत महत्वपूर्ण हो। लाइफ में आगे बढ़ें और अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच अपनी त्वचा का भी विशेष ख्याल रखे और अपनी प्राकृतिक चमक को उज्ज्वल होने दें!

# बदलते मौसम ने छीन की है चेहरे की रंगत? इन आयुर्वेदिक टिप्स से निखारे त्वचा

स्किन केयर से त्वचा की देखभाल तो हो जाएगी, लेकिन इसकी खोयी हुई रंगत लौटने में समय लग सकता है। लेकिन अगर आपको जल्द से जल्द त्वचा की रंगत पहले जैसी चमकदार चाहिए तो आप कुछ आयुर्वेदिक चीजें आजमा सकते हैं। ये चीजें एक हफ्ते के अंदर अपना असर दिखाएंगी और आपकी त्वचा पहले भी ज्यादा चमकदार हो जाएगी। बदलता मौसम त्वचा की रंगत छीन लेता है। इसलिए इस दौरान त्वचा की देखभाल करना जरुरी हो जाता है। स्किन केयर से त्वचा की देखभाल तो हो जाएगी, लेकिन इसकी खोयी हुई रंगत लौटने में समय लग सकता है। लेकिन अगर आपको जल्द से जल्द त्वचा की रंगत पहले जैसी चमकदार चाहिए तो आप कुछ आयुर्वेदिक चीजें आजमा सकते हैं। ये चीजें एक हफ्ते के अंदर अपना असर दिखाएंगी और आपकी त्वचा पहले भी ज्यादा चमकदार हो जाएगी। अगर आप इन चीजों का इस्तेमाल जारी रखेंगे तो आपको स्किन केयर के लिए किसी ब्यूटी प्रोडक्ट पर पैसे खर्च करने की जरुरत नहीं पड़ेगी। चलिए जानते हैं इनके बारे में।

***इन आयुर्वेदिक चीजों से चमकदार बनेगी त्वचा***



आयुर्वेदिक डॉक्टर दीक्षा भावसार सावलिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने त्वचा को चमकदार बनाने वाली 5 आयुर्वेदिक चीजों के बारे में बताया है। डॉक्टर ने अच्छे रिजल्ट के लिए इन चीजों को लगातार 12 हफ्ते तक इस्तेमाल करने की सलाह दी है। सोने, घी और शहद का मिश्रण- अपने दिन की शुरुआत अगर आप सोने, घी और शहद के मिश्रण से करेंगे तो आपकी त्वचा की रंगत साफ होगी। ये तीनों चीजें चेहरे और त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होती है। आयुर्वेद के अनुसार, सोना त्वचा की रेडनेस को कम करता है। ये मुँहासे की सूजन को कम कर सकता है, हाइपरपिग्मेंटेशन से बचा सकता है और त्वचा को प्राकृतिक चमक प्रदान करता है। घी विटामिन ए, डी, ई और के और एंटी-ऑक्सीडेंट की उपस्थिति के कारण त्वचा की लोच को बनाए रखने में मदद करता है। शहद त्वचा को नमी प्रदान करता है और इसे समय से पहले बूढ़ा होने से रोकता है। बता दें, इस मिश्रण का सेवन हर उम्र के लोग कर सकते हैं।

***अनार का करें सेवन-*** त्वचा को चमकदार बनाने के लिए हफ्ते में कम से कम तीन बार अनार का सेवन जरूर करें। ये आपके हीमोग्लोबिन को बेहतर बनाने में मदद करेंगा। इसके साथ ये खून को साफ़ करने का काम भी करता है। साफ खून सुंदर और चमकदार त्वचा पाने में आपकी मदद करेगा। इसके अलावा आप चाहें तो अनार, गाय के घी और अन्य आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से बने पेस्ट का सेवन भी कर सकते हैं।

***आयुर्वेदिक चाय का करें सेवन-*** त्वचा की रंग निखारने के लिए आयुर्वेदिक चाय का सेवन कर सकते हैं। आयुर्वेदिक चाय रंग निखारने वाली जड़ी-बूटियों से बनती है, इसलिए इसे अपनी डाइट में शामिल करना बिलकुल भी न भूलें। सुबह खाली पेट इस चाय का सेवन करें और सुंदर त्वचा पाएं।

फेसमास्क के इस्तेमाल से होगा फायदा- हिबिस्कस, लोध्र, मंजिष्ठा, चंदन, गुलाब, हल्दी, लाल मसूर, केसर जैसी जड़ी-बूटियों से फेसपैक बनाएं और हफ्ते में कम से कम दो तो इसका इस्तेमाल करें। ये सभी जड़ी बूटियां त्वचा के लिए अच्छी होती हैं और त्वचा को चमक प्रदान करती हैं। जड़ी-बूटियों के फेसपैक को चेहरे पर लगाएं और 30 मिनट तक छोड़ दें, फिर गुनगुने पानी से इसे धो लें। स्किन केयर में केसर सीरम को करें शामिल- केसर त्वचा के लिए बहुत अच्छा माना जाता है, इसलिए इससे बने सीरम को त्वचा की रंगत निखारने के लिए इस्तेमाल करें। केसर सीरम में सिर्फ केसर का नहीं बल्कि उशीरा, चंदन, कमल आदि रंग निखारने वाली जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल भी होता है। इसलिए रोजाना रात को सोने से पहले केसर सीरम को चेहरे पर लगाएं और सुबह चेहरा धो लें।

# ड्राई स्किन से परेशान हैं तो इस तरह से पाएं छुटकारा,फॉलो करें ये 5 स्किन केयर रुटीन

अगर आपकी भी त्वचा ड्राई है तो इस तरह से फॉलो करें यह 5 स्किन केयर टिप्स, इससे आपकी स्किन ड्राई होने से बच सकती है। विंटर सीजन में आमतौर पर स्किन ड्राई हो जाती है इससे निजात पाने के लिए इन टिप्स का पालन करना बेहद जरुरी है। ड्राई स्किन से बचने के लिए अपनाएं ये 5 स्किन केयर रुटीन



सर्दियों के मौसम में आमतौर पर स्किन ड्राई होने लगती है। ड्राई त्वचा को बिलकुल हल्के में नहीं लेना चाहिए इससे स्किन काफी बेजान हो जाती है। चेहरे पर सही ढंग से क्रीम या लोशन नहीं लगाने से त्वचा अधिक ड्राई हो जाती है। जिस वजह से त्वचा का निखार कहीं गायब ही हो जाता है। ड्राई स्किन होने से त्वचा में खुजली और रैशेज बढ़ने लगते है, जिससे त्वचा में जलन और रेडनेस होने लगती है। ड्राई स्किन से बचने के लिए अपनाएं ये 5 स्किन केयर रुटीन

ड्राई स्किन होने के कारण

- सर्दी, गर्मी, सूखे और ठंड हवाओं की वजह से स्किन ड्राई होने लगती है, ठंडी हवाएं स्किन की नमी को नष्ट कर देते हैं।

- अधिक ऑयली फूड खाने से त्वचा प्रभावित हो जाती है।

- हर्श केमिकल युक्त साबुन या ब्यूटी प्रोडक्ट इस्तेमाल करने से त्वचा नमी खो देती है।

- बढ़ती उम्र के साथ हमारी त्वचा हाइड्रेशन की क्षमता खो देता है जिस वजह से स्किन ड्राई होने लगती है।

***ड्राई स्किन से छुटकारा पाने के लिए 5 स्किन केयर रुटीन***

***रोज त्वचा को साफ करें***

ड्राई स्किन के लिए सही और नरम क्लेंजर चुने, जो त्वचा को क्लीन करता हो और नमी बनाएं रखता हो

***स्किन को एक्सफोलिएट करें***

बेहतर एक्सफोलिएशन त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाता है और त्वचा में ताजगी उत्पन्न करता है। अपनी स्किन के लिए अच्छा एक्सफोलिएटर चुने, 1 मिनट से ज्यादा स्किन पर स्क्रब न करें।

***त्वचा को मॉइश्चराइज करें***

स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए अच्छा *मॉइश्चराइजर* का चयन करें। रात को स्किन को मुलायन रखने के लिए हैवी *मॉइश्चराइजर* का इस्तेमाल करें।

***सहीं आहार खाएं***

अपने आहर में फल, सब्जियां और प्रोटीन शामिल करें, इसके साथ ही सहीं मात्रा में पानी पिएं इससे स्किन में नमी रहेगी।

***स्किन को हाइड्रेटे रखें***

ड्राई त्वचा के लिए अधिक मात्रा में पानी पीना जरुरी है, इससे स्किन को हाइड्रेटेशन मिलेगा। त्वचा को तरोताजा और नरम बनाने के लिए रोजाना पानी पिएं।

# खांसी और जुकाम से हैं परेशान, आजमाएं ये घरेलू उपाय, जल्द मिलेगी राहत

खांसी और जुकाम की समस्या आम भले ही है, लेकिन कष्ट देने में ये कोई भी कसर नहीं छोड़ती हैं। इसलिए बचे रहने में ही भलाई है। लेकिन अगर आप खांसी-जुकाम की चपेट में आ गए हैं तो घबराने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको एक ऐसा घरेलू उपाय बताने जा रहे हैं, जो इन समस्याओं से छुटकारा दिला सकता है। मौसम में बदलाव होते ही लोगों की तबियत बिगड़ने लगती है। आमतौर पर इस दौरान लोग गले में खराश, खांसी और जुकाम जैसी समस्याओं का अनुभव करते हैं। ये तीनों समस्याएं बेहद ही आम है। ये किसी भी मौसम में बच्चों से लेकर बुर्जुर्गों तक किसी को भी अपनी चपेट में ले सकती हैं। खांसी और जुकाम की समस्या आम भले ही है, लेकिन कष्ट देने में ये कोई भी कसर नहीं छोड़ती हैं। इसलिए इनसे बचे रहने में ही भलाई है। लेकिन अगर आप खांसी और जुकाम की चपेट में आ गए हैं तो घबराने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको एक ऐसा घरेलू उपाय बताने जा रहे हैं, जो दो दिन में इन दोनों समस्याओं से आपको छुटकारा दिला सकता है। एक अवॉर्ड विनर फूड ब्लॉगर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर खांसी और जुकाम ठीक करने का आयुर्वेदिक नुस्खा साझा किया। इस नुस्खे में ब्लॉगर ने गुड, अजवाइन, काली मिर्च और अदरक पाउडर समेत कुछ अन्य चीजों के इस्तेमाल से एक मिक्सचर तैयार किया है। ब्लॉगर ने नुस्खा साझा करते हुए लिखा कि रोजाना सुबह शाम इस मिक्सचर को गर्म पानी के साथ पीने से दो दिन में खांसी और जुकाम से राहत मिल जाएगी। चलिए आपको इस पेस्ट की रेसिपी बताते हैं।

***आयुर्वेदिक काढ़े, नहीं होगी सर्दी-खांसी***

***सामग्री***

कप पानी, 1 बड़ा चम्मच गुड, छोटा चम्मच हरी इलाइची पाउडर, ड्ट छोटा चम्मच अजवाइन, छोटा चम्मच काली मिर्च पाउडर, छोटा चम्मच काला नमक और 1/2 छोटा चम्मच अदरक पाउडर।

***बनाने की विधि***

सबसे पहले एक पैन में पानी लें और गर्म करने के लिए रख दें। फिर इसमें गुड डाले और अच्छे से मिला लें।

अवधनामा
लखनऊ, रविवार, 18 फरवरी 2024 

# जिसने पार्टी बनाई, उसे ही बाहर कर दिया
# चुनाव चिह्न छीने जाने पर छलका शरद पवार का दर्द

**मुंबई।** शरद पवार आज महाराष्ट्र के बारामती पहुंचे। बारामती में मीडिया से बात करते हुए शरद पवार का पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न खोने का दर्द छलका। उन्होंने कहा कि जिसने पार्टी बनाई, उसे ही पार्टी से निकाल दिया गया। शरद पवार ने कहा कि यह फैसला कानून के अनुसार सही नहीं है और हम इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे।

शरद पवार ने कहा कि ऐसा कभी नहीं हुआ कि जिसने राजनीतिक पार्टी बनाई, उसे ही पार्टी से बाहर कर दिया गया। ना सिर्फ ये ही पार्टी का चुनाव चिह्न भी छीन लिया गया। यह फैसला कानून के अनुसार सही नहीं है। हम इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। हमें जनता की बीच अपनी पहुंच बढ़ाने की जरूरत है।% बीते दिनों चुनाव आयोग ने अजित पवार के गुट वाली एनसीपी

**अन्याय**

**शरद पवार ने कहा कि ऐसा कभी नहीं हुआ कि जिसने राजनीतिक पार्टी बनाई, उसे ही पार्टी से बाहर कर दिया गया।**

को असली एनसीपी माना है। चुनाव आयोग ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का चुनाव चिन्ह भी अजित पवार गुट को देने का आदेश दिया। चुनाव आयोग ने पार्टी के संविधान, बहुमत के आधार पर अपना फैसला सुनाया। हाल ही में महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने भी अजित पवार गुट के पक्ष में ही फैसला सुनाया था। शरद पवार ने इसके खिलाफ



सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

बीते साल 2 जुलाई को अजित पवार के नेतृत्व में एनसीपी के कई विधायक भाजपा और शिवसेना (शिंदे) के गठबंधन वाली सरकार में शामिल हो गए थे। अजित पवार गुट के पास फिलहाल 41 विधायकों का समर्थन है, वहीं शरद पवार गुट के पास सिर्फ 12 विधायकों का समर्थन ही बचा हुआ है। शरद पवार गुट के पास चार लोकसभा सांसदों और अजित पवार गुट के पास एक सांसद का भी समर्थन है।

शरद पवार का बारामती का दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब ऐसी चर्चाएं हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में बारामती सीट पर सुप्रिया सुले के खिलाफ अजित पवार भी अपना उम्मीदवार उतार सकते हैं। बारामती सीट परंपरागत रूप से शरद पवार की राजनीति का गढ़ रही है और पहले शरद पवार और फिर उनकी बेटी सुप्रिया सुले बारामती से सांसद हैं। ऐसी भी चर्चाएं हैं कि अजित पवार, बारामती सीट से अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को चुनावी मैदान में उतार सकते हैं। बारामती सीट पर अजित पवार की चुनौती की चर्चाओं पर शरद पवार ने कहा लोकतंत्र में हर किसी को चुनाव लड़ने का अधिकार है और अगर कोई इस अधिकार का इस्तेमाल कर रहा है तो इसमें शिकायत वाली कोई बात नहीं है। हमें लोगों के सामने अपना पक्ष रखना चाहिए। लोग जानते हैं कि हमने बीते 55-60 वर्षों में किया किया है।

## लोकतंत्र में हर किसी को अधिकार, बारामती सीट को लेकर अजित के बयान पर भड़के शरद पवार-सुप्रिया सुले

**मुंबई।** अजित पवार ने बिना नाम लिए कहा था कि वह सिर्फ भाषण देती हैं और अवॉर्ड जीतती हैं, लेकिन क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं करती हैं। उन्होंने कहा था कि हम ऐसे लोगों को संसद में नहीं भेज सकते जो समस्याओं का समाधान नहीं करते।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नाम के बाद अब बारामती निर्वाचन क्षेत्र को लेकर शरद पवार और अजित पवार आमने सामने आ गए हैं। दोनों के बीच तनातनी जारी है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को बारामती से उम्मीदवार उतारने और साथ ही सांसद सुप्रिया सुले पर निशाना साधकर चुनावी बिगुल फूंक दिया है। अजित पवार के तीखे बयानबाजी से गुस्साए चाचा शरद पवार और चचेरी बहन सुले ने कहा कि लोकतंत्र का मंदिर संसद है। कल जिस तरह से संसदीय प्रक्रियाओं का मजाक उड़ाया गया वो काफी दर्दनाक था।

दरअसल, अजित पवार ने बिना नाम लिए कहा था कि वह सिर्फ भाषण देती हैं और अवॉर्ड जीतती हैं, लेकिन क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं करती हैं। उन्होंने कहा था कि हम ऐसे लोगों को संसद में नहीं भेज सकते जो समस्याओं का समाधान नहीं करते। सिर्फ संसद में भाषण देने से कुछ नहीं होता। अगर वह भाषण देंगे और बारामती में काम न करें, तो क्या यहां कुछ होगा? NCP शरदचंद्र पवार के प्रमुख शरद पवार ने कहा, लोकतंत्र में, सभी को चुनाव में खड़े होने का अधिकार है। अगर कोई उस अधिकार का प्रयोग कर रहा है तो इसके बारे में शिकायत करने का कोई कारण नहीं है। हमें लोगों के सामने अपना पक्ष रखना चाहिए। लोग जानते हैं कि हमने पिछले 55-60 सालों में क्या किया है।

वहीं सुप्रिया सुले ने कहा, यह एक लोकतंत्र है। यहां हर किसी को चुनाव लड़ने का अधिकार है और इसलिए यह कहना उचित है।




लेकिन, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और दर्दनाक है कि लोकतंत्र का मंदिर संसद है और कल जिस तरह से संसदीय प्रक्रियाओं का मजाक उड़ाया गया, वह हम जैसे प्रतिबद्ध और समर्पित लोगों के लिए बहुत दर्दनाक था। क्योंकि हम जवाहरलाल नेहरू, अटल बिहारी वाजपेयी और सुषमा स्वराज को देखते हैं, जिन्होंने संसद में चर्चा कर कई बड़े मतभेद पैदा किए। मैं हैरान और निराश हूं कि अजित पवार जैसे वरिष्ठ नेता ने ऐसा कुछ कहा है।

## कन्नूर में जगंली हाथी का उत्पात, एक को कुचला, माओवादी गुट पर भी किया हमला



**केरल।** केरल में आजकल आए दिन जंगली हाथी क्षेत्रों में घुस आते हैं। हाल ही में जहां एक जंगली हाथी भटककर केरल के वायनाड जिले में आ गया था। वहीं, तटीय शहर कन्नूर में शुक्रवार को एक जंगली हाथी घुस आया। इससे लोगों में दहशत फैल गई। वहीं एक स्थानीय शख्स भी घायल हो गया। बताया जा रहा है कि हाथी ने कन्नूर में माओवादी गुट पर हमला कर दिया था। समूह के सभी सदस्य हमले से बचकर भाग निकले। हालांकि, हमले में एक स्थानीय व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि हाथी को देखकर लोग डर गए और वे सुरक्षित जगह पर शरण लेने के लिए इधर-उधर भागने लगे। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

हाल ही में वायनाड में हाथी के हमले से एक शख्स की मौत हो गई थी। इसी घटना को लेकर पक्कम में स्थानीय लोगों के साथ विपक्षी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने केरल सरकार के खिलाफ 12 घंटे का विरोध प्रदर्शन शुरू किया।

पीड़ित की पहचान पुलपल्ली के पक्काम के मूल निवासी पॉल के रूप में हुई है, जिस पर शुक्रवार सुबह हाथियों के झुंड ने हमला किया और कोझिकोड मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। वह कुरुवा पर्यटन परियोजना का कर्मचारी था।

## बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम पहुंची संदेशखाली बाल दुर्व्यवहार की शिकायतें मिलने के बाद किया दौरा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग की छह सदस्यीय टीम उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में पहुंच गई है। राजनीतिक रूप से अशांत क्षेत्र में बाल दुर्व्यवहार की शिकायतें मिलने के बाद आयोग की एक टीम ने इस इलाके का दौरा किया।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि संदेशखाली में बदमाशों ने सात महीने की एक बच्ची को उसकी मां की गोद से छीनकर फेंक दिया। फिलहाल बच्ची का इलाज जारी है। राज्य बाल अधिकार पैनल की सलाहकार सुदेशना रॉय ने कहा, हम यहां जमीनी स्तर पर स्थिति का आकलन करने आए हैं। हमारा काम सभी बच्चों को सुरक्षा प्रदान करना है। हमें यह भी देखना है कि उनके अधिकार सुरक्षित हो।

उन्होंने आगे कहा, हम उन बच्चों की मां से बात करेंगे, जिन्हें प्रताड़ित किया गया था। संदेशखाली पहुंचने वाली टीम का नेतृत्व तुलिका दास



कर रहीं है। उन्होंने कहा, कल हमें पता चला कि कोई अज्ञात व्यक्ति एक घर में घुस आया है और उसने मां की गोद से छोटी बच्ची को उठाकर फेंक दिया। हम बच्ची की मां से मिले। उन्हें खाना, दवाईयां और सुरक्षा की जरूरत थी, हमने उन्हें सब प्रदान किया है।

संदेशखाली में हिंसा तब शुरू हुई जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी की थी। इस छापमारी के दौरान शाहजहां के समर्थकों ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया, जिसमें तीन अधिकारी घायल हो गए थे। बता दें कि इससे पहले राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भी संदेशखाली का दौरा कर चुके हैं।

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित गांव संदेशखाली इन दिनों भारी विरोध प्रदर्शन का गवाह बन रहा है। दरअसल गांव की महिलाओं ने बीते दिनों आरोप लगाए थे कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख और अन्य टीएमसी नेताओं ने उनकी जमीनों पर कब्जा कर लिया और कुछ महिलाओं ने टीएमसी नेताओं पर यौन शोषण के भी आरोप लगाए थे। इसे लेकर संदेशखाली में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ता भी संदेशखाली में प्रदर्शन कर रहे हैं। शाहजहां शेख राशन घोटाले में आरोपी है और बीते दिनों ईडी टीम पर हुए हमले में भी शाहजहां शेख आरोपी है। वहीं बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया है।

## कांग्रेस समर्थित न्यूज चैनल का आरोप-सरकार ने सीज किए बैंक खाते

**नई दिल्ली।** केरल में कांग्रेस समर्थित न्यूज चैनल ने आरोप लगाया है कि आयकर विभाग ने उनके बैंक खातों को सीज कर दिया है। न्यूज चैनल का यह दावा कांग्रेस के उस आरोप के एक दिन बाद सामने आया है, जिसमें कांग्रेस ने भी आयकर विभाग द्वारा उसके बैंक खातों को सीज करने का आरोप लगाया था। हालांकि बाद में कांग्रेस के बैंक खातों पर लगी रोक हटा ली गई थी।

न्यूज चैनल ने आरोप लगाया है कि सेंट्रल जीएसटी और सेंट्रल एक्साइज तिरुवनंतपुरम के असिस्टेंट कमिश्नर ऑफिस से दो निजी बैंकों को नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस में न्यूज चैनल की पेरेंट कंपनी भारत ब्रॉडकास्टिंग कंपनी के बैंक खातों को सीज करने का निर्देश दिया गया। गौरतलब है कि जिस न्यूज चैनल के बैंक खातों को कथित तौर पर सीज किया गया है, उसे ही बीते दिनों सीबीआई ने नोटिस जारी किया था। सीबीआई ने नोटिस में चैनल में कर्नाटक के डिप्टी सीएम और कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार द्वारा किए गए कथित निवेश की जानकारी मांगी थी।

आयकर विभाग की कार्रवाई पर चैनल के एमडी बीएस शिजु ने कहा कि आयकर विभाग की कार्रवाई पूरी तरह से अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि यह मामला अभी हाईकोर्ट में भी लंबित है। यह कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे चैनल में दिन-प्रतिदिन होने वाला कामकाज बुरी तरह प्रभावित होगा। बीएस शिजु भी एक कांग्रेस नेता हैं। डीके शिवकुमार संबंधी नोटिस पर शिजु ने कहा कि हम जांच एजेंसियों के साथ जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं, लेकिन सीबीआई के नोटिस के बाद से हमें विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों की तरफ से दर्जनों नोटिस मिल चुके हैं। यह पूरी तरह से राजनीतिक प्रतिशोध के तहत की जा रही कार्रवाई है।

## इस्लामाबाद प्रशासन का इमरान की पार्टी को प्रदर्शन की इजाजत देने से इनकार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हाल ही में आम चुनाव हुआ था। हालांकि, चुनाव के नतीजे घोषित करने में की गई देरी के बाद कई तरह के आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो




गया। कई पार्टियों ने नतीजे को धांधली करार दिया। इसी को लेकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने राजधानी में विरोध-प्रदर्शन का एलान किया। हालांकि, इस्लामाबाद के उपायुक्त ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। प्रशासन ने पीटीआई के आवेदन को खारिज कर दिया और कहा कि राजधानी में लागू आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके अलावा, आम लोगों को किसी भी राजनीतिक सभा में शामिल होने से बचने के लिए कहा है। साथ ही कहा गया कि अगर किसी ने प्रदर्शन में भाग लिया तो उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। पीटीआई ने 2024 के आम चुनावों में धांधली के खिलाफ शनिवार को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। प्रशासन के अनुमति न देने के आदेश से पहले, पीटीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेर अफजल मारवात ने कहा कि वह इस्लामाबाद के एफ9 पार्क से नेशनल प्रेस क्लब तक शनिवार को होने वाले प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि पीटीआई के संस्थापक इमरान खान चाहते हैं कि समर्थक शनिवार को सुबह साढ़े 11 बजे बाहर आएं और उसी ताकत से विरोध करें जैसे वे आठ फरवरी को बाहर आए थे। इसके अलावा, मारवात ने कहा कि विरोध शांतिपूर्ण रहेगा और चेतावनी दी कि अगर पुलिस ने विरोध को रोकने के लिए कोई कार्रवाई की, तो आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि परिणाम नहीं बदले जाते। वहीं, पीटीआई नेता असद कैसर ने इस्लामाबाद में जमात-ए-इस्लामी (जेआई) नेतृत्व से मुलाकात के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया, जिनका मानना है कि चुनाव में धांधली हुई है।

## म्यूनिख में अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन और जयशंकर की हुई मुलाकात
# लाल सागर में चुनौतीपूर्ण सुरक्षा हालात पर चर्चा की

**म्यूनिख।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी जे. ब्लिंकन ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर जर्मनी के म्यूनिख में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने लाल सागर में चुनौतीपूर्ण सुरक्षा हालात पर चर्चा की। साथ ही इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे अमेरिका और भारत अस्थिर क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ब्लिंकन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि लाल सागर में समुद्री सुरक्षा के लिए संबंधित अमेरिकी और भारतीय दृष्टिकोण पारस्परिक रूप से मजबूत हैं और इस क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों मंत्रियों ने मध्य पूर्व में स्थायी शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चल रहे काम पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं ने जर्मन में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर मुलाकात की। इस दौरान इस बात पर भी जोर दिया कि लाल सागर

**बहुमत**

**दोनों नेताओं ने जर्मन में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर मुलाकात की।**

एक प्रमुख वाणिज्यिक गलियारा है जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाता है। साथ ही ब्लिंकन ने इस क्षेत्र में नेविगेशन की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए भारत के साथ बढ़ते सहयोग का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने मध्य पूर्व में स्थायी शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चल रहे काम पर भी चर्चा की। जयशंकर मुलाकात के बाद कहा, अपने अमेरिकी मित्र ब्लिंकन से मिलकर काफी अच्छा लगा। हमारी बातचीत पश्चिम एशिया, यूक्रेन और हिंद-प्रशांत की स्थिति पर



केंद्रित रही। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में जारी प्रगति की समीक्षा की गई।

ब्लिंकन ने भी मुलाकात के बाद कहा, अमेरिका और भारत के बीच हमारी असाधारण साझेदारी है, जो हाल के वर्षों में पहले से कहीं अधिक मजबूत और मजबूत हुई है। यह हमारे लिए दुनिया के किसी भी रिश्ते के मुकाबले सबसे अधिक मजबूत संबंधों में से एक है।

इससे पहले, म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के इतर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को जर्मनी और अर्जेंटीना के समकक्षों के साथ बैठक की। इस दौरान जर्मनी के विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक के साथ जयशंकर ने वैश्विक चुनौतियों और आगे के रास्ते पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने भारत-जर्मनी इंटर गवर्नमेंटल कंसल्टेशन की अगली बैठक की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने अर्जेंटीना की समकक्ष डायना मोंडिनो के साथ भी बैठक की। इस दौरान दोनों देशों के बीच आर्थिक और राजनीतिक सहयोग पर चर्चा हुई। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज शाम अर्जेंटीना की एफएम डायनामोंडिनो से मिलकर खुशी हुई।

इस दौरान एस जयशंकर ने यूनानी राष्ट्रीय रक्षा मंत्री निकोस डेंडियास से भी मुलाकात की। बता दें, म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) 16-18 फरवरी तक अपने पारंपरिक स्थल, म्यूनिख के होटल बेयरिशर हॉफ में एक व्यक्तिगत कार्यक्रम में शुरू हुआ। इस वर्ष का सम्मेलन अमेरिका में जर्मन राजदूत क्रिस्टोफ ह्यूसगेन की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है।

# न्याय व्यवस्था खतरे में है, 35 करोड़ डॉलर के जुर्माने पर फूटा डोनाल्ड ट्रंप का गुस्सा

**वॉशिंगटन।** ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल टिश जेम्स पर खास तौर पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि टिश जेम्स उन्हें लंबे समय से



फंसाने की कोशिशें कर रहे हैं। ट्रंप ने लिखा कि उन्होंने बुरे वक्त में न्यूयॉर्क शहर की मदद की थी, लेकिन अब मुझे ही यहां से बाहर निकाला जा रहा है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को नागरिक धोखाधड़ी मामले में उन पर जुर्माना लगाने वाले जज पर तीखी टिप्पणी की। दरअसल नागरिक धोखाधड़ी के एक मामले में न्यूयॉर्क की अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप पर 35 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है। डोनाल्ड ट्रंप ने इस फैसले को पूरी तरह से अवैध और गलत करार दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा किए पोस्ट में अमेरिका की न्याय व्यवस्था पर भी खतरा बताया।

डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा अमेरिका और न्यूयॉर्क की न्याय व्यवस्था खतरे में है और इस पर पक्षपाती और बंटवारे को बढ़ावा देने वाले जज और वकील हैं। ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल टिश जेम्स पर खास तौर पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि टिश जेम्स उन्हें लंबे समय से फंसाने की कोशिशें कर रहे हैं। ट्रंप ने लिखा कि उन्होंने बुरे वक्त में न्यूयॉर्क शहर की मदद की थी, लेकिन अब मुझे ही यहां से बाहर निकाला जा रहा है।

नागरिक धोखाधड़ी मामले में न्यूयॉर्क की अदालत ने 90 पन्नों के अपने फैसले में डोनाल्ड ट्रंप पर 35 करोड़ डॉलर का भारी-भरकम जुर्माना लगाया है। साथ ही ट्रंप के न्यूयॉर्क की कंपनी में बतौर निदेशक काम करने पर तीन साल की रोक लगा दी है। अदालत ने ट्रंप के दोनों बेटों डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और एरिक ट्रंप को भी दोषी माना है और उन पर भी 40-40 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया है और दोनों दो साल तक कंपनी में निदेशक के रूप में काम नहीं कर पाएंगे। डोनाल्ड ट्रंप को अपनी कंपनी की संपत्ति बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने और उसके आधार पर कर्ज लेने का आरोप सिद्ध हुआ है। हालांकि ट्रंप ने आरोपों से इनकार किया था और दावा किया था कि कुछ भी गलत नहीं हुआ है।

डोनाल्ड ट्रंप ने उनके खिलाफ दिए गए फैसले की आलोचना करते हुए लिखा कि इस मामले में कोई पीड़ित नहीं है, ना ही कोई नुकसान हुआ और कोई शिकायत भी नहीं हुई। बैंकों और इंश्योरेंस कंपनियों को भी कोई परेशानी नहीं है। वित्तीय दस्तावेजों में भी कोई समस्या नहीं है। इसके बावजूद बिना किसी आधार के मुझे साजिशन निशाना बनाया गया।

## रूसी विपक्षी नेता नवलनी की मौत पर फूटा अमेरिका का गुस्सा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत के बाद से काफी गुस्से में हैं। उन्होंने नवलनी की मौत के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है। बाइडन ने कहा कि वह नवलनी की कथित मौत से हैरानी में नहीं बल्कि आक्रोशित हैं। गौरतलब है कि पूरी दुनिया अमेरिका और रूस के बीच जारी विवाद से अवगत है।

नवलनी की मौत को लेकर बाइडन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के व्हाइट हाउस में कहा, %वह भ्रष्टाचार, हिंसा और पुतिन सरकार द्वारा किए जा रहे सारे बुरे कामों के खिलाफ बहादुरी से लड़ते रहे। नवलनी की मौत के लिए पुतिन जिम्मेदार हैं।' व्हाइट हाउस आर्कटिक सर्कल के उत्तर में रूसी दंड कॉलोनी में नवलनी की मौत के बारे में अधिक जानकारी मांग रहा था, जहां उसे दो महीने से भी कम समय पहले भेजा गया था।

# भूकंप के झटके से कांपी म्यांमार की धरती, रिक्टर स्केल पर 4.4 रही तीव्रता

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि म्यांमार में शनिवार सुबह 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, भूकंप की तीव्रता कम होने की वजह से फिलहाल कोई जान माल के नुकसान की खबर नहीं है।

म्यांमार में आज सुबह नौ बजकर 25 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.4 मापी गई, भूकंप महसूस होते ही लोग घरों से बाहर आ गए। हालांकि, भूकंप की तीव्रता कम होने की वजह से फिलहाल कोई जान माल के नुकसान की खबर नहीं है।

प्रबंधन और संसाधन के लिए उप विदेश मंत्री रिचर्ड आर. वर्मा संयुक्त राज्य अमेरिका के सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत, मालदीव और श्रीलंका की यात्रा पर जाएंगे। अमेरिका के विदेश विभाग ने यह जानकारी दी।

वर्मा 18-23 फरवरी को भारत, मालदीव और श्रीलंका की यात्रा




करेंगे। अमेरिकी भारत-प्रशांत रणनीति की दूसरी वर्षगांठ के तुरंत बाद, उनकी यात्रा एक मुक्त, खुले, सुरक्षित और समृद्ध क्षेत्र के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की स्थायी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी।

पब्लिक डिप्लोमेसी की अवर विदेश मंत्री लिज एलेन 12 से 22 फरवरी तक जॉर्डन, श्रीलंका और भारत की यात्रा पर रहेंगी। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, यह यात्रा साझेदारी और गठबंधनों को मजबूत करने और विस्तार करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह यात्रा अमेरिकी विदेश नीति और सार्वजनिक कूटनीति पहलों के मूल पर प्रकाश डालती है, जैसे-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, आर्थिक सशक्तिकरण और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना।

# विद्यार्थी डिग्री के साथ-साथ उद्यमी और रोजगारदाता बनें: विक्रम

अवधनामा संवाददाता

- देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन तक पहुंचाने में युवा मदद करे: अनुराग
- उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में शनिवार को उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल और इन्क्यूबेशन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। समारोह में बतौर मुख्य वक्ता उप्र. के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. विक्रम सिंह ने कहा कि विद्यार्थी डिग्री के साथ-साथ उद्यमी और रोजगारदाता बनें, यहीं सरकार की मंशा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की स्थिति में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। कानून-व्यवस्था के सुधरने से प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए भारी संख्या में उद्योगपति आ रहे हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लाइन लगी है। उन्होंने कहा कि 2024 में दस लाख करोड़ का निवेश हुआ है। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि अगर आपके पास कोई भी आइडिया और इनोवेशन है तो आप रोजगार के मोहताज नहीं रहेंगे। उन्होंने प्रदेश की विकास यात्रा का वर्णन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को दो करोड़ टैबलेट और स्मार्टफोन दिए गए हैं। विद्यार्थी इसका प्रयोग सकारात्मकता के साथ करें। 55 फीसदी हाइवे और 454 निवेश मित्र समेत कई बड़ी योजनाएं प्रदेश में हैं। इसी के साथ 19 हजार एमओयू साइन हुए हैं, इससे प्रदेश में 35 लाख जॉब आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह साबित करता है कि प्रदेश विकास की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रगति के लिए फोकस, डेली इम्प्रूबमेंट और टाइम का मंत्र दिया। कहा कि इसे अपनाकर आप हमेशा अपनी प्रगति की राह आसान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राममंदिर और कई धर्म सर्किट ने रोजगार के साधन पैदा किए हैं। उन्होंने टेक्नालॉजी का जिक्र करते हुए कहा कि ड्रोन टेक्नालॉजी एआई ने हर काम को मुमकिन कर दिया है। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्व विभाग के विशेष सचिव अनुराग पटेल ने कहा कि इस कार्यक्रम का प्रमुख मकसद विद्यार्थियों और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि आप पढ़- लिखकर सरकारी नौकरी की लालसा रखने की जगह उद्यमी बनकर नौकरीदाता बनें। उन्होंने कहा कि आप लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने अंदर जज्बा और जुनून पैदा करें। आंकड़े बताते हैं कि संगठित क्षेत्र में आठ फीसदी लोगों का 50 फीसदी और असंगठित क्षेत्र में 52 फीसदी लोगों का 50 फीसदी योगदान है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन तक पहुंचाने में युवा मदद करें। इसके पूर्व उपायुक्त उद्योग केंद्र हरिप्रताप सिंह ने सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और उसकी योजनाओं पर जिले में जो काम हो रहा है उसकी रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नोडल अधिकारी प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी और धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यार्थी अपनी क्षमता को विकसित कर आत्मनिर्भर बनें और उसका उपयोग राष्ट्रनिर्माण में करें। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, उपकुलसचिव अमृतलाल, प्रो. विक्रम देव शर्मा, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ मनीष प्रताप सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, डॉ. पुनीत धवन, सुशील प्रजापति, डॉ. वनिता सिंह, अंकित सिंह आदि थे।

# दीपक गोस्वामी बने युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेश व राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा मोहम्मद फहद खान के संस्तुति से जनपद जौनपुर के विधानसभा मुंगरा बादशाहपुर के अंतर्गत ग्राम सुजानगंज के निवासी दीपक गोस्वामी को समाजवादी युवजन सभा का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। जिससे उनके समाज के लोगों में और उनके शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर दीपक गोस्वामी ने कहा कि सपा संरक्षक स्मृति शेष मुलायम सिंह की नीतियों व समाजवादी पार्टी के विचारधारा लोहिया की विचारधारा व स्मृति शेष जनेश्वर मिश्रा की विचारधारा को समाहित करते हुए आम जनमानस में समाजवाद की विचारधारा को बढ़ाने का काम करेंगे। जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य , अशोक यादव , राहुल त्रिपाठी ,हर्ष रघुवंशी , आशीष यादव ,राकेश कुमार पटेल शिव प्रकाश गिरि, आदि ने उन्हें बधाई दी।

# फौजी सहित दो मकानों से पन्द्रह लाख की चोरी

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिले के केराकत थाना क्षेत्र हुरुहुरी गाँव में शनिवार की रात्रि में चोरों ने दो स्थानों पर घटना को अंजाम दिया। एक फौजी के मकान के घर के तीन कमरो का ताला तोड़कर कमरे में चार गोदरेज की आलमारी व दो बड़ा बॉक्स और सात छोटा अटैची भी साथ उठाकर घर से लगभग 400 मीटर की दूरी पर सरसों के खेत में ले गये। वही इत्मीयान से बैठकर सब सामान उठा ले गये और पांच बॉक्स के समान को खाली कर छोड़ खेत में दो बॉक्स को साथ ले गये।सुबह जब रोज की भाँति सब लोग सोकर उठे तो घर में सामन तितर बितर पड़ा था। फौजी राकेश उर्फ काजू सिंह की माता ने बताया कि हम लोग जिस कमरे में सोये थे उस कमरे को चोर जब चोरी करने आये तो बाहर से कुंडी लगाकर कमरे को बंद कर दिया। बताया की हम पति पत्नी घर पर रहते हैं और घर पर कोई नही था हमारे तीन बेटा ओ भी बाहर रहते हैं। सामान करीब 10 से 12 लाख रुपये के जेवरात व बेस कीमती कपड़ो को चोर चोरी कर लिए। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले के जाँच पड़ताल में जुटीं है। उसी गाँव रात्रि के समय में सरिता शुक्ला पत्नी आशीष शुक्ला के घर पर हौसला बुलंद चोरों ने एक कमरे में चोरी कर ली। वही बरामदे मे रखे बास के सीढ़ी को लेकर घर के पूरब दिशा की ओर से दिवाल के सहारे घर में घुस गये। और जिस घर में घर की महिलाएं सोई हुई थी। उस घर के कमरों को बाहर से चोरो ने बंद कर दिया। जिसके बाद चोर घर के तीसरे कमरे में जाकर चोर गोदरेज आलमारी खोल, रखा सब गहना कपड़ा सामान घर से सब लेकर चले गए। वही रोज की भाँति महिला सुबह उठी तो बाहर से दरवाजा बंद होने पर लोगों चोरी का अंदेशा हुआ। तो पड़ोस की महिला को बुलाया, जिसके बाद महिला पहुंची तो देखी की बाहर से कमरा बंद था। बंद दोनों कमरे को खोलकर लोगों को बाहर निकाला। और देखा तो घर में रखा सब समान तीतर बितर पड़ा मिला और खोदरेज आलमारी का लॉक टूटा और खुला हुआ था। चोरी हुई सामान घर से लगभग दो सौ मीटर की दूरी सरसों के खेत में पड़ा मिला। वही पीड़ित महिला सरिता शुक्ला ने बताया कि चोरी हुए सामान की 5 से 7 लाख रुपये है।

## जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र में चोर मस्त पुलिस पस्त

आजमगढ। सगड़ी जीयनपुर कोतवाली के मनिकाडीह बाजार में स्थित ताज ज्वेलर्स एवं साड़ी सेंटर की दुकान का शटर तोड़कर चोर शुक्रवार की रात में लाखों रुपये के गहनें और 10 लाख रुपए नकद चुरा ले गए। चोरों ने दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे को तोड़ दिया और डीवीआर उठा ले गए। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अभी इस मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। जीयनपुर कोतवाली के मनिकाडिह बाजार स्थित तेज प्रताप राय के मकान में नथ्थूपुर गांव निवासी भारत भूषण उर्फ सोनू सेठ की ताज ज्वेलर्स एवं साड़ी सेंटर की दुकान है। शुक्रवार को सोनू सेठ अपनी दुकान बंद कर घर चले आए रात में चोरों ने दुकान में लगें सटर को राड से तोड़ दियें।

# पुलिस परीक्षा उत्तीर्ण कराने का झांसा देने में पांच गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। जिले की पुलिस टीम द्वारा पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा पास कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से पैसे की वसूली करने वाले पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। परीक्षा पास कराने के नाम पर अभ्यर्थियों से 6 से 8 लाख रुपये लेनदेन करना तय किया गया था। अभियुक्तों के कब्जे से अभ्यर्थियों के 04 प्रवेश पत्र, 06 मोबाइल फोन, 02 चेकबुक व एक क्रास चेक व एक स्कार्पियो गाड़ी बरामद किया गया है। अपर पुलिस पुलिस अधीक्षक नगर बृजेष कुमार ने बताया कि नकल विहिन कराने के संबंध में तथा परीक्षा में किसी भी प्रकार की धांधली रोकने के लिये तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता बनाये रखने के लिये जनपद के सर्विलांस, एसओजी,साइबर सेल, अभिसूचना इकाई द्वारा लगातार सूचना संकलित करते हुये सोशल मीडिया सेल द्वारा सतर्क दृष्टि बनाये रखी जा रही है। मुखबिर सूचना प्राप्त हुयी कि पुलिस भर्ती परीक्षा में कुछ लोग सक्रिय है जो परीक्षा पास कराने का झाँसा देकर वसूली करने एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धनार्जन कर रहा है तथा निर्धारित एडवांस वसूलने की फिराक में है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि आलोक यादव निवासी सिंगरामऊ गिरोह का सरगना है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अनुराग सिंह पुत्र अंश कुमार सिंह व मनीष सिंह पुत्र ज्ञान कुमार सिंह निवासी निवासी थलोई थाना मछलीशहर जौनपुर, मयंक सिंह पुत्र श्याम सुन्दर सिंह निवासी खागोपुर थाना मछलीशहर .अभिषेक सिंह पुत्र अंश कुमार सिंह निवासी थलोई थाना मछलीशहर जौनपुर, सुरज कुमार पुत्र भवरनाथ निवासी नोरपुर थाना मछलीशहर जौनपुर। फरार अभियुक्त आलोक यादव की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा दबिश दी जा रही है। इसी प्रकार नितीष कुमार निवासी मधुबनी बिहार के स्थान पर टीडी कालेज जौनपुर में परीक्षा देने आये संजीव कुमार निवासी मधुबनी बिहार को अध्यापकों ने उस समय पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया जब उसका अंगूठा परीक्षा केन्द्र पर नहीं लगा।

## इन्डियन डेण्टल एसोसीएशन का सी. डी ई. गोष्ठी आयोजित



आजमगढ़। जनपद में एक होटल में इन्डियन डेण्टल एसोसीएशन द्वारा सी.डी.ई. प्रोग्राम आयोजित किया गया। आई.डी.ए. प्रेसडिन्ट डा. आर. डी. मौर्या की अध्यक्षता में सी.डी.ई. आयोजित हुआ। सी. डी ई. कार्यक्रम का आयेजन आई. डी. ए. सेक्रेट्री डा. पार्थ सारथी दीक्षित ने किया। इस कार्यक्रम में बी.एच.यु. के वरिष्ठ डा. टी. पी. चर्तुवेदी और डा. आकाश के बर्नवाल ने कई विषयो पर जानकारी दी और आजमगढ़ के डेण्टल सर्जनो को ज्ञान वर्धक जानकारी दी। जिससे कई डेण्टल सर्जनो को विषय लाभ हुआ। इस कार्यक्रम के कन्वेनर डा. प्रशान्त पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम सफ्ल रहा। इस कार्यक्रम में शहर के विशिष्ट डेन्टल सर्जन डा. अंकित अग्रवाल, डा. अनिल कु. उपाध्याय, डा. अर्पित अग्रवाल, डा. हरिओम सोनी, डा. रितेश अग्रवाल, डा. अर्चना सिंह, डा.अतुल सिंह, डा. विवेक राय, डा, पवन राय आदि उपस्थीत रहे।

# प्रताड़ित लोंगो के हक़ के लिए संघर्ष कर रही सपा: इफ़्तेख़ार

अवधनामा संवाददाता



- शहर के बेनीगंज में पीडीए जनपंचायत में बोले महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी द्वारा चलाये जा रहे पीडीए पखवाड़ा के दौरान आज शहर के हिम्मत गंज (काला डांडा) मोहल्ले में हुई।

जनपंचायत को सम्बोधित करते हुए सपा महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक मात्र राजानैतिक दल है जो समाज के शोषित, पीड़ित, प्रताड़ित, वंचित लोंगो के हक़ और हुकूक की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक पूरी शिद्दत और मजबूती के साथ लड़ रही है।

महासचिव रविन्द्र यादव एडवोकेट ने कहा कि भाजपा सरकार की जन विरोधी तानाशाही नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। सपा के जिला प्रवक्ता दान बहादुर मधुर ने कहा कि पीडिए की मजबूती ही आगामी चुनाव में एनडीए सरकार को सत्ता से बाहर करेगी और देश में विकास एवं भाईचारा की राजनीति को स्थापित करेगी। संचालन सुश्री आरती पाल ने किया। जनपंचायत में प्रमुख रूप से महबूब उस्मानी, जोंटी यादव, ओ पी पाल, आर. एन. यादव,मयंक श्रीवास्तव,सचिन श्रीवास्तव, सुश्री आरती पाल, सुरेश श्रीवास्तव, सुमित विश्व कर्मा, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, राम मोहन श्रीवास्तव, डॉ प्रेम लता श्रीवास्तव, ज्वाला प्रसाद, शिखा पाल, शिल्पी, राखी प्रजापति, शशि प्रजापति, राम किशोर साहू, रवि भारतीय आदि मौजूद रहे।

# सेरेमनी में 105 उद्योगपति करेंगे 33 अरब का निवेश

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिले में बीते वर्ष फरवरी में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में जिले के 189 निवेशकों में से 105 का भूमि पूजन सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में होगा। इसमें कुल 3325.93 करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतरेगा। इसमें 10 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने वाले 30 निवेशक लखनऊ जाएंगे। वहीं 10 करोड़ रुपये से कम का निवेश करने वाले 75 निवेशक जिले में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। बीते साल 189 उद्यमियों ने करीब 10 हजार 369 करोड़ का निवेश प्रस्ताव दिया था। इसके बाद से ही जिला उद्योग विभाग निवेशकों की औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को लेकर प्रयास कर रहा था। विभाग की ओर से निवेशकों की राह में आने वाली परेशानियों को दूर करते हुए उनके निवेश का रास्ता साफ हुआ। विभाग की ओर से जिले में 3325.93 करोड़ की लगभग 105 निवेशों को स्थापित करने की हरी झंडी मिल गई है। आगामी 19 फरवरी को होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में इन निवेशों को धरातल पर उतारने वाली इकाइयों का भूमि पूजन किया जाएगा। वर्ष 2023 में 10 से 12 फरवरी के बीच आयोजित यूपी ग्लोबल समिट के दौरान जिले के 189 निवेशकों ने 10369 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया था। इसमें 10 से अधिक इकाईयां निर्माण प्रक्रिया में हैं। 19 फरवरी को होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 3325.93 करोड़ का निवेश स्थापित होगा। इससे जिले के 16 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर उद्योग विभाग की ओर से तैयारियां जोरों पर हैं। इससे संबंधित कार्यक्रम कराने को लेकर अभी स्थान का चयन किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसजनों ने न्याय यात्रा के लिए ताकत झोंकी



प्रयागराज। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेसियों ने लगभग हर वर्ग के लोगों, छात्र, युवा, मजदूर, कर्मचारी, महिलाओं, व्यापारियों आदि को जागरूक करने को लेकर जगह - जगह जनसंपर्क किया। उन्होंने नसीरपुर, अंदावा, झूंसी, पुरानी हवेलिया आदि इलाकों में जनसंपर्क किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुरेश यादव के साथ मुकुंद तिवारी, किशोर वार्ष्णेय, फुज़ैल हाशमी, हरिकेश त्रिपाठी, परवेज़ सिद्दीकी, राकेश पटेल, रईस अहमद, सुनील यादव , संत लाल निषाद, पंधारी यादव आदि ने लोगों से देश के ईमानदार और जुझारू नेता राहुल गाँधी की लोकतंत्र व अमन बचाने की लड़ाई में शामिल होने का आवाहन किया। इधर पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल शास्त्री व उनके ज्येष्ठ पुत्र एआईसीसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व विधायक आदर्श शास्त्री रविवार को अपराह्न सिविल एयरपोर्ट आयेंगे। जहां से सीधे नसीरपुर पहुँच राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होंगे।

### तीसरी बार बनाए मोदी सरकार- राजेश केसरवानी



प्रयागराज। गांव चलो अभियान के अंतर्गत जिला मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी के नेतृत्व में मुट्ठीगंज मंडल में गांव चलो अभियान का आयोजित किया गया। इस अवसर पर बूथ संख्या 23 ,24 ,25 , में कार्यकर्ताओं के साथ प्रवास कर घर घर जाकर लोगों से संपर्क किया संवाद किया और मोदी सरकार की योजनाओं को लेकर पत्रक वितरण करते हुए स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया और आगामी लोकसभा के चुनाव में भाजपा का कमल खिलाकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की निवेदन किया। इस अवसर पर गांव चलो अभियान के संयोजक प्रमोद जायसवाल, मंडल सहसंयोजक अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, कमलेश केशरवानी पद्माकर श्रीवास्तव, किशन चंद्र जायसवाल, राजेश शर्मा, संदीप कुमार, संजय श्रीवास्तव, मधुर माथुर, सुनील कुमार, राकेश जायसवाल, एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## वेदांता इंटरनेशनल स्कूल की विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

आजमगढ़। वेदांता इंटरनेशनल स्कूल पर विज्ञान प्रदर्शनी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शुभम अग्रवाल आईपीएस संयुक्त पुलिस अधीक्षक आजमगढ़, विशेष अतिथि नरेंद्र गंगवार उप जिलाधिकारी सगड़ी तथा राजकुमार बैठा न्यायिक मजिस्ट्रेट सगड़ी थे स इस अवसर पर आरती व पुष्प वर्षा से छात्र-छात्राओं द्वारा अतिथिगण का स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल तक एजाज अहमद के नेतृत्व में टीम परेड करते हुए ले गई।

# 50 महिला शिक्षिकों की प्रोन्नति निरस्त

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्रदेश में सहायक अध्यापक और प्रवक्ता के पद से प्रधानाध्यापक बनाई गई शिक्षिकाओं की प्रोन्नति निरस्त कर दी गई है। प्रोन्नति के बाद महिला शिक्षकों के पदभार ग्रहण नहीं करने पर कार्रवाई की गई। अपर शिक्षा निदेशक अजय कुमार द्विवेदी ने शुक्रवार को इनकी सूची जारी की। प्रदेश में 50 महिला शिक्षकों को 14 मार्च 2023 को प्रधानाध्यापक या उसके समकक्ष पद पर प्रोन्नत किया गया था। कार्यभार ग्रहण करने के लिए 30 दिनों का समय का दिया गया था। इसी बीच प्रदेश में नगर निकाय चुनाव होने की वजह से कार्यभार ग्रहण करने की तिथि 20 मई 2023 कर दी गई थी। महिला शिक्षकों ने प्रोन्नति के बाद मिले नए विद्यालयों में बदलाव के लिए आवेदन किया था। जबकि आठ शिक्षिकाएं ऐसी हैं, जिन्होंने स्वयं प्रोन्नति लेने से इन्कार कर दिया। इस पर विभाग ने सभी की प्रोन्नति निरस्त कर दी। पदोन्नति पाने वाली महिला शिक्षकों में लखनऊ की 13, उन्नाव की पांच, वाराणसी, मेरठ और बिजनौर की चार-चार, बाराबंकी की तीन और प्रयागराज की दो शामिल हैं। इनके अलावा आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, प्रतापगढ़, रायबरेली, बांदा, गौतमबुद्ध नगर, झांसी, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, रामपुर, शाहजहांपुर, सीतापुर, बरेली और जालौन की एक-एक शिक्षिकाएं शामिल थीं।

# धूमधाम से मना खेल दिवस और वार्षिकोत्सव

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में आज खेलदिवस और वार्षिक उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। यह दिन रोमांच, शोर और उत्साह से भरा हुआ था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के डायरेक्टर एस.के. मिश्रा थे। डॉ. जैस्मिन भी उपस्थित हुई। माता-पिता और छात्रों को बैठने और दिन का आनंद उठाने के लिए बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई थी। खेल दिवस की शुरुआत एस. के. मिश्रा द्वारा मशाल जलाकर की गई। छात्रों ने रिले दौड़, 100 मीटर, 200 मीटर, रस्सी दौड, गुब्बारा दौड, बोरी दौड़,पेयर दौड़ जैसी खेल प्रतियोगिताओं में एक दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा की। उत्साह, उमंग और साहस को बरकरार बनाए रखते हुए अयिगिरी नंदिनी नृत्य छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा फैशन शो प्रस्तुत किया गया। देशभक्ति पर आधारित आकर्षक नृत्य छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। पिता-पुत्री नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। माताओं ने भी अपने हुनर को पंजाबी नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया। विभिन्न राज्यों की संस्कृति की झलक नृत्य द्वारा प्रस्तुत की गई। अंत में सभी छात्र-छात्राओं द्वारा शांति का प्रतीक सफेद रंग के गुब्बारे छोड़े गए। यह खेल कौशल उत्साह और यादों को संजोने से भरा दिन था। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती मिश्रा ने विजेताओं को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट्स और मेडल प्रदान किए। प्रधानाचार्या श्रीमती स्नेहलता पांडे ने विद्यालय प्रबंधक एस.के. मिश्रा की उपस्थिति के लिए उनका धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया और छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

## पीडीए महापंचायत का आयोजन

मुबारकपुर,आजमगढ़। मुबारकपुर नगर के रोडवेज चौराहे के पास राज पैलेस के परिसर में शुक्रवार को सांय चार बजे पीडीए महापंचायत का आयोजन हुआ। जिसमें केन्द्र और प्रदेश के भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सपा नेताओं ने सरकार पर जमकर निशाना साधा समझा जाता है।

## 14 लाख रूपये का चेक, 7360 रूपये नगदी

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि पुलिस आरक्षी परीक्षा में नकल कराने का झांसा देकर पैसा वसूलने वाले गिरोह के सात सदस्यों को परीक्षा के पूर्व गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 14 लाख रूपये का चेक, 7360 रूपये नगदी, 06 फर्जी आधार कार्ड, 10 अदद मोबाईल, स्कार्पियो गाड़ी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कंधरापुर थाने में प्रेस वार्ता कर बताया कि आज एसओ वीरेन्द्र कुमार सिंह एवं थाना कंधरापुर की टीम एवं निरीक्षक नन्द कुमार तिवारी व स्वाट टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर उत्तर प्रदेश पुलिस (आरक्षी) परीक्षा में नकल कराने का झांसा देकर पैसा वसूलने वाले गिरोह को नकल कराने से पूर्व ही सेहदा से चक बिजली ग्राम जाने वाले रास्ते पर 7 अभियुक्तों संजय यादव पुत्र स्व रामराज यादव निवासी कुम्भ मठिया थाना बरदह, हरिवंश यादव पुत्र सुखई यादव निवासी दिवाकर पुर थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर, भीम यादव पुत्र स्व मोती यादव निवासी खनियरा थाना देवगाव जनपद आजमगढ़, कैलाश यादव पुत्र श्यामजीत यादव निवासी ग्राम जैतीपुर थाना बरदह, राजेश तिवारी पुत्र स्व0 सभाकर तिवारी निवासी ग्राम जियासह थाना मेहनगर व पवन कुमार सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी ग्राम भगेही थाना रामपुर जिला जौनपुर को गिरफ्तार किया गया

# कदम से कदम मिलाकर चलना होगा विकसित राष्ट्र के लिए: अनुपमा पांडे

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन बख्शी बांध बेणी माधव मंडल में आयोजित किया गया इस अवसर पर पार्षद अनुपमा पांडे ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्प दिलाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा निर्धारित विराट विजन विकसित भारत के निर्माण के लिए हम सभी को कदम से कदम मिलाकर चलना होगा जिससे हमारा देश विकसित राष्ट्र बनकर खड़ा हो और पूरी दुनिया का संरक्षण कर सके। इसके अलावा सुभाष वैश्य, पार्षद भोला तिवारी, सचिन जायसवाल, ने अपने विचार प्रकट किया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर मोदी एवं योगी सरकार की योजनाओं के बारे में शिविर लगाकर जानकारी दी गई।कार्यक्रम के संयोजक संजीव जायसवाल रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भरत निषाद, मंडल संयोजक राजेश केसरवानी, सचिन जायसवाल, सुभाष वैश्य, तीरथ राज पांडे, पार्षद भोला तिवारी, विजयलक्ष्मी, अंजनी सिंह, अशोक तिवारी, सविता सिंह, माया सिंह, हरिकेश बहादुर सिंह, अभिषेक सिंह, स्वारिका भारद्वाज, कल्पना शर्मा, पूनम तिवारी, नोडल अधिकारी राममूर्ति विश्वकर्मा एवं क्षेत्र की जनता उपस्थित रहे।

# मुख्य चिकित्साधिकारी का हुआ सम्मान

अवधनामा संवाददाता



आजमगढ़। मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद के सभागार में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमे मुख्य चिकित्साधिकारी इन्द्र नारायण तिवारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी उमाशरण पाण्डेय जिला महिला चिकित्सालय के सी0एम0एस0 विनय कुमार सिंह जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अरशद अहमद अंसारी जिला सामुदायिक कार्यक्रम प्रबन्धक विपिन पाठक व जिला मातृत्व स्वास्थ्य परामर्शदाता दिनेश कुमार व ब्लॉक से अधीक्षक , चिकित्साधिकारी ,ए0एन0एम0 व आशा के द्वारा सम्मन समारोह में प्रतिभाग किया गया था जनपद में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दिन सर्वाधिक गर्भवतीयो की जाच व सुरक्षित प्रसव हेतु किए गये योगदान व रुपीय बाउचर के द्वारा फ्री अल्ट्रासाउंड कराने में ब्लॉक स्तर व जिला स्तर के अधिकारियो व कर्मचारीयो व आशा बहुओ को सम्मानित किया गया जिसमे वित्तीयवर्ष 2022-23 व 2023-24 में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दिन गुणवक्ता पूर्ण सुविधाओ में निम्नलिखित चिकित्सा इकाईयो को सम्मानित किया गया जिसमे वित्तीय वर्ष 2023- 24 में प्रथम जिला महिला चिकित्सालय को प्रथम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तरवा दिवितीय स्थान पर जो की लगातार 2022-23 व 2023-24 में बना हुआ हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहिरोला तृतीय स्थान व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फूलपुर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वही वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अतरोलिया को प्रथम व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तरवा दिवितीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तहबरपुर को तृतीय व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सठीयाव को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में जनपद राज्यस्तर रेकिग में 5 स्थान पर बना हुआ हें साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत गर्भवतीयो के लिए फ्री अल्ट्रासाउंड के लिए क्यू0 आर0 जनरेट करने में भी स्टेट रेकिग 4 हें।

## ओला इलेक्ट्रिक विस्तृत इलेक्ट्रिफ़िकेशन में तेजी लाया

**पोर्टफोलियो**

**#एंडआइसएज के लिए अपने एस1 पोर्टफोलियो की कीमतें 25,000 रुपये तक घटाई**



**नई दिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रिफ़िकेशन को प्रोत्साहन देने और ईवी अपनाने में आने वाली बाधाओं को दूर करने की ओर सबसे बड़ा कदम उठाते हुए भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस1 स्कूटर पोर्टफोलियो की कीमतें 25,000 रुपये तक कम कर दी हैं। कंपनी ने यह घोषणा अपनी मजबूत लागत संरचना, वर्टिकली इंटीग्रेटेड इन-हाउस टेक्नोलॉजी एवं मैनुफ़ैक्चरिंग क्षमताओं तथा प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव के आधार पर की। ओला एस1 स्कूटर अपने मजबूत एवं प्रतिस्पर्धी कीमत वाले उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ पारंपरिक पेट्रोल स्कूटरों से बेहतर प्रदर्शन करते हैं, और प्रति वर्ष 30,000 रुपये तक की बचत के साथ स्कूटर बाजार में सबसे बेहतर विकल्प बन गए हैं। इनकी ये कीमतें केवल फरवरी महीने के लिए लागू होंगी।

ओला के प्रवक्ता, ओला इलेक्ट्रिक ने कहा, ओला में, हम ईवी अपनाने में आने वाली बाधाओं को दूर करके और ईवी को किफायती और सुलभ बनाते हुए सएंडआइसएज करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। देश में ईवी अपनाने का प्रोत्साहन देने के अपने मिशन के अंतर्गत हम अपना एस 1 पोर्टफोलियो बहुत आकर्षक मूल्य में पेश कर रहे हैं। हम अपनी मजबूत वर्टिकली इंटीग्रेटेड इन-हाउस टेक्नोलॉजी एवं मैनुफ़ैक्चरिंग क्षमताओं की मदद से कीमतों को कम करने में सफल हुए, जिसका लाभ हमने अपने ग्राहकों को देने का निर्णय लिया है। अब जब इलेक्ट्रिक स्कूटर की कीमतें मुख्य पेट्रोल स्कूटरों के बराबर हो गई हैं, तो हमें विश्वास है कि ग्राहकों के पास पेट्रोल स्कूटर खरीदने का कोई कारण नहीं बचा है। ओला इलेक्ट्रिक को हाल ही में ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना के अंतर्गत डोमेस्टिक वैल्यू एडिशन (डीवीए) इंसेंटिव दिया गया। ओला इलेक्ट्रिक यह सर्टिफिकेशन पाने वाली भारत की पहली टू-व्हीलर कंपनी है। पीएलआई सर्टिफिकेशन कंपनियों की वर्टिकली इंटीग्रेटेड मैनुफ़ैक्चरिंग क्षमताओं और मजबूत लोकलाइज्ड सप्लाई चेन इकोसिस्टम को प्रमाणित करता है।

## करियर की राह आसान बनाने के लिए निखारा जायेगा छात्रों का कौशल
## फ्लिपकार्ट ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम से मिलाया हाथ



**लखनऊ।** भारत के घरेलू मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ने छात्रों एवं अन्य अभ्यर्थियों को सशक्त करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके माध्यम से उन्हें ई-कॉमर्स, रिटेल एवं वेयरहाउसिंग सेक्टर में करियर बनाने के लिए जरूरी कौशल प्रदान किया जाएगा। एमओयू के तहत फ्लिपकार्ट इन सेक्टर में रोजगार पाने के लिए प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करेगा, उनका कौशल विकास करेगा, उनके कौशल को निखारेगा और सर्टिफिकेट प्रदान करेगा। भारत सरकार के शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी और एनएसडीसी के सीओओ वेद मणि तिवारी के बीच एमओयू का आदान-प्रदान हुआ।

फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा फ्लिपकार्ट लाखों स्थानीय उद्यमियों को ई-कॉमर्स सेक्टर में उनके सफर में सहयोग करने और देश में समावेशी आर्थिक विकास में सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ हमारी साझेदारी का उद्देश्य छात्रों एवं महत्वाकांक्षी पेशेवरों को ऐसे कौशल प्रदान करना है, जिन्हें विशेष रूप से ई-कॉमर्स, रिटेल एवं वेयरहाउसिंग सेक्टर में उनके करियर को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हमारा विश्वास है कि ये कोर्स ऐसे युवाओं के लिए नए रास्ते खोलने और उनके करियर को नई ऊंचाई देने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाएंगे।

एमओयू पर हस्ताक्षर के मौके पर एनएसडीसी के डायरेक्टर श्री वेद मणि तिवारी ने कहा लोगों को उद्योग की जरूरत के अनुरूप व्यावहारिक रोजगार कौशल से लैस करने के लिए एनएसडीसी के प्रयासों की दिशा में यह एमओयू एक उल्लेखनीय पड़ाव है। फ्लिपकार्ट के साथ मिलकर हमारा उद्देश्य उम्मीदवारों को जरूरी कौशल प्रदान करना है, जिसकी जरूरत उन्हें भारत के ई-कॉमर्स, रिटेल एवं लॉजिस्टिक्स सेक्टर में आगे बढ़ने में होगी। हम इस साझेदारी को देश के कोने-कोने तक पहुंचाना चाहते हैं, जिससे रोजगार चाहने वालों को उनकी पसंद का रोजगार दिलाने में मदद की जा सके।

## पेटीएम क्यूआर, साउंडबॉक्स और कार्ड मशीन 15 मार्च के बाद भी करते रहेंगे काम

**नई दिल्ली।** भारत की दिग्गज पेमेंट और फाइनेंशियल सर्विस कंपनी पेटीएम ने घोषणा की है कि उसके मेड-इन-इंडिया क्यूआर कोड, साउंडबॉक्स और कार्ड मशीन 15 मार्च, 2024 के बाद भी सामान्य रूप से काम करते रहेंगे। यह आश्वासन भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा (आरबीआई) शुक्रवार को पेटीएम मुद्दे पर स्र्क्त जारी होने के बाद आया है।

कंपनी ने पहले की तरह निर्बाध व्यापारिक निपटान जारी रखने के लिए अपने नोडल खाते को एक्सिस बैंक (एस्क्रो खाता खोलकर) में स्थानांतरित कर दिया है। इस व्यवस्था से उस नोडल खाते के निर्बाध रूप से हस्तांतरित हो जाने की उम्मीद है जिसे पेटीएम ब्रांड का मालिकाना हक रखने वाली वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) अपनी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के साथ मिलकर इस्तेमाल कर रही थी। पेटीएम पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल), ओसीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। ये अपनी स्थापना के बाद से ही एक्सिस बैंक की सेवाओं का उपयोग कर रही है।

पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने भी एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इसकी पुष्टि की और उपयोगकर्ताओं से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने का आग्रह किया।

## विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** आरबीआई के कार्यकारी निदेशक पी वासुदेवन का कहना है कि क्रिप्टोकरेंसी को 'मुद्रा' नहीं माना जा सकता है क्योंकि इनका कोई अंतर्निहित मूल्य नहीं होता है। आईआईएम कोझिकोड के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, इस पर फैसला आखिरकार सरकार को लेना है कि क्रिप्टो मुद्राओं से किस तरह निपटा जाए। वर्तमान में बिटकॉइन को भारत में कोई कानूनी समर्थन नहीं है। निवेशकों को इसमें कारोबार से अर्जित आय पर कर देना पड़ता है।

आरबीआई ने बिटकॉइन जैसी नए जमाने की क्रिप्टो मुद्राओं को लेकर आलोचनात्मक रुख अपनाया हुआ है। उसका कहना है कि ये मुद्राएं वित्तीय प्रणालियों के लिए प्रणालीगत जोखिम पैदा करती हैं। पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ नियामकीय कार्रवाई व प्रतिबंधों पर वासुदेवन ने कहा कि स्व-नियमन वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बेहतर सुरक्षा कर सकता है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 5.24 अरब डॉलर घटकर 617.23 अरब डॉलर रह गया। 2 फरवरी वाले सप्ताह में यह भंडार बढ़कर 622.5 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 9 फरवरी वाले सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति 4.81 अरब डॉलर घट गई। देश का स्वर्ण भंडार 35 करोड़ डॉलर घट गया।

भारत ने चीन और वियतनाम से कुछ सौर ग्लास के आयात पर डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) चीन और वियतनाम में बने 'टेक्सचर्ड टेम्पर्ड कोटेड' और 'अनकोटेड ग्लास' की कथित डंपिंग की जांच कर रहा है। घरेलू उद्योग की ओर से बोरोसिल रिन्यूएबल्स ने जांच और आयात पर उचित डंपिंग रोधी शुल्क लगाने के लिए आवेदन किया है।

घरेलू प्रौद्योगिकी उद्योग का राजस्व चालू वित्त वर्ष में 3.8 फीसदी बढ़कर 254 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। हार्डवेयर को छोड़ इस उद्योग का राजस्व पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 3.3 फीसदी बढ़कर 2023-24 में 199 अरब डॉलर पहुंच सकता है।

## रीजेंसी हॉस्पिटल ने हेल्थकेयर इनोवेशन में नए स्टैंडर्ड स्थापित करते हुए क्रांतिकारी द विंची X सर्जिकल रोबोटिक तकनीक को लॉन्च किया

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में पहली बार प्रतिष्ठित हेल्थकेयर संगठन रीजेंसी हॉस्पिटल ने कानपुर में द विंची X सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी के सफल लॉन्च का जश्न मनाया। यह मशीन पिछले 15 दिनों से चालू है, जिसकी मदद से अब तक कुल 50 सफल सर्जरी की जा चुकी है। कानपुर के अलावा इस अत्याधुनिक तकनीक को गोरखपुर और वाराणसी में भी रीजेंसी के हॉस्पिटल में लगाने की तैयारी हो चुकी है। रीजेंसी हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अतुल कपूर और रीजेंसी हॉस्पिटल के ष्टश्वह्र श्री अभिषेक कपूर इस महत्वपूर्ण इवेंट की शुरुआत करने के लिए उपस्थित थे।

डॉ. अतुल कपूर ने हेल्थकेयर में एडवांस टेक्नोलॉजी के महत्व को दर्शाते हुए कहा, हम रीजेंसी हॉस्पिटल में द विंची X सर्जिकल रोबोटिक तकनीक को लॉन्च करते हुए रोमांचित हैं। यह तकनीक शानदार पेशेंट केयर (रोगी देखभाल) प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक



महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह अत्याधुनिक- रोबोटिक प्लेटफॉर्म सर्जिकल प्रक्रियाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा, जिससे हमारे डॉक्टरों की सम्मानित टीम बेहतरीन सटीकता और प्रभावकारिता के साथ मुश्किल सर्जरी को सफल बनाने में और ज्यादा कारगर साबित होगी।

अभिषेक कपूर ने सम्मानित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए रीजेंसी हॉस्पिटल के समर्पण को दर्शाया। उन्होंने कहा, द विंची X सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी का लॉन्च रीजेंसी हॉस्पिटल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह नई तकनीक मरीजों की देखभाल को बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है और हेल्थकेयर इनोवेशन में सबसे आगे रहने वाले संगठन के रूप में हमारे स्थान को मजबूत करती है। हम सर्जिकल परिणामों को बढ़ाने और मरीज के संपूर्ण अनुभव को बेहतर बनाने में रोबोट-असिस्टेड सर्जरी की परिवर्तनकारी क्षमता से लैस होकर बहुत उत्साहित हैं। इस अत्याधुनिक तकनीक के साथ हम सर्जिकल उत्कृष्टता में नए स्टैंडर्ड स्थापित करने और हेल्थकेयर प्रदान करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार हैं।

द विंची X सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी मरीजों के लिए कई लाभों को प्रदान करती है, जिसमें छोटा चीरा, तेजी से रिकवरी, बेहतर क्लीनिकल परिणाम और हॉस्पिटल में कम समय तक रहना शामिल है। डॉ. अभिमन्यु कपूर, डॉ. जितिन यादव, डॉ. संजीव मेहरोत्रा, डॉ. पीयूष त्रिपाठी, डॉ. युथिका बाजपेयी, और डॉ. अर्चना त्रिवेदी रीजेंसी हॉस्पिटल के विशेष डॉक्टरों में से हैं जो कॉम्प्लेक्स सर्जिकल प्रक्रियाओं को करने के लिए इस एडवांस तकनीक का उपयोग करेंगे।

## भारत व अन्य जगहों से जुड़े 1.8 अरब डॉलर के धनशोधन मामले में कार्रवाई

**नई दिल्ली।** हांगकांग के सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को 14 अरब हांगकांग डॉलर (1.8 अरब अमेरिकी डॉलर) के, क्षेत्र के सबसे बड़े धनशोधन मामले में कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया। इस रकम में से कुछ भारत में एक मोबाइल ऐप घोटाला मामले से संबंधित है। हांगकांग के सीमा शुल्क व उत्पाद शुल्क विभाग ने कहा कि गिरोह ने शहर में दर्ज एक मामले से जुड़ी सबसे बड़ी राशि को स्थानांतरित करने के लिए छद्म बैंक खातों और मुखौटा कंपनियों का इस्तेमाल किया। सीमा शुल्क वित्तीय जांच ब्यूरो की प्रमुख सुजेट इप तुंग-चिंग ने हांगकांग में मीडिया को बताया कि यह अभियान भारत में एक मोबाइल ऐप घोटाले और देश की दो आभूषण कंपनियों से जुड़ा था, जिन्होंने कथित तौर पर लगभग 2.9 अरब हांगकांग डॉलर (37.1 करोड़ अमेरिकी डालर) रकम की हेरफेर की। इप ने धनशोधित की गई रकम को चौंकाने वाली बताया, जिसमें से एक खाते में प्रतिदिन 10 करोड़ हांगकांग डॉलर (1.28 करोड़ अमेरिकी डॉलर) आते थे और उसमें 50 से अधिक दैनिक लेनदेन होते थे। उन्होंने विवरण दिए बिना कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से कुछ हांगकांग के अनिवासी चीनी थे। इप ने कहा कि हांगकांग, भारत और अन्य जगहों पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अभियान को अंजाम देने में सहयोग किया। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार की खबर के अनुसार, उन्होंने कहा कि संदिग्धों पर रत्न और इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े लेनदेन के माध्यम से नकदी को वैध बनाने का आरोप लगाया गया था जिसमें एक 34 वर्षीय व्यक्ति भी शामिल था जिसे मुख्य साजिशकर्ता माना जाता है। उसकी पत्नी, भाई और पिता को भी गिरफ्तार किया गया था। उनके साथ ही तीन अन्य हांगकांग निवासियों पर इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न और आभूषणों का व्यापार करने के लिए बड़ी संख्या में फर्जी कंपनियां और फर्जी बैंक खाते स्थापित करने का आरोप लगाया गया था।

## इंदौर की दवा कंपनी जैनिथ ड्रग्स लिमिटेड का एनएसई (NSE) पर 19 फरवरी को खुलेगा आईपीओ, कंपनी जुटाएगी 41 करोड़ रुपए

**लखनऊ।** इंदौर ख्यात फार्मा कंपनी जैनिथ ड्रग्स लिमिटेड का एनएसई पर आईपीओ आ रहा है।19 फरवरी को सुबह आईपीओ खुलेगा। 22 साल पुरानी कंपनी इस आईपीओ से करीब 41 करोड़ रुपए एकत्र करेगी। कंपनी अपने 51 लाख से अधिक शेयर जारी करने जा रही है, इसकी प्रारंभिक कीमत 75 से 79 रुपए होगी। शेयर से मिलने वाली राशि में से करीब 11 करोड़ रुपए से कंपनी के प्लांट मैं विस्तार किया जाएगा। निदेशक अजय सिंह दासुंदी ने बताया, आईपीओ 22 फरवरी को बंद होगा।आईपीओ की मैनेजर ग्रेटेक्स कॉपोरेट सर्विसेज मुंबई है। कंपनी 2001 से दवा निर्माण और व्यापार करतीहै। 2023 में कंपनी 114.52 करोड़ रुपए की बिक्री कर5.15 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया है। इस साल अर्धवार्षिक करीब 69.40 करोड़ की बिक्री से 5.39 करोड़ का फायदा हो चुका है। कंपनी के तीन पार्टनर अजय सिंह दासुंदी, संदीप भारद्वाज और भूपेष सोनीहैं। तीनों ने फार्मेसी की पढ़ाई साथ में की और पिछले 22 साल से साथमें जैनिथ कंपनी साथ में चला रहे हैं। कंपनी देश में दवाओं के सप्लाय के साथ ही बड़ा मात्रा में एक्सपोर्ट भी करती है।प्रधानमंत्री जन औषधी, सहकारी राज्य बीमा निगम, रक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग को भी दवाओं का सप्लाय किया जाता है।मप्र के अलावा राजस्थान,गुजरात, तमिलनाडू, उत्तरप्रदेश, पंजाब सहित अन्य प्रदेशों में दवाओं की सरकारी सप्लाय कर रही है। कंपनी को विगत 7 वर्षों से ड्ढ्ढाह्र का प्रमाण पत्र हासिल है। कंपनी के पूरे देश में 3 हजार से अधिक स्टॉकिस्ट जो दवाओं की बिक्री करतेहैं। डायरेक्टर अजय सिंह दासुंदी सेल्स एवं मार्केटिंग काकाम देखते है, जिन्होने कॅरियर की शुरूआत ग्लेक्सो और डॉ. रेड्डी जैसी कंपनी में सेल्स वमा र्केटिंग से की है।कंपनी का आगामी विजन सेल्स व मार्केटिंग का खुद की फ्रेंचाईसी देश में खोलने के साथ ही डिजीटल मार्केटिंग से अपने उत्पाद को स्थापित करना है। डायरेक्टर संदीप भारद्वाज ने फार्मेसी करनेके बाद दवा व्यापार को लेकर एमबीए किया है। कंपनी की ईकाईयों का संचालन व वित्त से संबंधित काम देखते हैं।संदीप ने बताया, कंपनी अपनी यूनिट का विस्तार करनेजा रही है जिससे यहां टेबलेट का उत्पादन एक करोड़ प्रतिदिन क्षमता का हो जाएगा। जुलाइ 24 से नई इकाई का उत्पादन संभावित है डायरेक्टर भूपेश सोनी सरकारी टेंडरमें दवा वितरण काकाम और ईकाई में तकनीकी अपडेट करने का काम देखते हैं। भूपेश ने बताया कंपनी में में 5 हेक्टेयर भूमि पर नई ईकाई का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, जिसका उत्पादन 2025- 2026 में संभावित है। कंपनी ओआरएस पॉवडर, लिक्विड ओरल, मल्हम, लिक्विड एक्सटर्नल और केप्सूल बनातीहै ओर इनको अपने ग्राहकों को संपूर्ण भारत के साथ ही दक्षिण पूर्व एशिया, सीआईएस क्षेत्र और अफ्रीका में सप्लाई करती है । कंपनी को ग्राहकों की जरूरत केअनुसार प्रोडक्ट बानने में महारात है।कंपनी के अलग-अलग कार्य की निगरानी और प्रबंधन के लिये वरिष्ठ लोगों की एक अनुभवीऔर समर्पित टीम है।

**विस्तार**

**शेयर से मिलने वाली राशि में से करीब 11 करोड़ रुपए से कंपनी के प्लांट मैं विस्तार किया जाएगा।**

ZENITH
CONTRIBUTING FOR HEALTH AND WELL BEING

## हर बाइट में दक्षिण भारतीय स्वाद का अहसास कराने लखनऊ पहुचा कोकम



**लखनऊ।** स्वाद का अद्भुत अहसास कराने वाले कोकम ने नवाबों के शहर के गोमती नगर में शालीमार टिटेनियम, ग्राउंड फ्लोर, विभूति खंड, लखनऊ में अपनी नई पारी शुरू करने की घोषणा की है। खानपान की दुनिया में नई बुलंदियों को छूते हुए ब्रैंड ने दक्षिण भारत के दमदार फ्लेवर पेश किए हैं कोकम खानपान की एक अनोखी जगह है जो दक्षिण भारत की समृद्ध और विविधताओं से भरी परंपराओं का उत्सव मनाता है। उद्योग के दिग्गजों द्वारा तैयार किए गए मेन्यू के साथ यह रेस्तरां अधिकृत और यादगार अनुभव देने का वादा करता है और ग्राहकों को दक्षिण भारत के तटीय इलाकों के असल स्वाद में डूब जाने के लिए आमंत्रित कर रहा है। कोकम के मेन्यू में अलग-अलग तरह के स्वाद का सामंजस्य देखने को मिलता है और ग्राहकों को इतना शानदार डाइनिंग अनुभव मिलता है कि वे तृप्ति महसूस करते हैं। रेस्तरां का हर व्यंजन संपूर्णता का अनुभव कराता है ताकि आप लजीज व्यंजनों के सफर पर निकल पड़ें ।कोकम में खानपान के इस सफर की शुरुआत एक शानदार मील के साथ होती है जिसमें आपको अलग-अलग तरह के डोसा का स्वाद चखने का मौका मिलता है। इसमें मशहूर मैसूर मसाला डोसा, चिकन चेट्टिनाड डोसा और तेलंगाना घीकरम डोसा शामिल हैं। इसके अलावा आंध्र की बेहद स्वादिष्ट करी, मैंगलोरियन घीरोस्ट व्यंजन, स्वादिष्ट मालाबार करी, मशहूर कर्नाटक पुलाव, कोठू परोटा मील की खूशबू का आनंद भी मिलता है। साथ ही, बांग्ला कोडी चिप्स और भीमावरम प्रॉन मसाला जैसे इनोवेटिव व्यंजन आंध्रप्रदेश की विविधताओं से भरपूर विरासत के प्रति सम्मान दर्शाते हैं। इसके साथ ही कोकम जल्द ही अलग-अलग तरह के इडली के विकल्प पेश करने वाला है जिसमें स्वादिष्ट घीपोडी इडली और पारंपरिक थाटे इडली के साथ-साथ लुभावने वड़े और उत्तपम शामिल हैं। मेन्यू में होने वाला यह इनोवेटिव विस्तार भारत के विविधताओं से भरपूर खानपान की विरासत को दर्शाता है और लखनऊ व देशभर में खाने के शौकीनों को खुशकर देगा। डूब जाइए, तमिलनाडु की स्वादिष्ट डिश चिकन चेट्टिनाड के स्वाद में जिसमें सौंफ, कालीमिर्च, धनिया और मसालों का शानदार मिश्रण देखने को मिलता है। ये व्यंजन साधारण डाइनिंग अनुभव से कहीं अधिक बढ़कर हैं।

## ऑनर ने भारत में विश्वप्रसिद्ध एक्स सीरीज़ में ऑनर एक्स9बी लॉन्च किया



**नई दिल्ली।** ऑनर ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए अपनी विश्वप्रसिद्ध एक्स सीरीज़ में आज ऑनर एक्स9बी का लॉन्च किया। इस लॉन्च द्वारा ऑनर का उद्देश्य ग्राहकों को हर विशेषता में कुछ एक्स्ट्रा, जैसे अतुलनीय डिस्प्ले क्वालिटी, बेहतर बैटरी और ऑप्टिमाईज़्ड सॉफ्टवेयर परफॉर्मेंस प्रदान करना है, जो विभिन्न ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर सकें। ऑनर एक्स9बी में ऑनर अल्ट्रा-बाउंस एंटी-ड्रॉप 360 डिग्री डिस्प्ले है, जो बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी और स्थिरता प्रदान करता है। ऑनर एक्स9बी 5जी के अलावा, ब्रांड ने बेहतर ऑडियो के लिए ऑनर चॉईस एक्स5, और फिटनेस ट्रैकिंग के लिए ऑनर हेल्थ ऐप के साथ ऑनर चॉईस स्मार्टवॉच के लॉन्च की भी घोषणा की, ताकि भारत में एक कनेक्टेड ईकोसिस्टम पेश किया जा सके। लॉन्च के बारे में एचटेक के एसवीपी और को-फाउंडर, श्री सी पी खंडेलवाल ने कहा- हम एक्स9बी स्मार्टफोन, ऑनर चॉइस ईयरबड्स एक्स5 और ऑनर चॉइस स्मार्टवॉच लॉन्च करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। ये नए उत्पाद यूज़र्स को शानदार अनुभव देगें, जो भारत में एक कनेक्टेड इकोसिस्टम बनाने के हमारे मकसद को पूरा करने की ओर एक बड़ा कदम है। जहाँ हम अपने उत्पादों की श्रृंखला को बढ़ा रहे हैं, वहीं ग्राहकों की संतुष्टि भी हमारे लिए महत्वपूर्ण केंद्र बिन्दु है। हम अपने ब्रांड में ग्राहकों का भरोसा स्थापित करना चाहते हैं। इसीलिए हमने एक्स9बी स्मार्टफोन के लिए ऑनर प्रोटेक्ट प्लान बिल्कुल मुफ्त पेश किया है, जिसमें 30 दिनों के अंदर 90% बाय-बैक गारंटी, खरीद के छह महीने के अंदर एक बार स्क्रीन रिप्लेसमेंट की सुविधा और 6 महीने की एक्सटेंडेड वॉरंटी दी गई है।,

## स्वर्णिम स्टार्टअप एन्ड इनोवेशन यूनिवर्सिटी ने परम पूज्य अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज को साहित्य विषय में प्रदान की मानद उपाधि

**अहमदाबाद।** गांधीनगर स्थित, स्वर्णिम स्टार्टअप एवं इनोवेशन यूनिवर्सिटी ने हाल ही में दिगंबर जैन समाज के आदरणीय संत, परम पूज्य अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की। यह उपाधि आचार्य श्री को साहित्य के क्षेत्र में प्रदान की गई है. मुक्ति मार्ग पर अग्रसर अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज ने सफलतापूर्वक स्व-अनुशासन के साथ ही भौतिक व नैतिक अवरोधों को नियंत्रण में रखा है और वे एक ख्यात आध्यात्मिक नेतृत्वकर्ता व समाज सुधारक के रूप में प्रेरणा बने हैं।डॉ. रागिन शाह, प्रोवोस्ट, स्वर्णिम स्टार्टअप एन्ड इनोवेशन यूनिवर्सिटी द्वारा यूनिवर्सिटी की एकेडमिककाउन्सिल एवं इसके बोर्ड ऑफ़ मैनेजमेंट की ओर से यूनिवर्सिटी के कुलपति के समक्ष मानद उपाधि, डॉक्टर ऑफ़ लिटरेचर (अनॉरस कॉसा) का प्रस्ताव पेश किया था।




इस अवसर पर बात करते हुए, ऋषभ जैन, यूनिवर्सिटी प्रेजिडेंट ने कहा- भारत एक आध्यात्मिक देश है जो कि हमारे देश के विकास में मार्गदर्शन प्रदान करता है. हम अपने विश्वविद्यालय में इस बात पर विश्वास करते हैं कि इनोवेशन का मार्ग, मूल्यों की नींव पर बना होता है। आदरणीय आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान करना, समाज में उनके योगदान को सम्मान प्रदान करने का हमारा विनम्र प्रयास है और इससे हमारे विद्यार्थियों को भी आचार्य श्री की अनुशासित एवं एकाग्र जीवनशैली से सीखने का उत्साहवर्धन मिलेगा, जो कि किसी भी सफल और अग्रणी इनोवेशन की मूल आवश्यकता होती है।

पूज्यनीय अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज ने कहा कोई भी उपाधि पाना बड़ी बात नहीं है, किन्तु उस उपाधि को अपने दिमाग पर हावी न होने देना अधिक बड़ी चुनौती है. पद, धन व यश धर्म व सदाचार से प्राप्त होता है. इस प्रकार देखा जाए तो मैंने यह उपाधि प्राप्त नहीं की है, यह मेरे सद्कार्य हैं जो आज मुझे यह सम्मान प्राप्त हुआ है। यदि हम धर्म व सदाचरण की पूँजी को विलासिता में लगा देंगे तो यह उसी क्षण नष्ट हो जायेगा। अर्थात धर्म और सदाचरण का सुफल कोई उपाधि नहीं है, धर्म और सदाचरण का सुफल, रक्षक का सुफल है. स्वर्णिम विश्वविद्यालय ने जिस प्रकार यह आयोजन किया है वह सराहनीय है। उल्लेखनीय है की आचार्यश्री की त्रिमूर्ति विचारधारा में, सही विश्वास, सही ज्ञान व सर्वोचित आचरण की भावना सम्मिलित है.वे निरंतर कई हफ्तों व महीनों तक बिना भोजन व जल के कठिन तप करते हैं. पूज्यनीय अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज, अपनी महत्वपूर्ण शिक्षाओं के लिए जानेजाते हैं, जिनके अंतर्गत वे धर्म व उससे संबंधित संस्कारों एवं रीतियों के बारे में प्रचलित कई मिथकों को दूर करते हैं। आध्यात्मिक नेतृत्वकर्ता होने के साथ ही पूज्यनीय अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज एक समाज सुधारक के रूप में भी प्रेरक हैं. उन्होंने अपनी शिक्षाओं व मूल्यों को कम से कम दो दर्जन जेलों में कैदियों के पुनरुत्थान के लिए भी प्रसारित किया है.उन्होंने कैदियों से बात करके उन्हें जेल से छूटने के बाद उच्च विचार आधारित मार्ग पर चलने एवं नैतिकता व मूल्य आधारित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया है।

पूज्यनीय अंतर्मना आचार्य श्री को इसके अतिरिक्त अन्य कई महत्वपूर्ण व प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हो चुके हैं. इनमें वर्ष 2009 में महावीर जयंती के पावन अवसर पर, गोमतेश्वर बाहुबली में भत्रक स्वस्ति श्री चारू कीर्ति महा स्वामी जी द्वारा प्रदत्त आचार्य भद्रबाहु महाराज सम्मान, शामिल है, जहाँ अंतर्मना आचार्य श्री को उनके आध्यात्मिक अभ्यास हेतु, विशाल जनसमूह के समक्ष स्वामीजी द्वारा मोर पिच्छिका प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# आखिर कहां खर्च हो रहा मुस्लिम मुसाफिरखाने के नाम पर हर महीने वसूले जा रहे लाखो रुपये

**नज़ूल की भूमि पर संचालित हो रहा मुस्लिम मुसाफिरखाना, धार्मिक भू माफिया ने बना रखा है अपनी निजी संपत्ति**

मनव्वर रिज़वी

**गोरखपुर।** धर्म की आड़ में काली कमाई की दास्तान जो पिछले 17 सालों से जारी है। धार्मिक भू माफिया के मजबूत शिकंजे में जकड़ी यह सम्पत्ति गोरखपुर पुलिस लाइन के सामने स्थित मुस्लिम मुसाफिरखाने की है जिसमें खुद यह मुसाफिरखाना भी शामिल है। इस मुसाफिरखाने के बारे में भले ही शहर की मुस्लिम अवाम ये जानती हो कि ये मुस्लिम मुसाफिरों के ठहरने के लिए बनाया गया है और कोई भी मुस्लिम मुसाफिर यहां किफायती और वाजिब कीमत पर ठहर सकता है। लेकिन ऐसा नहीं है यहां के कमरे सालों साल उनके लिए बुक होते हैं जो तगड़ी रकम अदा करते हैं। इसके अलावा तमाम अन्य लोगों ने भी मुसाफिरखाने के ऊपर छत को कब्जे में कर रखा है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के तहत कब्रिस्तान, मस्जिद और मुसाफिरखाना उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अंतर्गत दर्ज था। राजस्व अभिलेखों की बात करें तो मस्जिद और कब्रिस्तान आराज़ी नम्बर 52 और मुस्लिम मुसाफिरखाना आराज़ी नम्बर 54 पर स्थित है।



**32 कब्जों को ध्वस्त करने के बाद जिला प्रशासन की खामोशी पर उठ रहे सवाल:** नगर मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पीपी एक्ट के मुकदमा 63/2019 चला जिसमें बेदखली का आदेश होने के बाद 32 अवैध कब्जों को तो ध्वस्त कर दिया गया लेकिन उसके बाद प्रशासनिक गति सुस्त हो गई। आपको बता दें कि 1976 में 36 डिसमिल यानी 15696 वर्ग फिट भूमि का पट्टा हुआ था जिसकी मियाद 9 मार्च 2007 में समाप्त हो गई थी और भूमि का स्वामित्त सरकार बहादुर के खाते में चला गया। **लाखों रुपये महीने की होती है आमदनी :** वर्तमान समय में इस मुस्लिम मुसाफिरखाने में लगभग 50 कमरे और 3 डारमेट्री हाल के अलावा दर्जन भर दुकानें हैं। इससे लाखो रुपये की आमदनी मुसाफिरखाने को होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 17 सालों से बिना किसी संस्था के बिना किसी रजिस्ट्रेशन के बिना कोई टैक्स जमा किये यह मुसाफिरखाना चल रहा है और इसके आसपास की दुकानों से किराया वसूला जा रहा है। 1987 में कुछ लोगों ने एक साजिश रच कर मुसाफिरखाने की आराज़ी वक्फ से मुक्त करा लिया और उसको 30 साल की लीज पर ले लिया। इसके बाद से ही यह मुसाफिरखाना विवादों में आ गया लेकिन शहर की जनता इस खेल से बेखबर थी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मुसाफिरखाने की कोई सोसायटी वजूद में नहीं है और न ही वक्फ में यह मुसफिरखाना दर्ज है। इसके अलावा सराय एक्ट के तहत इसका कोई रजिस्ट्रेशन ही है। साथ ही जीएसटी और सरकार के अन्य तमाम टैक्स के बारे में भी कोई जानकारी नहीं है। जानकारों का कहना है कि नगर निगम का भी टैक्स बकाया है। कुल मिलाकर नियम कानून ताक पर रख कर ये मुसाफिरखाना चलाया जा रहा है।

### धार्मिक भूमाफिया के कब्जे में है मुस्लिम मुसाफिरखाना

1987 में राजनैतिक प्रभाव के इस्तेमाल करते हुए इस मुसाफिरखाने को वक़्फ़ से बाहर की आराज़ी को 30 वर्ष की लीज पर ले लिया गया जिसकी मियाद 2007 में खत्म हो गई।

वर्तमान समय में मोहम्मद अब्दुल्लाह नाम का व्यक्ति खुद को इस मुसाफिरखाने का मालिक कहता है और यहां उन्हीं का हुक्म चलता है।

आपको बता दें कि मोहम्मद अब्दुल्लाह को अगर धार्मिक भूमाफिया कहा जाए तो गलत नहीं होगा। शहर की जामा मस्जिद, अंजुमन इस्लामिया समेत दर्जनों वक्फ के। प्रमुख के पद पर इनका कब्ज़ा है। मुस्लिम समाज की भलाई के लिए वक्फ की गई सैकड़ो एकड़ भूमि के मालिक बने हुए है।

### जल्द ही कार्यवाही करने तैयारी में है जिला प्रशासन

जिले में नुज़ूल भूमि के प्रभारी एडीएम (वित्त एवं राजस्व) विनीत कुमार सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में है जल्द ही कानूनी कार्यवाही करते हुए सरकारी भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराया जाएगा।

## मेले में 165 युवाओं को मिला रोजगार

**अमेठी।** कौशल विकास मिशन आईटीआई गौरीगंज के प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि उ प्र कौशल विकास मिशन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में जनपद में आज विकास खण्ड गौरीगंज के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महामंत्री सुधीर शुक्ला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य आर के अग्निहोत्री जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमेठी के प्रधानाचार्य आर के गौतम द्वारा रोजगार मेले का शुभारम्भ किया गया तथा मुख्य अतिथि द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को सरकार की रोजगार देने की मंशा के बारे में बताया गया। अजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि शासन प्रत्येक बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु तत्पर है जिसके क्रम में 07 प्लेसमेंट कम्पनियॉ क्रमशः बुसा लिमिटेड रॉकमैन इण्डस्ट्रीज ग्रुप ऐमरॉल्ड मैनेजमेण्ट एसआईएस फिलिप कार्ट हिन्दुस्तान ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज एसआईएस एवं यूनो मिण्डा ऑटोमोबाइल प्रा लि के द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग किया गया।

## आयोजित हुआ विज्ञान जन-जागरुकता कार्यक्रम



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा क्षेत्र के मुरारी इंटर कॉलेज में गोरखपुर नक्षत्रशाला के तत्वाधान में विज्ञान के प्रयोगों और विभिन्न क्रियाकलापों के द्वारा छात्रों को जागरूक किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए जिला विज्ञान अधिकारी महादेव पांडेय ने बताया कि जीवन के प्रत्येक क्रियाकलापों में विज्ञान सम्मिलित है। विज्ञान का सहारा लेकर ही कुछ लॉगआेन द्वारा कई प्रकार के भ्रांतियाँ समाज में फैलायी जाती हैं। अतः आज सभी को विज्ञान को समझने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में खेल खेल में बिना रुई माचिस की तीली को जलाना, गुब्बारे को हवा में उड़ना, साथ ही ख़राब हुए लेड बल्ब को कैसे घर पे बनाकर उसका पुनः उपयोग किया जा सकता है, इसके बारे में विस्तृत रूप में बच्चों को बताया गया हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर साकेत जी ने बताया कि हमारा विद्यालय लगातार विज्ञान विषय को प्रोत्साहित करके विभिन्न पाठ्यसहगामी क्रियाओ द्वारा छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न की जा रही हैं। इस कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक अखिल कुमार वर्मा, सुप्रिया, सुधीर कुमार, इंद्रेश यादव सहित भारी संख्या में छात्र छात्राए उपस्थित थे।

## परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** देवरिया में 17 फरवरी और 18 फरवरी को हो रही पुलिस आरक्षी पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। जनपद देवरिया पुलिस- प्रशासन पारदर्शी, निष्पक्ष और नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जिस क्रम में 17 फरवरी को जनपद देवरिया के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती परीक्षा- 2023 की लिखित परीक्षा को सकुशल व निर्वाध रूप से सम्पन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी देवरिया श्री अखण्ड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद देवरिया के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण व निरीक्षण किया गया एवं स्कूल प्रबंधन/संबंधित अधिकारियों व ड्यूटीरत कर्मियों से पूर्ण पारदर्शिता के साथ परीक्षा को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के निर्देश दिए गए। परिणामस्वरूप जनपद के समस्त केंद्रों पर परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई है। परीक्षा सम्पन्न हो जाने के बाद परीक्षार्थियों की भारी संख्या को देखते हुए चौराहों/बाजारों आदि में समुचित पुलिस प्रबंध व निर्बाध रूप से यातायात संचालन हेतु पर्याप्त व्यवस्था की गई है जिससे परीक्षार्थियों व आम जनता को आवागमन में किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो।

## एक्सिस बैंक में एक क्वाइन मेले का हुआ आयोजन

**कोंच अवधनामा संवाददाता।** नगर की एक्सिस बैंक में एक क्वाइन (सिक्को) मेला का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राहकों को सिक्के को लेन देन को लेकर जागरूक किया गया। नगर के पटेल नगर स्थित एक्सिस बैंक में एक क्वाइन मेला लगाया गया मेला में नगर के व्यापारियों और तथा बैंक के ग्राहकों को बुलाया गया जिसमें शाखा प्रबंधक सुशील कुमार तिवारी ने लोगो से कहा कि रिजर्व बैंक की इस एडवाजरी के बाद करोड़ों के सिक्कों के बोझ तले दबे नगर व क्षेत्र के दुकानदारों एवं व्यापारियों को राहत मिलने बाली है रिजर्व बैंक की एडवायजरी के अनुसार बैंक शाखा स्तर पर लगने वाले इस मेले में न केवल खाताधारकों के पास इकट्ठा हुए सिक्का जमा किए जाएंगे बल्कि उन्हें बाजार में सिक्कों की जरूरत और अहमियत भी बताई जाएगी। बैंक सिक्का जमा करने में परेशानी अनुभव न करें, इसके लिए करेंसी चेस्ट के लखनऊ के अधिकारी कपिल जुमनानी एवं शिवम श्रीवास्तव ने शाखाओं के प्रबंधको से बात की और उन्हें निर्देशित किया वही कैशियर जाविद उस्मानी ने कहा कि सिक्को की भरमार थी अब उनकी बैंक में 20 रुपये के सिक्के है जो ग्राहकों को दिए जाएंगे जिनके पास लिये भी जाएंगे उन्होंने कहा है व्यापारी लेने से खुश है और इस मेले से लोग जागरूक होकर लोगों को समझाएंगे इस दौरान रोहित गुप्ता रविन्द्र वसीम खान राहुल कुमार रवि यादव मुकेश अंशुल मिश्रा गौरव अग्रवाल हरिश्चंद्र आदि मौजूद रहे है।

## सीएमओ को पत्र देकर पीड़ित व्यक्ति ने डॉक्टर पर अवैध वसूली करने का लगाया आरोप

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के छावनी वार्ड नंबर 21 महंत दिग्विजयनाथ नगर निवासी सरफराज अहमद को लिवर से संबंधित बीमारी होने पर पडरौना में स्थित प्रविका हॉस्पिटल के डॉक्टर प्रवीण कुमार राव को दिखाया लेकिन 15 दिन दवा चलने के बाद कोई फायदा ना होने की स्थिति में डॉक्टर से मिलने गए उसके पिता को रोक दिया गया तथा डॉक्टर से मिलवाने के एवज में अवैध रूप से रुपया लिया गया। पीड़ित व्यक्ति ने सीएमओ को पत्र देकर हॉस्पिटल के कर्मचारियों पर जबरदस्ती अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है।

मुख्य चिकित्साधिकारी कुशीनगर को दिए गए पत्र के माध्यम से पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उसके लड़के सरफराज अहमद को लिवर से संबंधित परेशानी होने की दशा में 27 जनवरी को पडरौना नगर में तुलसी इंटरमीडिएट कॉलेज के पास स्थित प्रविका अस्पताल के डॉक्टर प्रवीण कुमार राव को दिखाया गया तो वहा पर डॉक्टर की फीस व एक सप्ताह के दवा के नाम पर 1700 रुपया लिया गया। लेकिन कोई फायदा ना होने की स्थिति में दोबारा 07 फरवरी को जब दिखाया तो उस दिन भी डॉक्टर की फीस व एक सप्ताह की दवा के नाम पर 1600 रूपए उक्त अस्पताल के कर्मियों द्वारा ली गई। बावजूद इसके कोई फायदा न होने की स्थिति में वह स्वयं 16 फरवरी को शाम 6:30 बजे लड़के को लेकर डॉक्टर से मिलकर फायदा न होने के संबंध में जानकारी करने गए तो हॉस्पिटल में मौजूद कर्मचारियों द्वारा डॉक्टर से मिलने के एवज में उनसे जबरदस्ती 300 रूपए की अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए उक्त प्रकरण में दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए की गई अवैध वसूली की रकम वापस दिलाने की मांग की गई है। पीड़ित व्यक्ति द्वारा दिए गए अपने बयान में बताया कि प्रविका हॉस्पिटल मे इंडोस्कोपी व कोलस्कोपी जांच की भी सुविधा उपलब्ध होने की बात करते हुए डॉक्टर प्रवीण कुमार द्वारा अपने यहां जांच करने की बात कही गई। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि उक्त अस्पताल में उपरोक्त सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग से रजिस्ट्रेशन है या नहीं यह जांच का विषय है।

## भाजपा ही युवाओं की सच्ची हितैषी: अंबिकेश

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भाजयुमो की बैठक आगामी कार्यक्रमों को लेकर सम्पन्न हुई। बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अंबिकेश धर दूबे ने कहा कि भाजपा सरकार ही युवाओं की सच्ची हितैषी है, अमृत काल में एक विकसित भारत की कल्पना के लिए युवाओं को आगे आना होगा। पार्टी युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की युवा जनकल्याणकारी योजना चला रही है, हर जिलों में रोजगार मेले के माध्यम से सरकार ने युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा युवा मोर्चा को कई जरूरी कार्यक्रम सौंपे गए हैं जिनको सफलता पूर्वक ज़िले के सभी मंडलों में आयोजित कराने की जिम्मेदारी हम युवाओं की है जिसमे विभिन्न जगहों पर युवा चौपाल का आयोजन किया जाएगा जिसके तहत आम जनमानस को मोदी सरकार एवं योगी सरकार के सभी जन लाभकारी योजनाओं से अवगत कराया जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार युवाओं के कल्याण हेतु सदैव प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो के जिलाध्यक्ष प्रवीण प्रताप मल्ल ने किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष रंजित सिंह विशेन ने किया। कार्यक्रम में सुधांशु रंजन मिश्रा, अवनीश पाठक, शिखर शाही, अंकित मणि, विकास सिंह, अजीत भारती, अश्विनी सिंह, आशुतोष जायसवाल राहुल सिंह अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### अभ्यर्थियों की सुविधा को तत्पर रहा रोडवेज

**अमेठी।** पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम पूरी तरह तत्पर दिखाई पड़ा। शनिवार की सुबह अमेठी डिपो पर लगभग एक दर्जन बसें खड़ी दिखाई पड़ी जो अभ्यर्थियों के इंतजार में रही। सुबह से ही बसों का निकलना शुरू हो गया जिले के काफी बच्चों का सेंटर अयोध्या जनपद में बनाया गया था। लिहाजा सुल्तानपुर निकलने वाली बसों पर अभ्यर्थियों की तादाद ज्यादा दिखाई पड़ी अभ्यर्थी फैजाबाद के लिए सीधा बस की तलाश करते भी नजर आए लेकिन उन्हें बताया जा रहा था कि यहां से सुल्तानपुर जाने के बाद फैजाबाद के लिए सीधी बस तुरंत मिल जाएगी।

## पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बच्चों में रहा उत्साह

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में खासा उत्साह दिखाई पड़ा। काफी समय पहले से परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चे हाथों में नोट्स और सहायक पुस्तकों को लेकर समय से पहले पहुंचने के कारण परीक्षा केंद्रों के आसपास अध्ययन करते भी नजर आए। सुबह से ही सड़कों पर आवागमन काफी तेज हो गया परीक्षार्थी अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा केंद्र की ओर आते-जाते दिखाई दिए। वही निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्रों में पंक्तिबद्ध होकर बच्चों को गहन तलाशी जांच और निगरानी के बाद केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। इस समय केंद्रों पर भारी फोर्स की तैनाती रही जो व्यवस्था में तल्लीन दिखाई पड़ी।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले के आठ केंद्रों पर हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को पहले दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने संयुक्त रुप से परीक्षा केंद्र इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज तथा शिव महेश इंटर कॉलेज गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान डीएम व एसपी ने परीक्षा कक्ष सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का गहनता से निरीक्षण किया तथा परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अतिरिक्त परीक्षा में लगाए गए सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगातार अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा जनपद के आठ परीक्षा केंद्रों क्रमशः राजीव गांधी पॉलिटेक्निक मंगलम महिला विद्यालय इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज शिव महेश गर्ल्स इंटर कॉलेज मनीषी महाविद्यालय, अग्रसेन गर्ल्स इंटर कॉलेज राजर्षि रणजंय सिंह असल देव कॉलेज आरआर पीजी कॉलेज में दो पालियों में परीक्षा आयोजित हुई जिसमें 7584 अभ्यर्थियों में से 7330 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 254 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अभ्यर्थियों को केंद्रों पर सघन तलाशी और जांच पड़ताल के बाद प्रवेश कराया गया। 18 फरवरी को भी उपरोक्त परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी जिसमें 7584 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।

## सीमावर्ती जनपदों के आबकारी व अधिकारियों के साथ हुई बैठक

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला आबकारी अधिकारी ने बताया की आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर विभागीय निर्देशानुसार बिहार राज्य के सीमावर्ती जिलों गोपालगंज, सिवान, पश्चिम चम्पारण एवं उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों देवरिया, कुशीनगर तथा महराजगंज के आबकारी पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक पडरौना स्थित आबकारी कार्यालय, कुशीनगर में आयोजित की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिले के जिला आबकारी पदाधिकारी एवं बिहार के जिला स्तरीय मद्यनिषेद्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उक्त बैठक में बिहार के सीमावर्ती जिला के पांच कि.मी. के अन्दर सभी प्रकार के शराब के दुकानों के नाम एवं अवस्थिति की सूची तथा सम्बंधित सभी दुकानों के विगत वित्तीय वर्ष एवं आलोच्य वर्ष का मासिक औसत बिक्री एवं विगत तीन माह का औसत मासिक बिक्री से सम्बंधित सूचना प्रारूप में उपलब्ध कराई गई। बाण्डवार शराब की अधिकतम खुदरा मूल्य की सूची उपलब्ध कराई गई। साल भर के अवैध विदेशी मदिरा की जब्ती का विवरण हस्तगत कराया जाना। उत्तर प्रदेश से सम्बंधित गिरफ्तार अभियुक्तों की सूची उपलब्ध कराई गई। अवैध शराब के कारोबारियों से सम्बंधित सूचना आदान-प्रदान करने एवं उनके विरुद्ध कार्यवाही करने पर आपसी सहमति बनी। इस बैठक में सीमा पर विशेष चौकसी बरतने एवं मादक द्रव्यों के तस्करों पर पैनी नजर रखने और सख्त कार्यवाही करने की रणनीति पर सहमति बनी। सीमावर्ती जिलों से सटे अवैध शराब के भण्डारण तथा निर्माण क्षेत्रों पर सतत निगरानी/कार्यवाही एवं संयुक्त रूप से छापेमारी करने का निर्णय लिया गया। सीमावर्ती मुख्य मार्ग, ग्रामीण मार्ग एवं नदी मार्ग पर विशेष ध्यान रखने पर बल दिया गया।

## जीबीसी: 14 हजार करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने को गोरखपुर तैयार

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर।** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-4.0) में गोरखपुर करीब 14 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के किए तैयार है। इसके जरिये करीब 50 हजार लोगों को नौकरी व रोजगार की गारंटी भी सुनिश्चित होगी। जीबीसी में गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) सर्वाधिक, 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देगा।

- करीब 50 हजार लोगों के लिए सृजित होंगे रोजगार के अवसर
- जीबीसी में गीडा देगा सर्वाधिक 8751 करोड़ रुपये का योगदान

उद्योग विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जीबीसी में जिले से 15 विभागों को प्राप्त 290 प्रस्तावों के जरिये 13776 करोड़ रुपये का निवेश मूर्तमान होगा। इनसे 49979 लोगों को रोजगार मिलना सुनिश्चित होगा। इसमें सर्वाधिक भागीदारी गीडा की होगी। गीडा में 153 निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरने जा रहे हैं। इन प्रस्तावों से 8751 करोड़ रुपये का निवेश होगा और 28068 लोगों को रोजगार मिलेगा। एमएसएमई विभाग इसे मिले 1174 करोड़ रुपये के 1174 निवेश प्रस्तावों को साकार कर 5864 लोगों के लिए रोजगार की व्यवस्था करेगा। जबकि हाउसिंग सेक्टर में 2030 करोड़ रुपये के निवेश से 5552 लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। इसी तरह पर्यटन क्षेत्र के लिए 713 करोड़ रुपये, हैंडलूम उद्योग के क्षेत्र में 507 करोड़ रुपये, मेडिकल एंड हेल्थ सेक्टर के लिए 200 करोड़ रुपये का निवेश जीबीसी में क्रियाशील होने को तैयार है।

**गोरखपुर में जीबीसी की ऐसी है तैयारी**

| क्षेत्र/ विभाग | निवेश | रोजगार |
|---|---|---|
| गीडा | 8751 | 28068 |
| हाउसिंग | 2030 | 5552 |
| एमएसएमई | 1174 | 5864 |
| पर्यटन | 713 | 1568 |
| हैंडलूम | 507 | 4270 |
| मेडिकल एंड हेल्थ | 200 | 1200 |
| हॉर्टिकल्चर | 113 | 691 |
| सहकारिता | 71 | 960 |
| डेयरी | 65 | 67 |
| वन विभाग | 55 | 400 |
| चिकित्सा शिक्षा | 33 | 225 |
| यूपीसीडा | 30 | 900 |
| तकनीकी शिक्षा | 30 | 199 |
| मत्स्य पालन | 02 | 15 |
| पशुपालन | 02 | - |
| **कुल** | **13776** | **49979** |

**129 जाएंगे लखनऊ, 160 शामिल होने जिले के समारोह में :** 19 फरवरी को प्रदेश की राजधानी में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 10 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने वाले 129 निवेशक/उद्यमी लखनऊ के मुख्य समारोह में आमंत्रित किए गए हैं। जबकि जिले स्तर पर होने वाले समारोह में 160 उद्यमी शामिल होंगे।

## तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर चौराहे पर 6 फरवरी को मोबाईल दुकानदार शैलेंद्र सिंह निवासी कालेसर, थाना गीडा से हुई लूट के आरोपियों को गीडा पुलिस ने खानीपुर अंडरपास से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। लुटेरे नेपाल भागने की फिराक में थे। गीडा थाने पर एसपी नार्थ ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे के करीब गीडा थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार राय पिपरौली चौकी इंचार्ज रूपेश कुमार पाल और एस आई रविन्द्र सिंह तोमर अपने हमराहियो का0 रविनाथ यादव, का0 उपेन्द्र यादव, पंकज कन्नौजिया, माधव मुरारी, संदीप निषाद के साथ गश्त पर निकले थे कि मुखबिर से सूचना मिली की कालेसर लूटकांड के आरोपी खानीपुर अंडरपास के पास मौजूद हैं और नेपाल भागने की फिराक में हैं। मौके पर पहुंची टीम ने तीनों लुटेरों को पकड़ लिया।पकड़े गए लुटेरों की पहचान संजीव पाण्डेय पुत्र प्रदुम्न पाण्डेय निवासी कलान थाना महुली संतकबीरनगर,प्रशांत उपाध्याय उर्फ सिप्पू पुत्र राजेश उपाध्याय जगदीशपुर थाना गीडा तथा अभिनव उपाध्याय उर्फ संटू पुत्र लौटन निवासी भड़सार थाना गीडा के रूप में हुई। लुटेरों के पास से लूट के 20 अदद मोबाइल, घटना में प्रयुक्त बाइक, एक अदद तमंचा, दो जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक पैनकार्ड व 10,180 रुपया नकद बरामद हुआ।पुलिस की सफलता पर एसएसपी गौरव ग्रोवर, एस पी नार्थ व सीओ कैंपियरगंज ने बधाई दी।

### शराब पिलाकर दो की जगह चार बीघा जमीन का करा लिया बैनामा

**कोंच।** कोतवाली क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है जहां दबंगों ने एक शख्स को पहले खूब शराब पिलाई, फिर स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर करा लिए, ऐसे में दो बीघा की जगह चार बीघा जमीन अपने नाम कर ली। जब पीड़ित को जब होश आया तो उसने इसकी शिकायत थाने में की। बता दें कि ग्राम पचीपुरी निवासिनी व्रह्मा देवी पत्नी प्रमोद कुमार अहिरवार ने शनिवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी को एक पत्र देते हुए बताया कि घटना दिनांक 24 जनवरी 2024 की है जब मेरे पति प्रमोद कुमार पुत्र परमाई को नरेश रजक पुत्र सियाराम निवासी गांधी नगर कोंच मौसम अग्निहोत्री पुत्र कैलाश अग्निहोत्री निवासी मुहल्ला सुभाष नगर कोंच और दिनेश कुमार पुत्र श्याम किशोर निवासी नया पटेल नगर कोंच ने तहसील परिसर में बुलाकर मौजा गोवर्धनपुरा स्थित आराजी गाटा संख्या 38 रकवा 4.112 हे. मै से 2 बीघा जमीन साढ़े 9 लाख रुपये में बेचना तय किया लेकिन उक्त लोगों ने मेरे पति को शराब पिलाकर 2 बीघा की जगह 4 बीघा जमीन का बैनामा करा लिया है।

## कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर हुई संगोष्ठी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्य तिथि पर शनिवार को बाबा नरपति शिक्षण संस्थान इंटर मीडिएट कॉलेज मुंशीगंज में नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के निर्देशन में नेहरू युवा केंद्र और सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी के संयुक्त तत्वावधान में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अथिति डॉ शकर लाल समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय सेटेलाइट कैंपस टीकरमाफी ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिक्षक और राजनेता के रूप में जाने जाते थे।राजनितिक जीवन में अपने सिद्धांतो को नहीं छोड़ा। रजनीश झा प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किया। इस अवसर पर रामपाल उमाशंकर श्रीवास्तव लवकुश कृष्णकुमार प्रजापति मीनाक्षी झा रेखा जायसवाल राम कारण चौहान सहित सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच बीता आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा का पहला दिन

अवधनामा संवाददाता



○ डीएम एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का भ्रमण केंद्र व्यवस्थापन को दिए परीक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा 2023 के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने जिले में चल रही परीक्षा के केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर लगे समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश। इस दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे।इस परीक्षा के लिए जिले में कुल 14 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला पीजी कॉलेज, वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, किसान पीजी कालेज, महात्मा बुद्ध विद्यापीठ का निरीक्षण किया । उन्होंने ड्यूटी पर लगे अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग कर परीक्षा केन्द्र के अंदर प्रवेश दिया जाये परीक्षार्थी के पास किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वस्तु न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाये ताकि केन्द्रों मे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटित हो सके। डीएम व एसपी ने समस्त केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के मानीटिरिंग रुम को चेक कर यह सुनिश्चित किया गया। परीक्षा केन्द्रों के परिसर में बाहर से आने वाले व्यक्तियों पर भी निगरानी की जाये जिससे परीक्षा मे किसी भी प्रकार का व्यवधान न उत्पन्न हो सके।

## विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर 20 फरवरी को परिचर्चा

**बहराइच।** विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर किसान पीजी कॉलेज स्वायत्तशासी संस्था के कमेटी हाल में आगामी 20 फरवरी को अपराह्न 1:00 बजे से एक परिचर्चा का आयोजन किया गया है। इसका आयोजन अंशकालिक शिक्षक संघ द्वारा किया जाएगा। इस परिचर्चा के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह होंगे। परिचर्चा के संयोजक डॉ.सत्यभूषण सिंह ने बताया कि वर्ष 2009 से प्रतिवर्ष विश्व सामाजिक न्याय दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ की घोषणा के अनुरूप सारी दुनिया में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य दुनिया में लोगों के मध्य पैदा हो रहे कई तरह के भेदभाव दूर करना है जो कि लोगों के बीच एक दूरी का कारण बन गया है।इस भेदभाव के कारण कई लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नस्ल, वर्ग, लिंग, धर्म, संस्कृति, भेदभाव, बेरोजगारी से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूकता पैदा करना विश्व सामाजिक न्याय दिवस का मुख्य उद्देश्य है।

# आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण को सफल बनाने वाले सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं टाइम्स सेंटर फॉर लर्निंग लिमिटेड लखनऊ द्वारा विभिन्न आपदाओं पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम फेज 2, समुदाय आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम फेस 2, वज्रपात सुरक्षा कार्यक्रम फेज 2, माइकिंग वज्रपात सुरक्षा माइकिंग अवेयरनेस प्रोग्राम फेस 2, स्कूल डिग्री कॉलेज इंटर कॉलेज में मास्टर ट्रेनरों की ट्रेनिंग और 419 ग्राम पंचायत के चार प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मौके पर सीएमओ डा. इम्तियाज अहमद, जिला अग्निशमन अधिकारी मतबूल हुसैन, बीएसए हरिकेश यादव, डा.देशराज दोहरे और विभिन्न आपदाओं में प्रशिक्षण प्रदान किए जाने वाले मास्टर ट्रेनर अरविंद सिंह चौहान, आशीष मिश्रा, हरिश्चंद्र नामदेव, मनीष खरे, नीलेंद्र, प्रवीण, आदर्श रावत, कल्याण सिंह, अनूप सैनी, रजत सिंह, बृजेंद्र, संजय सिंह बुंदेला, अदिति सिंह, संदीप बबलानी, शिवम कौशिक, विवेक दीक्षित, सुनील जैन, वीरेश खरे ,संगीता, सपना, परिहार, आदर्श सिंह, राजाराम, मनोहर, निखिल दीक्षित एवं टाइम्स ग्रुप से आए हुए अतिथि पंकज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए स्थापित कन्ट्रोल का किया निरीक्षण



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 हेतु जनपद में दो-दो पालियों में सम्पन्न होने वाली लिखित परीक्षा को शुचिता पूर्ण ढंग से नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कक्ष में स्थापित किये गये कन्ट्रोल रूम का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर कन्ट्रोल रूम में की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से सभी परीक्षा केन्द्रों का कन्ट्रोल रूम से मानीटरिंग करते रहे।

### नंदौली आंगनवाड़ी केंद्र पर सीडीपीओ प्रभारी की देखरेख में पोषाहार वितरण



**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** विकास खंड बल्दीराय के ग्राम सभा नंदौली आंगनबाड़ी केन्द्र पर शनिवार को सीडीपीओ प्रभारी की देखरेख में पोषाहार का वितरण किया गया। विकास खंड क्षेत्र के नंदौली आंगनवाड़ी केंद्र में समस्त ग्रामवासी व सम्मानित व्यक्तियों ने वितरण का जायजा लिया नंदौली आंगनबाड़ी केन्द्र पर पोषाहार वितरण को लेकर प्रोत्साहन मिल रही थी।केन्द्रों पर लाभार्थियों को सही ढंग से मिल रहा है पोषाहार मिले इसके लिए सीडीपीओ बल्दीराय राजवती सिंह ने स्वयं इसकी जांच की। जांचोप्रांत केंद्र सहायिका का कार्य संतोष जनक पाया गया। सीडीपीओ ने बताया कि केन्द्र पर लाभार्थियों को पोषाहार के तहत गेहूं की दलिया,चना की दाल और सोयाबीन तेल वितरित किया गया। स्वयं सहायता समूह की सफीकुल निशा और आंगनवाड़ी कार्यकत्री सावित्री देवी ने सभी लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण राशन का वितरण किया।

### होनहार बिरवान के होत चीकने पात



**कादीपुर, सुल्तानपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सराय कल्याण के प्रधान व अधिवक्ता मंगला प्रसाद तिवारी के पुत्र अमन तिवारी ने प्रथम प्रयास मे ही जे ई मेंस की परीक्षा 93.23 प्रतिशत प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण किया है। अमन बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने इंटर की परीक्षा रेडियंत कालेज जलालपुर अम्बेडकर नगर से उत्तीर्ण किया है। इनके परीक्षा पास होने पर संतोष मिश्र एडो, राकेश राय, पूर्व प्रधान गौरा बीबीपुर राजीव कुमार, कोटेदार गोरेलाल मिश्र, अमर देव तिवारी, कृष्ण कुमार पाण्डेय, सुनील पाण्डेय आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए अमन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और बधाई दी है ।

# राष्ट्रीय युवा सांसद महोत्सव के तहत भाषण प्रतियोगिता आयोजित



**बहराइच।** नेहरू युवा केंद्र की स्थानीय इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2024 के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा संसद महोत्सव तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन वर्चुअल तरीके से किया गया। भाषण का विषय मेकिंग इंडिया ए ग्लोबल लीड चाहेर आत्मनिर्भर विकसित भारत इंपोवरनिग फ्यूचर रहा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन नोडल केंद्र बहराइच पर किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता में नेहरू युवा केंद्र श्रावस्ती बहराइच लखीमपुर तथा सीतापुर के युवक तथा युवतियों ने प्रतिभा किया/ये भाषण प्रतियोगिता जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा की उपस्थिति में हुआ भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक समिति पांच अनुभवी सदस्य द्वारा प्रतिभागी युवाओं को निर्धारित समय के अनुसार प्रथम द्वितीय स्थान दिया गया सभी प्रतिभागी युवाओं के विजेताओं को जिला युवा अधिकारी ने यह बताया कि जनपद स्तर के प्रथम व द्वितीय विजेताओं को राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभा करने का अवसर मिलेगा। प्रतिभागी में सहयोगी एनवाईवी संतोष कुमार अनुभव शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# जनजातीय बाहुल्य गांव में नकली नोट खपाते पकड़े गए दो युवक

अवधनामा संवाददाता

○ ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले, पड़ोसी जनपद के निवासी बताए जाते हैं आरोपी युवक

**बहराइच।** पड़ोसी जनपद लखीमपुर के दो युवक बहराइच में अंतरराष्ट्रीय इंडो-नेपाल सीमा से सटे जनजाति बाहुल्य गांव में जाली नोटों से खरीददारी कर रहे थे। दोनों युवक फोटो स्टेट नकली नोट खपा रहे थे, ग्रामीणों ने दोनों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।जिले के थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा के समीप स्थित जनजातीय बाहुल्य गांव बर्दिया व फ़कीरपुरी में दो अज्ञात युवक शनिवार को जाली नोट के साथ पकड़े गए। इन युवकों को ग्रामीणों ने जमकर धुना और बंधक बना लिया। थाना सुजौली व चौकी गिरिजापुरी क्षेत्र अंतर्गत जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सीमा नेपाल व अंतर्जनपदीय सीमा लखीमपुर से सटा हुआ है। शनिवार को जनजातीय गांवों में छोटे दुकानदारों से जाली नोटों से खरीददारी करते हुए दो अज्ञात युवकों को बर्दिया गांव में लोगों ने पकड़ा है। ग्रामीणों को पकड़े गए दोनों युवकों के पास से फ़ोटो कॉपी किए हुए 200, 100, 50, 10 रुपये के जाली नोट मिले हैं। जानकारी के मुताबिक जाली नोटों को चला रहे युवकों को पकड़ने के बाद लोगों ने उनकी पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान मौके पर पहुचे ग्राम प्रधान बर्दिया श्यामलाल ने आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ को शांत कराया और दोनों अज्ञात व्यक्तियों को कमरे में बंद कर सूचना पुलिस को दे दी। पकड़े गए दोनों युवक बिना नम्बर प्लेट की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से थे जो अपने आप को लखीमपुर जिले के गजियापुर ननकार के निवासी बता रहे हैं। दोनों युवकों के पास से 5 हजार से अधिक रुपए लोगों ने बरामद किया है। वहीं घटना के कई घण्टे बीत जाने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, इसके बाद पकड़े गए युवकों को पुलिस के हवाले किया गया। सीमा क्षेत्र में इस तरह की घटना व बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिलों का फर्राटा भरना पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

## डीएम-एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने संयुक्त रूप से पुलिस भर्ती परीक्षा की द्वितीय पाली के दौरान परीक्षा केन्द्रों में ठाकुर रघुवीर सिंह इण्टर कालेज महरौनी, सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज महरौनी, किसान इण्टर कालेज विरधा पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर केन्द्र पर तैनात पुलिस कर्मियों को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा जारी गाइड्लाइन से अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# केन्द्र सरकार पर 'आप' ने लगाये गंभीर आरोप

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** आम आदमी पार्टी की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. की अध्यक्षता में कचहरी प्रगांण में संपन्न हुयी। बैठक में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति से अपील करते हुये बताया गया कि भारत देश में एक कानून लागू है फिर भी सत्ता दल के मंत्री विधायकों के द्वारा यदि कानून का उल्लंघन किया जाता है तो भी उन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है और विपक्षीदलों के लोग कानून का उल्लंघन भी न करें तब भी उन पर कानून तोडने का अपराध कायम हो जाता है। सत्तादल के लोग विपक्षीदलों को पूरी तरह समाप्त करना चाहते है। आप पदाधिकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति से अनुरोध करते हुये कहा कि देश में ब्रिटेन की तरह केवल दो ही दल रहने दिये जाये, जिससे सत्ता दल को शासन करना आसान हो जाये। आरोप लगाया कि दोहरी मानसिकता वाली केन्द्र सरकार की तानाशाही रवैये के कारण आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को देश की एजेंसियों द्वारा जैसे ई.डी. के द्वारा बार-बार सम्मन भेजकर बगैर गुनाह किये जेल भेजने की साजिश रची जा रही है।


# कार्यालय जिला पंचायत, महराजगंज।

पत्रांक :- 719/जि0पं0म0/2023-24 दिनांक : 16.02.2024

## अल्प कालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग सूचना

जिला पंचायत महराजगंज के समस्त जिला पंचायतो में पंजीकृत ठेकेदारों/सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला निधि योजनान्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की शासन से स्वीकृति की प्रत्याशा में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है स्वीकृति प्राप्त होने पर ही अनुबन्ध आदि की कार्यवाही की जायेगी। ई-निविदा के साथ कार्य का विवरण तथा नियम व शर्तें अपलोड की गयी हैं, जिसे देखा व पढ़ा जा सकता है। ई-निविदा दिनांक 21.02.2024 को अपरान्ह 04.00 बजे से https://etender.up.nic.in पर जाकर दिनांक 27.02.2024 को अपरान्ह 04.00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 28.02.2024 को टेण्डर समिति के समक्ष अपर मुख्य अधिकारी के कक्ष में पूर्वान्ह 11.00 बजे निविदा खोली जायेंगी। प्रत्येक निविदा के साथ टेण्डर फार्म के कीमत की धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत महराजगंज के जिला निधि खाता संख्या 21246239861 आई0एफ0एस0सी0 कोड IDIB000M537 इण्डियन बैंक महराजगंज में जमा कर, प्राप्ति रसीद / प्रमाण टेण्डर फार्म के साथ संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक टेण्डरदाता को अपने टेण्डर फार्म के साथ अनुमानित कार्य मूल्य पर 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि आर0टी0जी0एस0 / नेफ्ट / आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत के जमानत खाता संख्या. 3415101000748 आई0एफ0एस0सी0 कोड- CNRB0003415 केनरा बैंक महराजगंज अथवा बैंक सावधि जमा रसीद/एन0एस0सी0, जिला पंचायत की रसीद प्रत्येक कार्य के साथ अलग-अलग नियत धनराशि का जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महराजगंज के पद नाम से बन्धक होगा, को संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त समस्त मूल अभिलेख कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। किसी भी दशा में अनुबन्ध से पूर्व हुए कार्य को श्रमदान माना जायेगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-टेण्डरिंग के सम्बन्ध मे शासन से यदि कोई निर्णय लिये जाते हैं तो ठेकेदार को मान्य होंगे।

| S.No. | Tender Published Date and Time | Tender Sale Start Date and Time | Tender Sale End Date and Time | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 21-02-2024 04.00 PM | 21-02-2024 04.00 PM | 27-02-2024 04.00 PM | 28-02-2024 11.00 AM |

अभियन्ता, जिला पंचायत, महराजगंज।

अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, महराजगंज।

रविकान्त मा. अध्यक्ष, जिला पंचायत, महराजगंज।



पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 08/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है:- **क्रम सं.-1,** कार्य का विवरण: न्यू मॉडल रेलवे कालोनी, इज्जतनगर में रेल भूमि पर एक वर्ष के लिये तहबाजारी हेतु अधिकार देना (एक वर्ष 2024-25 के लिये)। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 35,12,233.20, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 7,02,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का विवरण: इज्जतनगर वर्कशॉप में डेमू/मेमू के पी.ओ.एच के लिये ओ.एच.ई एवं निरीक्षण पिट के साथ डीजल पी.ओ.एच. शॉप के बीजी ट्रैक नं.-2 का 350 मीटर विस्तार। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 26,77,118.28, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 53,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: 09 माह।

(1) ई-निविदा दिनांक 11-03-2024 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

(2) ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर

मुजाधि / डब्लू-546

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



# कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांक :- 390/PRO/नि0वि0/न0नि0शाह0/2023-24 दिनांक:-17-02-2024

## ई-निविदा सूचना

अमृत 2.0 योजनान्तर्गत नगर निगम, शाहजहाँपुर स्थित 04 तालाबों के विकास कार्य हेतु दिनांक 26/02/2024 तक दोपहर 03.00 बजे तक ई-निविदा (02 तालाबों की द्वितीयवार एवं 02 तालाबों की तृतीयवार) आमंत्रित जाती है। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्य की समस्त शर्ते व नियम उक्त बेबसाइट पर उपलब्ध है जिनका अवलोकन करने उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। आमंत्रित ई-निविदा तद्‌दिनांक सायं 4.00 बजे से खोली जायेगी। बिना कारण बताये टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। उक्त निविदाओं के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना उक्त बेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

नगर आयुक्त



# कार्यालय जिला पंचायत, महराजगंज।

पत्रांक :- 718/जि0पं0म0/2023-24 दिनांक : 16 फरवरी, 2024

## अल्प कालीन ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-टेण्डरिंग सूचना

जिला पंचायत महराजगंज के समस्त जिला पंचायतो में पंजीकृत ठेकेदारों/सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/15वॉ वित्त (अनटाइड/टाइड ग्राण्ट) योजनान्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा के साथ कार्य का विवरण तथा नियम व शर्तें अपलोड की गयी हैं, जिसे देखा व पढ़ा जा सकता है। ई-निविदा दिनांक 21.02.2024 को अपरान्ह 04.00 बजे से https://etender.up.nic.in पर जाकर दिनांक 27.02.2024 को अपरान्ह 04.00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 28.02.2024 को टेण्डर समिति के समक्ष अपर मुख्य अधिकारी के कक्ष में पूर्वान्ह 11.00 बजे निविदा खोली जायेंगी। प्रत्येक निविदा के साथ टेण्डर फार्म के कीमत की धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत महराजगंज के जिला निधि खाता संख्या 21246239861 आई0एफ0एस0सी0 कोड IDIB000M537 इण्डियन बैंक महराजगंज में जमा कर, प्राप्ति रसीद/प्रमाण टेण्डर फार्म के साथ संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक टेण्डरदाता को अपने टेण्डर फार्म के साथ अनुमानित कार्य मूल्य पर 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/आनइलाईन डिजिटल भुगतान माध्यमों से जिला पंचायत के जमानत खाता संख्या. 3415101000748 आई0एफ0एस0सी0 कोड- CNRB0003415 केनरा बैंक महराजगंज अथवा बैंक सावधि जमा रसीद/एन0एस0सी0, जिला पंचायत की रसीद प्रत्येक कार्य के साथ अलग-अलग नियत धनराशि का जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महराजगंज के पद नाम से बन्धक होगा, को संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त समस्त मूल अभिलेख कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। किसी भी दशा में अनुबन्ध से पूर्व हुए कार्य को श्रमदान माना जायेगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-टेण्डरिंग के सम्बन्ध मे शासन से यदि कोई निर्णय लिये जाते हैं तो ठेकेदार को मान्य होंगे।

| S.No. | Tender Published Date and Time | Tender Sale Start Date and Time | Tender Sale End Date and Time | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 21-02-2024 04.00 PM | 21-02-2024 04.00 PM | 27-02-2024 04.00 PM | 28-02-2024 11.00 AM |

अभियन्ता, जिला पंचायत, महराजगंज।

अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, महराजगंज।

रविकान्त मा. अध्यक्ष, जिला पंचायत, महराजगंज।



# कार्यालय नगर पालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

संख्या :- 1207/न0पा0प0अ0/2023-24 दिनांक :- 17.02.2024

## अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों/दुकानदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद अकबरपुर अम्बेडकरनगर द्वारा पालिका निधि के अन्तर्गत 06 बड़े नालों के बायोरेमेडिएशन विधि से शोधन कार्य कराया जाना है, जिसके लिए ई-निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत् :-

निविदा डाउनलोड व अपलोड प्रारम्भ की तिथि- दिनांक 19.02.2024 से 27.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक।

निविदा डाउनलोड व अपलोड समाप्ति की तिथि- दिनांक 27.02.2024 से अपरान्ह 12:00 बजे तक।

निविदा खोले जाने की तिथि- दिनांक 27.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे।

वेबसाइट- www.etender.nic.in

निविदा से सम्बन्धित विवरण/शर्ते व अन्य जानकारी वेबसाइट- www.etender.nic.in पर देखी जा सकती है। निविदा के सम्बन्ध में किसी परिवर्तन/संशोधन के लिए वेबसाइट का अवलोकन करते रहे, अलग से विज्ञप्ति जारी नहीं किया जायेगा।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

# कड़ी सुरक्षा के साथ संपन्न हुयी पहले दिन की परीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती के पदों पर हो रही दो दिवसीय लिखित परीक्षा के पहले दिन की दोनों पालियों में जनपद में सकुशल संपन्न हुयी परीक्षा। सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न क्षेत्र में परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने परीक्षा केंद्र जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक स्वयं पहुंचे।

भर्ती परीक्षाएं को लेकर जनपद के सभी केन्द्रों में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। परीक्षा को लेकर पुलिस व प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। पारदर्शी, निष्पक्ष और नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से कमर कसे हुए है। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्लान बनाया गया है। आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती की शनिवार और रविवार को दो पालियों में होने वाली परीक्षा को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जा रही है। एग्जाम के दौरान एग्जामिनेशन रूम और कैम्पस में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल न हो सके इसके लिए जैमर लगाए गये है। सभी अभ्यर्थियों के पहचान पत्र सत्यापन के बाद भी उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया है। परीक्षा के लिए विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती की गई है हर सेंटर पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट के साथ नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में सब इंस्पेक्टर मौजूद रहें।

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने फील्ड में उपस्थित सभी पुलिसकर्मी को निर्देश दिया है कि यदि किसी भी परीक्षार्थी को यदि किसी प्रकार की असुविधा हो रही है तो फील्ड में उपस्थित सभी पुलिसकर्मी पता चलते ही ऐसे अभ्यर्थी की हर संभव मदद कर समय से उसे परीक्षा केंद्र पहुंचने में सहायता की गई। अभ्यर्थियों को ट्रैफिक की समस्या ना होने पाये इस लिये परीक्षा केंद्र वाले प्रत्येक मार्ग पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है।जिला अधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के द्वारा स्वयं क्षेत्र में भ्रमण रहकर तथा दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद के पुलिस-प्रशासन अधिकारियों/ कर्मचारियों के द्वारा आज दिनांक 17.2.2.2024 को आरक्षित नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा कि दोनों पालियों लिखित परीक्षा सकुशल संपन्न कराई गई।

# 16 वर्षीय बालक नें 23 वर्षीय युवक का चाकू मार कर किया कत्ल

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा- हमीरपुर।** मौदहा पुलिस के लिए शनिवार का दिन बहुत ही मशक्कत भरा रहा पहले पुलिस भर्ती परीक्षा की व्यवस्था को लेकर विगत दो दिनों से भागमभाग और जब परीक्षा का दिन आया तो सुबह लगभग 6ः15 बजे परीक्षा देनें जा रही गुडिया यादव की डम्पर से कुचल कर मौत होगयी अभी मौदहा पुलिस गुड़िया की दुर्घटना में हुयी मौत की वैधानिक कार्रवाइयों से निपट नही पायी थी कि प्रशांत कुमार वर्मा उर्फ आकाश उम्र करीब 23 साल पुत्र शिवदास वर्मा निवासी मोहल्ला हुसैनिया कस्बा व थाना मौदहा की हत्या की खबर आ गयी जिसनें पुलिस के माथे पर जोरडालदिया बताया जा रहा है कि पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद के कारण इज्जू पुत्र इकबाल (उम्र करीब 16 वर्ष) निवासी मोहल्ला हुसैनिया कस्बा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर द्वारा दिनांक 17.02.24 को करीब 11.45 बजे साजन तालाब के पास चाकू मार दिया गया।खबर मिलते ही परिजनों द्वारा आनन-फानन में प्रशांत कुमार वर्मा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया है। जवान पुत्र की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया और अस्पताल में मोहल्ला पडोस व रिश्तेदारों का हुजूम लग गया तत्काल सी ओ व कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा/ पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस नें परिवार की महिलाओं को तसल्ली दे कर घर पहुंचाया तथा शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा दिया था और मृतक के पिता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी में पुलिस जुट गयी है।

# पुलिस भर्ती की परीक्षा देने जा रही छात्रा की मौत

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा-हमीरपुर।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के भैंस्ता गांव के कृष्ण प्रसाद यादव की पुत्री पुलिस भर्ती की परीक्षा देनें के लिए जा रही थी लेकिन मौदहा में सुबह लगभग 6:15 बजे तहसील रोड मौदहा में गुड़िया यादव उम्र करीब 19 वर्ष की दुर्घटना में मौत हो गयी। मृतका अपने भाई कौशल उर्फ छोटू पुत्र कृष्ण प्रसाद यादव के साथ मोटरसाइकिल से विद्या मंदिर हमीरपुर में उत्तर प्रदेश पुलिस की प्रतियोगी परीक्षा देने जा रही थी। तहसील रोड थाना मौदहा पर ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर गिर गए जिससे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। घायल गुड़िया यादव को सीएससी मौदहा लाया गया जहां डॉक्टरों के द्वारा मृत्य घोषित कर दिया गया सूचना मिलते ही परिवारजन भी मौके में पहुंच गये जीनका रो रो कर बुरा हाल है मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा/ पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। मृतका के भाई को कोई चोट नहीं है। सीसीटीवी व अन्य माध्यमों से वाहन व वाहन चालक को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी नें बताया कहा कि आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## इस बार मंगल को होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

**हमीरपुर।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार मिश्रा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन राजस्व अनुभाग-9 के पत्र संख्या-280/एक-9-2024 लखनऊ दिनांक 15.02.2024 द्वारा निर्देशित किया गया है कि दिनांक 17.02.2024 (शनिवार) को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है तथा दिनांक 19.02.2024 को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन होना है, जिसमें अधिकांश अधिकारी उनकी व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेगें। अतः दिनांक 17.02.2024 (शनिवार) को आयोजित होने वाला तहसील दिवस / सम्पूर्ण समाधान दिवस दिनांक 20.02.2024 (मंगलवार) को आयोजित किया जायेगा।

# रहमानिया कालेज में सकुशल सम्पन्न हुयी पहले दिन यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा-हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस बोर्ड की लिखित परीक्षा शनिवार 17 फरवरी को दो पालियों में आयोजित हुई। जिसमें कुछ पंजीकृत 1008 परीक्षार्थियों में 36 ने परीक्षा छोड़ दी। उक्त परीक्षा को लेकर सुबह से ही शासन व प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा तथा बनाए गए परीक्षा केंद्रों का अधिकारियो ने निरीक्षण कर नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। आज दूसरे दिन दो पालियों में 1008 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड की लिखित परीक्षा शनिवार 17 फरवरी को कस्बे के रहमानियां इंटर कालेज में आयोजित हुई, जिसमें सुबह प्रथम पाली में कुल पंजीकृत 504 अभ्यर्थियों में 490 ने परीक्षा दी और द्वितीय पाली में 504 में 482 ने परीक्षा दी है, इसी तरह दोनों पालियों में कुल 36 परीक्षार्थियों ने कड़ाई के चलते परीक्षा छोड़ दी। उक्त परीक्षा केंद्र का अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के निरीक्षण हेतु आने जाने का सिलसिला जारी रहा, इसी तरह आज रविवार को दो पालियों में कुल 1008 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के दौरान ट्रेनर एवं सेंट्रल इंचार्ज डॉ शिवकुमार अपनी ड्यूटी में मौजूद रहे। वहीं रहमानिया इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ रजिया सुल्ताना ने बताया कि उनके कॉलेज में शनिवार को पहले दिन की परीक्षा नकलविहीन एवं सकुशल सम्पन्न हुई और बताया की आज भी दो पालियों में कुल 1008 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिसको नकलविहीन एवं सकुशल संपन्न कराने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। वहीं अलग-अलग क्षेत्रों एवं जनपदों से आए परीक्षार्थियों को देखते हुए वार्ड सभासद कुतुब उद्दीन उर्फ जुम्मू की ओर से जलपान की व्यवस्था की गई। उनके इस कार्य की नगर सहित क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने सराहना की।

# सोमवार को होगा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन

**हमीरपुर।** उपायुक्त उद्योग हमीरपुर रवि वर्मा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जनपद हमीरपुर में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र (विधानसभा-228 हमीरपुर एवं विधानसभा- 229 राठ) में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन दिनांक-19.02.2024 अपरान्ह-12:30 बजे किया जाना प्रस्तावित है। विधानसभा-228 हमीरपुर में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन भारत रत्न डा0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम सभागार, कलेक्ट्रेट हमीरपुर में किया जाना है एवं विधानसभा- 229 राठ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन तहसील राठ के परिसर में किया जाना है। उक्त कार्यकर्मो में जनपद लखनऊ में प्रधानमंत्री के कर कमलों द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्थान, लखनऊ (उ0प्र0) में ग्राउंद्र ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का उद्घाटन किया जाना है जिसका सजीव प्रसारण जनपद स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0, हमीरपुर में आगंतुकों को दिखाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, निवेशक जिन्हीने जनपद में रु0-10 करोड़ से कम के निवेश किये है एवं जी0बी0सी रेडी है एवं अधीकरिगण द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। जनपद हमीरपुर में अब तक 59 निवेशकों द्वारा कुल निवेश 1243 करोड़ किया गया है। जिसमें से 8-10 करोड़ से अधिक निवेशक कुल 24 है जो जनपद लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिग सेरेमनी 4.0 प्रतिभाग करेंगे एवं शेष 35 निवेशक जिन्होंने रु0-10 करोड़ से कम जनपद में निवेश किया है।

# परियोजना प्रमुख पंकज मेदीरत्ता रुबरू हुये मीडिया प्रतिनिधियों से

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ बीजपुर।** एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन में शनिवार को शिवालिक अतिथि गृह में स्टेशन प्रबंधन के तत्वाधान में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ परियोजना प्रमुख (रिहंद) की वार्ता हर्षपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। इस आयोजन में परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदीरत्ता नें मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब बड़े ही सहजतापूर्वक देते हुये कहा कि रिहंद स्टेशन के कर्मियों एवं अधिकारियों में विषम से विषम परिस्थितियों में भी चुनौती स्वीकार करने की क्षमता है। उन्होने कहा कि यह स्टेशन 500 मेगावाट से शुरू होकर आज 3000 मेगावाट उत्पादन की क्षमता वाला स्टेशन बन गया है। एनटीपीसी रिहंद ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में जनवरी 2024 तक 19696.92 एमयू उत्पादन 89.40 त्न पीएलएफ़ पर किया है। पंकज मेदीरत्ता नें बताया कि रिहंद उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक उत्पादन क्षमता वाला विद्युत संयंत्र है, जहां कोयला द्वारा बिजली का कुल 3000 मेगावाट विद्युत का उत्पादन किया जा रहा है। पंकज मेदीरत्ता ने बताया कि रिहंद विद्युत उत्पादन के साथ-साथ 89.40त्न पीएलएफ़ तथा उपलब्धता के आधार पर भी अपना सर्वश्रेष्ठ स्थान बनाए हुये है। पर्यावरण प्रदूषण को रोकने एवं पर्यावरण को संरक्षित करने के प्रयासों की चर्चा करते हुये परियोजना प्रमुख नें बताया कि रिहंद पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरी तरह समर्पित है और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए रिहंद द्वारा अब तक मियावाकी पद्धति से 18500 से अधिक पौधरोपण किया जा चुका है, जिससे संयंत्र क्षेत्र तथा आस-पास में हरियाली व्याप्त है। साथ ही एनटीपीसी रिहंद में 20 मेगा वाट सोलर संयंत्र की स्थापना का कार्य भी प्रगति पर है। देश में सयंत्रों से बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम के लिए एनटीपीसी रिहंद नें एक अभिनव पहल करते हुये संयंत्र से उत्सर्जित सल्फर डाइऑक्साइड को वायुमंडल में न जाने देने के लिए एफ़जीडी की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। साथ ही परियोजना प्रमुख पंकज मेदीरत्ता नें रिहंद की गतिविधियों, संयंत्र की उपलब्धियों एवं सीएसआर तथा सामाजिक गतिविधियों के बारें में विस्तार से जानकारी दी। परियोजना प्रमुख नें कहा कि एनटीपीसी रिहंद विभिन्न श्रोतों एवं माध्यमों से राख़ उपयोगिता की ओर अग्रसर है एवं वर्तमान में 76त्न से अधिक राख़ उपयोगिता का लक्ष्य हासिल कर लिया है। एवं आगामी वर्षों में भारत सरकार के नियमों के अनुसार इसे शत प्रतिशत करना भी सुनिश्चित कर लिया जाएगा। तत्पश्चात परियोजना प्रमुख ने सीएसआर गतिविधियों की भी विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि रिहंद के ग्रामीणों एवं विस्थापितों के जनकल्याण के लिए समर्पित है। रिहंद ग्रामीणों एवं विस्थापितों को बुनियादी सुविधाएं स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क, सामुदायिक भवन के लिए संकल्पित है, जिससे ग्रामीणों एवं विस्थापितों को इसका लाभ मिल सके। उन्होने यह भी कहा कि एनटीपीसी रिहंद द्वारा सेवाकुंज आश्रम, चपकी में अध्ययनरत जनजातीय छात्रों को तीरंदाजी का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, जिसमें से कुछ बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं।

# सपा ने युवा संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का किया गठन

**लोकसभा चुनाव की तैयारी**

- विपिन श्रीवास्तव को समाजवादी युवजन सभा में बनाया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए समाजवादी पार्टी ने अपने युवा संगठनों में पदाधिकारियों की नियुक्ति प्रारंभ कर दी है। गुरुवार को समाजवादी युवजन सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। समजवादी पार्टी कार्यालय लखनऊ से कार्यलय प्रभारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि युवा नेता विपिन श्रीवास्तव को समाजवादी पार्टी युवजन सभा मे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया.. जिससे जनपद के सभी कार्यकर्ताओं में हर्ष एवं उल्लास का माहौल व्याप्त है। जनपद सोनभद्र के पार्टी के कार्यकर्ताओं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फ़हद जी को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया। समजवादी पार्टी कार्यालय लखनऊ से कार्यलय प्रभारी द्वारा पर जानकारी देते हुए कहा गया है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फ़हद संस्तुति से समाजवादी युवजन सभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में निम्नलिखित प्रमुख महासचिव, उपाध्यक्ष, सचिव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किए जाते हैं।

विपिन श्रीवास्तव को बड़ी जिम्मेरी दी गई है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फ़हद ने विपिन श्रीवास्तव को समाजवादी युवजन सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है। नयी ज़िम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष देखने को मिला।

# तीसरी आंख से हो रही निगरानी का डीएम ने लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता

- डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण
- स्टेटिक मजिस्ट्रेट और अधिकारियों को किया निर्देशित

**बांदा।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी अंकुर अग्रवाल ने उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा को जनपद में सकुशल ढंग से आयोजित कराये जाने के लिए जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने आर्यकन्या इण्टर कालेज का निरीक्षण करते हुए परीक्षा केन्द्र के कन्ट्रोल रूम से संचालित हो रही परीक्षा का सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा बताया गया कि प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दो सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं तथा 20 कक्षों में परीक्षा करायी जा रही है। डीएम ने परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा उनके बायोमैट्रिक उपस्थिति की जानकारी लेते हुए सतर्कता रखने के निर्देश दिये। उन्होंने इसके उपरान्त सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इण्टर कालेज केनपथ क्योटरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्र में आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए परीक्षा को सकुशल संपन्न कराये जाने के सम्बन्ध में निगरानी रखने के निर्देश स्टेटिक मजिस्टेऊट एवं संबंधित अधिकारियों को दिये। डीएम ने पुलिस भर्ती परीक्षा के आदर्श बजरंग इण्टर कालेज परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र में परीक्षा को पूरी सुचिता के साथ सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संचालित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा केन्द्र में सम्पन्न हो रही परीक्षा को चेक किया।

# चेयरमैन ने सीसी सड़क का किया शिलान्यास कहा नगर का विकास मेरी प्रथम प्राथमिकता

अवधनामा संवाददाता



- सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के मूल मंत्र पर चलते हुए हो रहा विकास

**चोपन/सोनभद्र।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 प्रितनगर में शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने सीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास पूजा अर्चना करते हुए किया। सीसी सड़क निर्माण के शिलान्यास का कार्य शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि नगर में विकास कार्य अपनी प्रगति पर है तथा नगर पंचायत नगर के विकास कार्यो को करने के लिए सदैव तत्पर रहेगी। सरकार के द्वारा चलाई जा रही विकास परक योजनाओं का लाभ सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के मूल मंत्र पर चलते हुए बगैर किसी भेदभाव के सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। अधिशाषी अधिकारी देवहूति पाण्डेय ने कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप सभी कार्य कराए जा रहे हैं नगर पंचायत चोपन विकास के परिदृश्य पर एक नया आयाम स्थापित करेगा आगे नगर में और भी कई विकास कार्यों का शिलान्यास करना है जो जल्द ही कराया जायेगा। बता दे कि यह कार्य नगर विकास योजना के तहत नगर पंचायत के वार्ड नंबर 8 प्रीतनगर में एएमआरएफ सेंटर के पास तक बनना प्रस्तावित है। इस मौके पर सभासद रामपरिखा विश्वकर्मा, दिव्यविकास सिंह, गणेश गौड़, अमित सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी, राजेंद्र अग्रहरी, अनीश अहमद, लिपिक अंकित पांडेय, मंसूर आलम, हर्ष जैन, बंटी सिंह, जितेंद्र पासवान, निशांत सिंघल, संजय शर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# चन्द्रयान-3 मॉडल का जिलाधिकारी ने गया अनावरण

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह द्वारा आज सोनभद्र के पुलिस लाईन चुर्क मोड़ तिराहे पर हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज रेणुकूट द्वारा स्थापित किया गया चन्द्रयान-3 ''देश का मेटल'' मॉडल का अनावरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि सी.एस.आर. मद से निर्मित चन्द्रयान-3 मॉडल तैयार होने से सर्किट हाउस सोनभद्र में आने वाले वी.आई.पी. के लिए आकर्षण का केन्द्र बनने के साथ ही इस जनपद का भी एक अलग पहचान बनेगा। चन्द्रयान-3 जो हमारे देश के गौरव का प्रतीक भी है, जो जनपद के छात्र-छात्रों को जानकारी के लिए एक विशेष पहचान को विकसित करेगा, इसके साथ ही इंकोप्वांट के सुन्दर दृश्य को देखने हेतु आने वाले पर्यटकों के लिए चन्द्रयान-3 का यह मॉडल आकर्षण का केन्द्र भी बनेगा। इस मौके पर सी.ओ.ओ. हिण्डाल्को रेणुकूट एन. नागेश, एच.आर. हेड हिण्डाल्को रेणुकूट जसवीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, पी.आर.ओ. हिण्डाल्को यशवन्त कुमार, जन सम्पर्क अधिकारी हिण्डाल्को, प्रशांत श्रीवास्तव जन सम्पर्क विभाग हिण्डाल्को अधिशासी अधिकारी राबर्ट्सगंज विजय कुमार यादव सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## जनप्रतिनिधियों की वादा खिलाफी से ग्रामीणों में आक्रोश

**बांदा।** जनप्रतिनिधियों की वादा खिलाफी का जवाब देने के लिए जनता अक्सर चुनावी माहौल में खुलकर सामने आती है। जसपुरा ब्लाक के तिरहार क्षेत्र में यमुना नदी में पक्के पुल निर्माण के लिए जिस तरह से जनप्रतिनिधियों ने वादाखिलाफी की है, इससे इलाकाई लोगों में आक्रोश व्याप्त है। बैठकों का आयोजन करते हुए अब लोकसभा चुनाव में बहिष्कार की चेतावनी तक दी जा रही है। शनिवार को ग्राम पंचायत गौरी खुर्द में मां किशोरी प्रांगण में पुल निर्माण आंदोलन संघर्ष समिति की बैठक ग्रामवासियों के साथ आयोजित हुई। बैठक में सभी ग्राम वासियों ने पुल नहीं तो वोट नहीं, की आवाज बुलंद की। गांव के बुजुर्ग शिरोमन सिंह ने बताया कि पिछले साल भी क्षेत्रीय लोगों के साथ गांव-गांव बैठकों के बाद लखनऊ जाकर क्षेत्रीय विधायक व राज्यमंत्री रामकेश निषाद, लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद को मांगपत्र सौंपा था।

# छात्र-छात्राओं को सफल रोजगार के बारे में दी गई जानकारी

अवधनामा संवाददाता

- विश्वविद्यालय में उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बांदा।** कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में प्रदेश की अर्थव्यवस्था के आकार को एक ट्रिलियन डालर तक बढ़ाने के उद्देश्य से देश तथा विदेशों से पूंजी निवेश आकर्षित करने के संबंध में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. वीके सहगल, सांख्यिकी विभाग, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी एवं विशिष्ट अथिति के रूप में डा. दीपाली गुप्ता, प्राचार्य, महिला डिग्री कालेज बांदा थी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. एसके सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित परियोजनाओं के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया जो कि विश्वविद्यालय में उपस्थित सभी पाठ्यक्रमों के छात्रध्छात्राओं को सफल रोजगार के योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वयन करने के तरीके एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। डा. दीपाली गुप्ता ने सभी छात्रध्छात्राओं को कहा कि आप सभी सरकारी नौकरी पर निर्भर न रहकर आप अपना उद्यम शुरू कर सकते हैं जिसमें उप्र सरकार द्वारा धन प्राप्त उद्यम को और विकसित कर सकते हैं जिससे आप दूसरों को अपने उद्यम में नौकरी देने योग्य बने। मुख्य वक्ता प्रो. वीके सहगल, सांख्यिकी विभाग, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी ने उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित उद्यम से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं के बारे में जानकारी दी, जैसे भारत का सांस्कृतिक केन्द्र-उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पर्यटको का राज्य है, लाजिस्टिक की क्षमता में वृद्धि के लिए इन्फ्रास्ट्रक्रर कनेक्टविटी पर फोकस, विजनिस एकोसिस्टम सुशासन, डिजिटल गवर्नेस के माध्यम से निवेशको के लिए सुविधा, जनसांख्यिकी लाभांश प्राप्त करने के लिए जीवंत परिस्थितिकी तंत्र, डेस्टिनेशन उत्तर प्रदेश, औद्योगिक विकास के लिए उपलब्ध लैंड बैंक एवं जीबीस 4.0 की हाइलाइट्स के बारे में जानकारी दी।

# अवैध खनन के खेल में बढ़ रही अफसरों और सत्ताधारियों की रार

- ट्रक एसोसिएशन ने तिंदवारी थाने का घेराव कर किया प्रदर्शन
- एसडीएम की कार्रवाई का भाजपा नेता ने किया जमकर विरोध
- खनिज अधिकारी और एसडीएम सदर पर अवैध वसूली और ट्रक चालक से मारपीट का आरोप

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** अवैध खनन और ओवरलोडिंग को लेकर अफसरों और सत्ताधारियों की मिलीभगत ही उनके बीच बढ़ रही रार का कारण बन गई है। सत्ताधारी दल के एक नेता ने उप जिलाधिकारी, खनिज अधिकारी और अन्य अफसरों पर न सिर्फ अवैध वसूली करने बल्कि ट्रक चालकों के साथ मारपीट करने का आरोप भी लगाया है। भाजपा नेता के नेतृत्व में ट्रक एसोसिएशन ने तिंदवारी थाने का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया, साथ ही दोषी अधिकारियों के खिलाफफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। कलेक्ट्रेट में भी नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और एडीएम को ज्ञापन सौंपा है। जहां एक ओर सीमावर्ती मध्यप्रदेश समेत समूचे जिले में खुलेआम चल रहे अवैध खनन से बालू माफिया और अफसरशाही मोटी रकम कमा कर अपनी जेबें भर रहे हैं। वहीं जिले के ट्रांसपोर्टर्स खुद को उत्पीड़न का शिकार बता रहे हैं। ट्रांसपोर्टर्स का कहना है कि अधिकारी जहां रास्ते में रोक कर ट्रक चालक और मालिक से अवैध वसूली की बात करते हैं, वहीं अवैध वसूली की डील न होने पर अवैध खनन व ओवरलोडिंग का आरोप लगाकर कार्रवाई कर देते हैं। ऐसे में ट्रक मालिक बर्बादी की कगार पर पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को ऐसा ही एक मामला तिंदवारी थाने के कुरसेजा चैकी के पास सामने आया। जिसमें एसडीएम सदर और खनिज अधिकारी पर ओवरलोड ट्रक के चालक के साथ मारपीट व गाली गलौज करने का आरोप लगाया गया है। घटना से आक्रोशित होकर जहां भाजपा नेता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह की अगुवाई में बुंदेलखंड ट्रक एसोसिएशन ने एसडीएम व खनिज अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भाजपा नेता की अगुवाई में करीब एक सैकड़ा लोग तिंदवारी थाने पहुंच गए और संबंधित अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज करने का दबाव बनाया। थाना प्रभारी ने मामले की जांच की बात करके उन्हें टरका दिया तो बुंदेलखंड ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष जयराम सिंह की अगुवाई में भाजपाइयों व ट्रक मालिकों ने कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष जयराम सिंह का कहना है कि बालू के खेल में जहां बालू कारोबारी और अधिकारी रकम काट रहे हैं, वहीं ट्रक चालकों और मालिकों को उत्पीड़न का शिकार बनाया जा रहा है। जबकि हकीकत यह है कि बालू खदानों में हो रहे अवैध खनन और परिवहन पर कोई कार्रवाई नहीं होती और न ही अफसरों की ही कोई जिम्मेदारी तय होती है। बताया कि बालू भरे ट्रकों को रोक कर पहले उनसे अवैध वसूली की डीलिंग की जाती है और डील फाइनल न होने पर उनके खिलाफ कार्रवाई कर दी जाती है। भाजपा नेता और बुंदेलखंड ट्रक एसोसिएशन ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के बाद अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा और संबंधित अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्रा, शिवशरण सिंह पप्पू, समेत भाजपा के कई नेता और ट्रक मालिक मौजूद रहे। एसडीएम सदर रजत वर्मा का कहना है कि भाजपा नेता के ट्रक को रोक कर उन्होंने कानूनी कार्रवाई की है। जबकि मारपीट या गाली गलौज के आरोप सरासर गलत हैं। उनका कहना है कि अवैध खनन ओवरलोडिंग को लेकर कार्रवाई जारी रहेगी, इसमें किसी का दबाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मनरेगा से प्रदेश के हर जिले में 75 मॉडल शॉप बनाने का लक्ष्य

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व निर्देशन मे मनरेगा के तहत गांवों में बन रहीं राशन की दुकानें

**अवधनामा ब्यूरो**

- प्रदेश में अब तक 2072 राशन मॉडल शॉप का निर्माण कार्य प्रारंभ
- अन्नपूर्णा भवन के नाम से जानीं जायेगी, राशन की मॉडल दुकानें



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके निर्देश पर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना के अंतर्गत राशन मॉडल शॉप (अन्नपूर्णा भवन) का निर्माण कार्य जारी है। प्रदेश में अब तक 2,072 कार्य प्रारंभ कराये जा चुके हैं, जबकि इनमें से 39 राशन मॉडल शॉप (अन्नपूर्णा भवन) बनकर तैयार भी हो चुकी हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित दर दुकानों को लेकर बड़ा यह कार्य बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में राशन की 75 दुकानों को मॉडल शॉप (उचित दर दुकान एवं जन सुविधा केंद्र) के रूप में तब्दील किये जाने का कार्य प्रगति पर है। आजादी के अमृत काल में प्रत्येक जनपद में 75 उचित दर दुकानों को चिन्हित कर उसमें व्यापक परिवर्तन लाते हुए उन्हें राशन मॉडल शॉप (अन्नपूर्णा भवन) विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत सरकारी जमीन पर इन मॉडल शॉप का निर्माण कार्य जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह भवन मनरेगा योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे हैं। इस भवन को पूर्ति विभाग के मानकों के आधार पर तैयार किया जा रहा है। इसमें एक हॉल, एक प्रतीक्षालय के साथ साथ जनसेवा केंद्र संचालन की व्यवस्था की जा रही है। उचित दर विक्रेताओं की दुकानें कहीं-कहीं संकरी गलियों में होने के कारण खाद्यान्न वाहन और आम जनमानस को दुकान तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ता था। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के इस दूरगामी सोच से ग्राम सभाओं में अब मॉडल शॉप (अन्नपूर्णा भवन) के विकसित होने से खाद्यान्न वाहन और आम जनमानस की पहुंच आसान होने जा रही है। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार उचित दर दुकानों की व्यवहार्यता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा उचित दर दुकानों के माध्यम से विद्युत देयकों का भुगतान, सी.एस.सी सेवाएं, पी.एम वाणी के अंतर्गत ब्रॉडबैंड सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ आम जनमानस की रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुओं की बिक्री की भी अनुमति प्रदान की गई है। बरेली जनपद द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के अनुसार मॉडल शॉप के रूप में एक दुकान के निर्माण में रू 8.46 लाख (रू 8,46,245.99) रुपये की अनुमानित आर्थिक लागत का आंकलन उपलब्ध कराया गया। इसमें प्रयुक्त सामग्री की अनुमानित लागत रू 6.97 लाख (रू 6,97, 220.71) सामग्री मद पर खर्च होंगे। श्रमिकों पर आने वाली अनुमानित लागत 1.49 लाख (रू 1,49, 025.25) की धनराशि सम्मिलित है। निर्मित उचित दर दुकान का कुल क्षेत्रफल 484 वर्ग फीट होगा। दुकान के समक्ष 24फीट 4फीट चौड़ा बरामदा व प्रतीक्षा शेड की व्यवस्था की गई है। एक भाग में उचित दर की दुकान होगी। इसमें खाद्यान्न संग्रहण की भी व्यवस्था है।

# पुलिस-एसटीएफ ने दबोचे दर्जनों सॉल्वर गैंग

## सिपाही भर्ती परीक्षा पहला दिनः बरामद हुए लाखों रुपये और नकल सामग्री

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस-2023 की सीधी भर्ती की दो दिवसीय आफलाइन लिखित परीक्षा के पहले दिन शनिवार को दोनों पालियों में 2378 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा संपन्न हुई। इस दौरान विभिन्न परीक्षा केन्द्रों से यूपी एसटीएफ और पुलिस द्वारा की गई अलग-अलग कार्रवाई में विभिन्न जिलों के परीक्षा केन्द्रों से साल्वर गैंग के 49 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले भी 15 व 16 फरवरी को हुई कार्रवाई में 26 नकल माफियों की गिरफ्तारी हुई थी। इस प्रकार अब तक साल्वर गैंग के 75 सदस्यों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस-2023 की सीधी भर्ती की दो दिवसीय आफलाइन लिखित परीक्षा के पहले दिन शनिवार को दोनों पालियों में 2378 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा संपन्न हुई। इस दौरान विभिन्न परीक्षा केन्द्रों से यूपी एसटीएफ और पुलिस द्वारा की गई अलग-अलग कार्रवाई में विभिन्न जिलों के परीक्षा केन्द्रों से साल्वर गैंग के 49 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले भी 15 व 16 फरवरी को हुई कार्रवाई में 26 नकल माफियों की गिरफ्तारी हुई थी। इस प्रकार अब तक साल्वर गैंग के 75 सदस्यों की गिरफ्तारी हो चुकी है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते

# 160 युवाओं को मिला रोजगार के अवसर

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में डी.डी.यू.जी.के.वाई. योजनान्तर्गत, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मोहनलालगंज, ब्लाक-मोहनलालगंज लखनऊ, में वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ ओम प्रकाश शुक्ला, ब्लाक प्रमुख मोहनलालगंज, लखनऊ द्वारा किया गया। मेले में 11 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 530 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। रोजगार मेले में 160 अभ्यर्थियों को रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ। ब्लाक प्रमुख ने मेले में चयनित 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

# सालाना तकरीरी व नातिया मुकाबला का आयोजन

- मुकाबले में सफल छात्रों को अंक व प्रमाण पत्र वितरित किया गया

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** जामिया बहरुल उलूम मदरसा आलिया कदीमा फिरंगी महल में सालाना तकरीरी व नातिया मुकाबला का आयोजन किया गया। तकरीरी व नातिया मुकाबले में 65 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें सफल होने वाले छात्रों को अंक व प्रमाण पत्र वितरित किया गया। अल्लामा अतीक मियां फिरंगी महली एजूकेशनल फाउण्डेशन की ओर से मौलाना अफ्फान अतीक फिरंगी महली ने उत्कृष्ट अंकों के साथ सफल होने वाले छात्रों के साथ सभी छात्रों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर पहले नम्बर पर मुस्कान ने महफिल-मीलाद की अहमियत, दूसरे पर मेहर फातिमा ने हुकूके वालिदैन और तीसरे नम्बर पर सकीमन फातिमा ने कुरान की अजमत पर तकरीर की। मौलाना अफ्फान अतीक ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कठिन मेहनत कर सफलता हासिल करने वाले छात्र बधाई के पात्र हैं। सफल होने वाले छात्र अल्लाह की सबसे बड़ी नेमत और अमानत इल्म की दौलत से आरास्ता होकर अल्लाह के बंदों की खिदमत और रहनुमाई का काम करें। उन्होंने कहा कि नबी की हदीस है कि आपके तमाम कामों की बुनियाद नीयत पर है। अगर नीयत दुरुस्त हो तो अमल भी मंजूर है और नीयत सही न हो तो अमल बेकार है। उन्होंने कहा कि वास्तविक ज्ञान मनुष्य को खुद को जानने के लिए है और जो क्षमता अल्लाह ने उसे दी चाहे वह सांसारिक हो या धार्मिक केवल अल्लाह को खुश करने और उसके बन्दों की खिदमत का जरिया बने। इस मौके पर उन्होंने मदरसा बोर्ड चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि आगे भी इसी तरह बोर्ड चलता रहा तो मदरसा बोर्ड भी अन्य बोर्डों के बराबर हो जाएगा, जिसकी जरूरत है। इस मौके पर फैजान अतीक फिरंगी महली ने मदरसा बोर्ड परीक्षा में अधिक से अधिक छात्रों के नामांकन की अपील की, ताकि छात्रों का भविष्य उज्ज्वल हो। कार्यक्रम में मदरसे के शिक्षक मौलाना यार मोहम्मद, मौलाना कफील, हाफिज सुलेमान खान, मौलाना सद्दाम, नजीब अहमद सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्व. पदम्मश्री राज बिसारिया का पार्थिव शरीर देख नम हुई आंखें

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतेन्दु नाट्य अकादमी की नींव तैयार करने वाले स्वर्गीय पदम्मश्री राज बिसारिया का पार्थिव शरीर शनिवार सुबह जैसे ही अकादमी प्रांगण पहुंचा तो हर नम आंखों से आंसू बाहर आ गए। अपने प्रिय मागदर्शक और गुरु को आखिरी बार देख रहे रंग प्रशिक्षु और राज बिसारिया के शिष्यों ने बुलंद आवाज में गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परब्रह्मए तस्मै श्री गुरुवे नमः के साथ नमन किया। उसके बाद बैकुण्ठ धाम पर स्वर्गीय राज बिसारिया का अन्तिम संस्कार किया गया। उनके शिष्य आशीष तिवारी ने पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। अन्तिम संस्कार में फिल्मकार मुजफ्फर अली, वरिष्ठ रंगकर्मी ललित सिंह पोखरिया, सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ, अतुल तिवारी, सिद्धार्थ पकरासी, संगम बहुगुणा, विनोद मिश्रा, पुनीत अस्थाना, के.के. अग्रवाल, शैलेन्द्र सागर, नवल शुक्ला, अजय शर्मा, मृदुला भारद्वाज समेत बड़ी संख्या में रंगकर्मी शामिल रहे। शुकवार को बीएनए संस्थापक निदेशक पदम्मश्री राज बिसारिया का निधन हो गया था। अन्तिम दर्शन के लिए उनके पार्थिव शरीर को बीएनए परिसर में रखा गया। अकादमी के प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण की यूनिफार्म पहन कर अपने गुरु के दर्शन किए और पुष्पांजलि दी।

# भाजपा ने आधी सदी से स्थापित गांधी संस्थान पर बुलडोजर चला दिया

**अवधनामा ब्यूरो**

- इस लड़ाई को राजनैतिक और कानूनी रूप से लड़ेंगेः राहुल



**वाराणसी/लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने वाराणसी स्थित सर्व सेवा संघ पर बुलडोजर चलाने को महात्मा गांधी के आदर्श और विनोबा भावे की आस्था पर प्रहार बताया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आचार्य विनोबा भावे ने महात्म गांधी के विचारों और सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार के लिए वाराणसी में सर्व सेवा संघ की स्थापना की थी। लेकिन भारतीय जनता पार्टी सरकार ने दुर्भावनापूर्ण तरीके से आधी सदी से अधिक वक्त से स्थापित गांधी संस्थान पर बुलडोजर चला दिया। श्री रमेश वाराणसी स्थित करौना में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दैनिक पड़ाव पर पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। श्री रमेश ने कहा कि महात्मा गांधीरू-विनोबा भावे के विचारों की विरासत कहे जाने वाले वाराणसी के राजघाट स्थित सर्व सेवा संघ भवन पर भाजपा सरकार के बुलडोजर ने असल में सिर्फ एक इमारत ही नहीं गिराई बल्कि गांधी के सत्य और अहिंसा के विचारों पर हमला किया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार सुबह अपनी यात्रा के पैंतीसवें दिन सर्व सेवा संघ के ट्रस्टीज से मिल कर उन्हें आश्वासन दिया है कि उनकी इस लड़ाई को राजनैतिक और कानूनी रूप से लड़ेंगे। वार्ता के दौरान कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि यात्रा 21 फरवरी तक अमेठी, रायबरेली, लखनऊ होते हुए कानपुर पहुंचेगी। इसके बाद दो दिन विराम लेकर यात्रा पुनः 24 फरवरी से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शुरू होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि रायबरेली से गांधी परिवार का रिश्ता अटूट है और यह रिश्ता आगे भी बना रहेगा। काशी विश्वनाथ मंदिर में राहुल गांधी के दर्शन की फोटो के सवाल के जवाब श्री राय ने कहा कि भाजपा के किसी भी नेता को कैमरा अंदर ले जाने की अनुमति देने वाले प्रशासन ने राहुल गांधी के दर्शन पर कैमरा ले जाने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार राजनैतिक पूर्वाग्रह की शिकार हो गयी है और राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की लोकप्रियता से घबरा गयी है। पल्लवी पटेल ने पहुंच दिया यात्रा को समर्थन अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष और विधायक पल्लवी पटेल ने कहा कि वे आज राहुल गांधी की इस पुनीत यात्रा को अपनी पार्टी का समर्थन और संकल्प देने आई हैं। उन्होंने कहा कि दलितों, पिछड़ों और वंचितों के हक के लिए जिस तरह राहुल गांधी संघर्ष कर रहे हैं।

# मैथ्स ओलम्पियाड में आरव को ऑल इण्डिया द्वितीय रैंक

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन के कक्षा-7 के छात्र आरव कुमार सिंह ने इण्टरनेशनल एबेकस, वेदिक एवं मेंटल मैथ्स ओलम्पियाड में अखिल भारतीय द्वितीय रैंक अर्जित कर लखनऊ का गौरव सारे देश में बढ़ाया है। यह ओलम्पियाड शैक्षणिक संस्था माइंड पॉवर एजूकेशन के तत्वावधान में आयोजित हुआ। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि यह ओलम्पियाड तीन चरणों में आयोजित हुआ, जिसमें देश-विदेश के 5000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। ओलम्पियाड में सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अत्यन्त त्वरित गति से गणित के कठिन सवालों के जवाब निकालकर अपने मेधात्व का परचम लहराया एवं साबित कर दिया है कि निकट भविष्य में यह मेधावी छात्र अपने ज्ञान व बौद्धिक प्रतिभा के दम पर देश का नाम रोशन करने को तत्पर है। ओलम्पियाड के आयोजकों ने आरव की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# भागवत महापुराण में परमात्मा को सत्यं परं धीमहि के नाम से निरुपण किया गया



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** श्री श्री मां आनन्द आश्रम, विकास नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस में प्रवचन करते हुए पूज्य ब्रह्मचारी कौशिक चैतन्य जी, आचार्य, चिन्मय मिशन लखनऊ ने कहा कि भागवत महापुराण के प्रथम स्कंध के प्रथम अध्याय के प्रथम श्लोक में परमात्मा का वर्णन किया गया उनका कोई नाम नहीं है अपितु उन्हें ÷सत्यं परं धीमहि÷ के नाम से निरुपण किया है। जो भक्त उनका श्रद्धापूर्वक श्रवण मनन करते हैं , भगवान तत्क्षण उनके हृदय कमल में बंदी बन जाते हैं। महामुनि शुकदेव द्वारा गया भागवत ऐसा रसमयी फल है जैसे तोते की चोंच मारा हुआ फल अत्यंत मीठा होता है, भागवत् रुपी इस फल में न छिलका है न गुठली है, केवल रस ही रस है जिसे रसिक बार बार पीते रहते हैं। नैमीषारण्य की पावन ज्ञान साधना भूमि में एक बार शौनकादि हजारों ऋषियों ने परमात्म प्राप्ति की इच्छा से विशाल दीर्घकालिक यज्ञ किया, जिसमें उन्होंने सूतजी महाराज से प्रश्न किया की अनेकों शास्त्र हैं,जीवन अल्प है, मनुष्य को अपने कल्याण के लिए क्या साधन करना चाहिए जो सहज सरल हो? भगवान अवतार क्यूं लेते हैं, अवतार कितने हैं, मनुष्य जीवन का परम लक्ष्य क्या है? देवर्षि नारद आदि साधकों महात्माओं ने उनके उदार कर्मों का गुणगान किया है, उसे कहिये, भगवान के गोलोक धाम पधारने के पश्चात् धर्म ने किसकी शरण ली है? सूतजी ने बताया कि भागवत पाठ करना चाहिए जो हमारे अंतःकरण को निर्मल बना और समस्त विकारों का नाश कर दे। भगवान के चौबीस अवतार एवं हर अवतार का प्रयोजन,जो विश्व का कल्याण व भक्तों को आनन्द देना ही है।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** रोटरी क्लब ऑफ़ लखनऊ एवं श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट चिकित्सालय, चारबाग के तत्वाधान में निशुल्क परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें मरीजों का नेत्र ,दांत, बीपी व शुगर का निशुल्क परीक्षण किया गया. कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ की अध्यक्ष संगीता मित्तल ने श्री हरभज राम धर्मार्थ चिकित्सालय द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए इसका श्रेय चिकित्सालय के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री/विधायक विद्यासागर गुप्ता को देते हुए कहा कि महंगी चिकित्सा के इस दौर में निशुल्क इलाज उपलब्ध कराना बहुत बड़ा नेक कार्य है। क्लब की सचिव अंजना अग्रवाल ने उपस्थित रोटरी क्लब के समस्त सदस्यों का आवाहन करते हुए कहा कि वह श्री हरभजराम चिकित्सालय की चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम संयोजक रमेश अग्रवाल ने क्लब के वरिष्ठ सदस्य व भूतपूर्व अध्यक्ष विद्यासागर गुप्ता तथा अन्य वरिष्ठ सदस्यों को माला पहनकर सम्मानित किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# ईश्वर सदैव युवा प्रशिक्षु उपचारिकाओं को आर्शिवाद देते रहेगें: स्वामी

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** विवेकानन्द कॉलेज व स्कूल ऑफ नर्सिंग, लखनऊ के बी. एस. सी. (नर्सिंग) के 19वें सत्र व जी.एन.एम. के 33वें सत्र के प्रथम वर्ष की छात्राओं का दीप प्रज्जवलन समारोह विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के केन्द्रीय हॉल में भारी संख्या में उपस्थित शहर के कुछ मेहमानों, छात्राओं व कुछ नर्सिंग संस्थाओं की प्रधानाचार्यो की मौजूदगी में मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. आलोक कुमार, सचिव एवं रजिस्ट्रार, उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ मुख्य अतिथि थे। स्वागतीय उद्बोधन में संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानन्दजी महाराज ने समारोह की महत्ता पर प्रकाश उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज 50 बी. एस. सी. (नर्सिंग) व 60 जी. एन. एम. प्रथम वर्ष की छात्राएं त्याग और सेवा के लिए शपथ ले रही हैं उससे न केवल उनका ही जीवन चमकेगा बल्कि वे बहुतों के अंधेरे जीवन में आभा व आराम लाएगी। उन्हांने कहा कि ईश्वर सदैव अपनी पंसदीदा इन युवा प्रशिक्षु उपचारिकाओं को आर्शिवाद देते रहेगें जिससे वह सफलता, सम्मान एवं खुशीया मिलती रहेगीं जो इस नर्सिंग सेवा से जुड़ने पर मिलती है। उन्होंने कहा कि नर्सो को अपनी व्यावसायिक आवश्यकता को पूरा करने के अवसर के साथ ही साथ संकटग्रस्त रोगियां की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त होता है, जो उनके लिए भगवान का आशीर्वाद बन जाता है।

# पूरे देश के शिया सुन्नी हिंदू सब धर्म के नौजवान लगातार हुसैनी टाइगर से जुड़ रहेः नक़ी हुसैन

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** भारत के सबसे बड़े शिया संगठन हुसैनी टाइगर्स के कार्यकर्ता समागम कार्यक्रम का आयोजन आज लखनऊ के चौक स्थित इमामबाड़ा गुफरान माफ में किया गया। संगठन के अध्यक्ष नकी हुसैन द्वारा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया गया। हुसैनी टाइगर संगठन की लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ती जा रही है और पूरे देश के शिया सुन्नी हिंदू सब धर्म के नौजवान लगातार हुसैनी टाइगर से जुड़ रहे हैं।

इस संगठन की चर्चा इस वक्त पूरे विश्व में की जा रही है संगठन के महामंत्री शहजाद आब्दी ने कहा कि हुसैनी टाइगर्स का मकसद जहां अजादारी की रक्षा करना है इसके साथ ही देश में क़ौमी एकता को बरक़रार रखना है और हर धर्म के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिला कर चलना है। इस समागम कार्यक्रम में हुसैनी टाइगर्स ने अपनी लीगल सेल से भी कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। इसके साथ ही लीगल सेल के जरी ज़ैदी,आमिर नकवी और कामरान फारूकी को पदभार ग्रहण कराने के साथ-साथ अपनी टीम के साथ सम्मानित भी किया। हुसैनी टाइगर्स के इस समागम कार्यक्रम में शिया वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी को भी संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर हुसैनी टाइगर्स के संस्थापक एवं संरक्षक शमील शम्सी ने सभी कार्यकर्ताओं का समागम में इतनी बड़ी संख्या में सम्मिलित होने पर आभार व्यक्त किया।

# उपभोक्ताओं को अब कोटेदारों से राशन लेना नहीं रहा आसान, कोटेदार भी परेशान

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** सरकार द्वारा राशन वितरण में पारदर्शिता लाने के प्रयास में कोटेदारो और उपभोक्ताओं को चक्कर में डाल दिया है।सरकार द्वारा आए दिन नए नए नियम कानून लगा कर पारदर्शिता लाने का प्रयास किया जा रहा। जिसका असर वितरण प्रणाली पर पड़ रही है। सरकार द्वारा नई नई ऑन लाइन मशीने कोटेदारों को देकर कोटेदारों और उपभोक्ताओं को परेशानी में डाल दिया गया है।हाल यह है की दिन भर उपभोक्ता और कोटेदार दुकानों पर जूझा करते हैं।सरकार द्वारा दी गई अंगूठा लगाने वाली ऑन लाइन ईपोज मशीने उपभोक्ताओं और कोटेदारों के लिए सिरदर्द साबित हो रहीं है।नई ईपोज मशीनो के अंगूठा लगाने और राशन तोलने को लेकर भारी दिक्कतें हो रही है।जिसके कारण कोटे के दुकानों पर दिन भर भीड़ लगी रहती है।हालत यह है की जहां सौ कार्ड धारक को दिन भर कोटेदार राशन तौलता था वहीं अब बमुश्किल तीस से बत्तीस कार्डधारक को ही राशन तोला जा रहा है। इस संबंध में ठाकुरगंज स्तिथ एक कोटेदार ने नाम न छापने के शर्त पर बताया की मशीनें तोल मशीनो से कन्नेक्ट करके तीन मिनट में तोलना रहता है। अगर 10 बीस ग्राम कम या अधिक होता है तब भी तोल नही हो पाता है। यही नहीं पहले से अब अधिक सरवर डाउन भी हो रहा है। जिसके कारण शनिवार को दिन भर उपभोक्ता और दुकानदार परेशान होते रहे।कई दुकानदारों ने जानकारी देते हुए बताया की एक तो ईपॉस मशीनों को चलाने की विभाग ने न तो कोई ट्रेनिग दी न किसी को चला कर दिखाया गया।

# विपश्यना कथक नृत्य नाटिका ने दिखाया संस्कारित होने का मार्ग

**लखनऊ।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, हेल्प-यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के सहयोग से कल्चरल क्रेस्ट ने कथक नृत्य पर आधारित विपश्यना नृत्य नाटिका का प्रभावी प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथक नृत्यांगना नाट्य गुरु सुरभि सिंह के कुशल निर्देशन में शनिवार 17 फरवरी को गोमत नगर स्थित संत गाडगेजी महाराज ऑडिटोरियम में किया गया। इस नृत्य नाटिका में महात्मा बुद्ध की शरण में आई नर्तकी वासवदत्ता के हृदय परिवर्तन के प्रसंग को पेश किया गया। पहली बार किसी नृत्य नाटिका के माध्यम से विपश्यना ध्यान विधि जो की दुखों से मुक्ति पाने का सबसे सशक्त माध्यम माना जाता है को प्रभावी रूप से आमजन तक पहुंचाया गया।